रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, रविवार 08 सितम्बर 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-19 मूल्य 3.00 ₹


## क्विक न्यूज़

### आंध्र प्रदेश में बाढ़, लगातार बारिश से 33 लोगों की मौत

**विजयवाड़ा।** आंध्र प्रदेश में पिछले सात दिनों के दौरान जारी भारी बारिश और बाढ़ से 33 लोगों की मौत हो गयी, जबकि दो व्यक्ति अभी भी लोग लापता हैं। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा कि राज्य में बाढ और बारिश से अभी तक 33 लोगों की जान चली गयी है। जिनमें से एनटीआर जिले में 25, गुंटूर जिले में सात और पलनाडु जिले में एक व्यक्ति की मौत हो गयी। इस आपदा में 106 बड़े और 356 छोटे सहित 462 मवेशी मारे गए। इसके अलावा 61,974 पक्षी भी मारे गए हैं। अधिकारी ने विशेष रूप से पशुधन के लिए 131 स्वास्थ्य शिविर स्थापित किए।

### देश में टाइगर रिजर्व की संख्या 57 है : भूपेंद्र यादव



**नयी दिल्ली।** केंद्रीय पर्यावरण, वन एवम जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा है कि वर्तमान में टाइगर रिजर्व की संख्या बढ़कर 57 हो गयी है। राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार शाम को चार दिवसीय फोटोग्राफी प्रदर्शनी 'एटीआर थ्रू द लेंस' के उद्घाटन के अवसर पर मंत्री ने यह बात कही। प्रदर्शनी सात- 10 सितंबर तक आयोजित की गयी है।

### सिक्किम में शहीद जवान को यादव ने दी श्रद्धांजलि



**खजुराहो।** सिक्किम में शहीद हुए मध्यप्रदेश के कटनी जिले के जवान प्रदीप पटेल को आज मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। सिक्किम के पाक्योंग में सेना के वाहन की दुर्घटना में शहीद स्वर्गीय पटेल का पार्थिव शरीर सुबह खजुराहो पहुंचा। खजुराहो में डॉ यादव ने शहीद को नमन किया। यहां से पार्थिव देह को जवान के पैतृक गांव कटनी जिले के विजयराघवगढ़ विधानसभा क्षेत्र के हरदुआ गांव ले जाया जाएगा, जहां उनका पूरे राजकीय सम्मान से अंतिम संस्कार किया जाएगा। इसी बीच भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा भी शहीद के अंतिम संस्कार में शामिल होंगे। शर्मा उमरिया के रास्ते कटनी जिले स्थित हरदुआ गांव पहुंचेंगे और शहीद की अंतिम यात्रा में शामिल होंगे।

# जनता को लूटने की तैयारी, 50 रूपए प्रति बोरी सीमेंट महंगा

## सीमेंट कंपनियों के एकछत्र राज पर बिफरे बृजमोहन

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने सीमेंट की बढ़ी कीमतों पर तीखी नाराजगी व्यक्त की है। बृजमोहन ने मोर्चा खोलते हुए सीमेंट की बढ़ी कीमतों को कम करवाने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ ही भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग के अध्यक्ष को पत्र लिखा है। उन्होंने एकाएक प्रति बोरी 50 रुपए की वृद्धि को वापस लेने की मांग की है। अपने पत्र में बृजमोहन अग्रवाल ने लिखा है कि, छत्तीसगढ़ खनिज, लौह, कोयला, उर्जा संपदा से भरपूर प्रदेश है, इसके बावजूद भी सीमेंट कम्पनियों के संगठनों द्वारा एक कार्टेल बनाकर सीमेंट की कीमतों में 03 सितम्बर 2024 से बेतहाशा वृद्धि कर दी गई है। सीमेंट कम्पनियो का रवैया छत्तीसगढ़ की भोली-भाली जनता को लुटने व एकछत्र राज करने जैसा हो गया है। सरकार को सीमेंट फैक्ट्रियों के खिलाफ सख्त कदम उठाते हुए सीमेंट की बढ़ाई गई कीमत को वापस कराकर आम जनता को राहत दिलाने की जरूरत है। बृजमोहन अग्रवाल का कहना है कि, सीमेंट कम्पनियों को



छत्तीसगढ़ में ही खदाने, कोयला, उर्जा, सस्ती बिजली, सस्ती एवं सुलभ श्रमिक उपलब्ध हो रही है। छत्तीसगढ़ के सारे संसाधनों का इनके द्वारा दोहन किया जा रहा है। सीमेंट कम्पनियों को उत्पादन के लिए कच्चा माल से लेकर उर्जा तक सभी वस्तुऐं छत्तीसगढ़ में कम दरों पर उपलब्ध है। उसके बावजूद सीमेंट के कीमतों में वृद्धि सीधे-सीधे छत्तीसगढ़ की जनता के उपर भार है। छत्तीसगढ़ में सीमेंट का प्रत्येक महीने लगभग 30 लाख टन (6 करोड़ बैग) उत्पादन किया जाता है। जिसकी कीमतों में एकाएक 50 रूपये तक की प्रति बोरी के हिसाब से वृद्धि की गई है। प्रदेश में सभी सीमेंट कम्पनियॉ, 03 सितम्बर 2024 के पहले लगभग 260 रू. प्रति बोरी सीमेंट बेच रही थीं। जिसे अचानक एक दिन में लगभग 310 रूपये कर दिया गया है। वहीं सरकारी एवं जनहित के प्रोजेक्ट के लिए मिलने वाला सीमेंट 210 रूपये प्रति बोरी से बढ़ाकर 260 रूपये प्रति बोरी कर दिया गया है। सीमेंट की कीमतों में एक ही दिन में लगभग 50 रूपये प्रति बोरी की वृद्धि जनता के उपर आर्थिक बोझ है। सीमेंट की कीमतों में में यह वृद्धि से छत्तीसगढ़ में चल रहे इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट, सड़क, भवन, पुल-पुलिया, नहर, स्कूल, कॉलेज, आंगनबाड़ी भवनों सहित गरीबों के लिए निर्मित पी.एम. आवास योजना पर भी असर पड़ेगा। तथा सभी शासकीय प्रोजेक्ट की लागत बढ़ जायेगी। जो राज्य हित और देश हित दोनों के लिए उचित नहीं है। आपको बता दे की इसके पहले रेत में हुई बेहतासा वृद्धि से आम जनता पहले ही परेशान है। अब सीमेंट की बढ़ी कीमतों से जनता को अपना छत मिलना दूभर हो जाएगा।

## धरती पर सुरक्षित उतरा अंतरिक्ष यान स्टारलाइनर

वार्ता ‹ न्यूयॉर्क
www.dailypioneer.com



बोइंग का स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से लगभग छह घंटे की यात्रा के बाद शनिवार तड़के अमेरिका के न्यू मैक्सिको प्रांत में उतरा। इस अंतरिक्ष यान में कोई यात्री सवार नहीं था, क्योंकि दो अंतरिक्ष यात्रियों को तकनीकी खराबी के कारण अगले साल तक अंतरिक्ष में रहने के लिए मजबूर होना पड़ा है। बिना चालक दल का अंतरिक्ष यान शुक्रवार को पूर्वी समय के अनुसार लगभग 6:04 बजे पर स्वचालित रूप से आईएसएस से अलग हो गया और पूर्वी समय के अनुसार शनिवार को लगभग 12:01 बजे न्यू मैक्सिको के व्हाइट सैंड्स स्पेस हार्बर में उतरा। गौरतलब है कि पांच जून को फ्लोरिडा के केप कैनावेरल स्पेस फोर्स स्टेशन से प्रक्षेपित स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान में नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) के अंतरिक्ष यात्री बुच विल्मोर और सुनीता विलियम्स सवार थीं। स्टारलाइनर के परिक्रमा प्रयोगशाला के पास पहुँचने के दौरान नासा और बोइंग ने हीलियम लीक की पहचान की और अंतरिक्ष यान के रिएक्शन कंट्रोल थ्रस्टर्स के साथ समस्याओं का सामना किया।

## नीतीश कुमार ने गया में किया विष्णु पथ पाथवे का उद्घाटन

एजेंसी ‹ गया
www.dailypioneer.com



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज गया में विष्णु पथ पाथवे का उद्घाटन किया। कुमार गया के विष्णुपद मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने मंदिर के गर्भगृह में पूजा अर्चना की। इस दौरान उन्होंने देवघाट का भी जायजा लिया। इसके बाद उन्होंने देवघर से लेकर बाईपास पुल तक बने नवनिर्मित विष्णु पथ पाथवे का उद्घाटन किया। इसके बाद वह समाहरणालय पहुंचे, जहां उन्होंने समीक्षा बैठक की। इस दौरान मुख्यमत्री ने जिले में चल रही योजनाओं के बारे में जानकारी ली। साथ ही आगामी 17 सितंबर से शुरू होने वाले विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला की तैयारी का भी जायजा लिया। अधिकारियों द्वारा पितृपक्ष मेला को लेकर की गई तैयारी के बारे में बताया गया। कुमार ने इस दौरान अधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पितृपक्ष मेला में सिर्फ देश ही नहीं विदेश से भी लोग आते हैं। ऐसे में तीर्थ यात्रियों को कहीं कोई परेशानी ना हो, इसका खास ख्याल रखा जाए। उन्होंने तीर्थ यात्रियों के आवासन, बिजली, पार्किंग, सुरक्षा, स्वास्थ्य सहित अन्य सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस मौके पर बिहार के जल संसाधन मंत्री विजय चौधरी, सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार, उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद थे।

## मणिपुर के जिरीबाम जिले में हिंसा, पांच की मौत

एजेंसी ‹ इंफाल
www.dailypioneer.com



मणिपुर के जिरीबाम जिले में संदिग्ध कुकी उग्रवादियों के हमले में पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक व्यक्ति अपने घर पर ही मारा गया और ग्रामीणों की रखवाली कर रहा एक अन्य व्यक्ति भी मारा गया। इन दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। गांव के रक्षकों ने एकजुट होकर उग्रवादियों का पीछा किया और उनमें से तीन को गोली मार दी। कुकी आतंकवादी एक सितंबर से लोगों पर हमला करने के लिए लंबी दूरी की मिसाइलों और ड्रोन का इस्तेमाल कर रहे हैं। इसके मद्देनजर सभी शैक्षणिक संस्थान बंद कर दिए गए है। कुकी उग्रवादियों के ताजा हमलो का मैतेई समुदाय की एक महिला समेत पांच लोग और दो युवा लड़कियों समेत 16 लोग शिकार बन चुके है।

## जम्मू-कश्मीर में एक झंडा, एक संविधान और एक प्रधानमंत्री वाला पहला चुनाव : शाह

एजेंसी ‹ जम्मू
www.dailypioneer.com



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी और नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला पर तंज कसते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर में आगामी विधानसभा चुनाव पहला चुनाव होगा जिसमें केवल एक झंडा, एक संविधान और एक प्रधानमंत्री होगा। चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत करने के लिए जम्मू की अपनी दो दिवसीय यात्रा के दूसरे चरण में कार्यकर्ताओं की रैली को संबोधित करते हुए शाह ने कहा, राहुल बाबा और उमर अब्दुल्ला मेरे 05 अगस्त, 2019 के भाषण से अनजान हैं, जिसमें मैंने स्पष्ट किया था कि चुनाव के बाद उचित समय पर जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल किया जायेगा। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा वे (राहुल गांधी, उमर अब्दुल्ला) राज्य का दर्जा कैसे वापस ला सकते हैं। क्या वे स्पष्ट कर सकते हैं? यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार है जो जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा वापस दे सकती है। उन्होंने आगे कहा, अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद, यह जम्मू-कश्मीर में पहला चुनाव होगा जब केवल एक झंडा, एक संविधान और एक प्रधानमंत्री होगा। कन्याकुमारी से कश्मीर तक, केवल एक ही प्रधानमंत्री है और वह नरेन्द्र मोदी हैं। उन्होंने कहा कि नेशनल कॉन्फ्रेंस ने अपने घोषणापत्र में पाकिस्तान के साथ बातचीत की वकालत की है, लेकिन जब तक जम्मू-कश्मीर में स्थायी रूप से शांति बहाल नहीं हो जाती, तब तक पाकिस्तान के साथ कोई बातचीत नहीं होगी। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से अब्दुल्ला, मुफ्ती और गांधी परिवार के साथ-साथ चार अन्य परिवारों के खिलाफ वोट करने को कहा, ताकि आतंकवाद, अलगाववाद और पत्थरबाजी के दौर की फिर से शुरुआत न हो सके। उन्होंने जोर दिया कि नेशनल कांफ्रेंस-कांग्रेस गठबंधन जम्मू-कश्मीर में कभी सरकार नहीं बना सकते। उन्होंने गुज्जर-बकरवाल और दलित आरक्षण पर कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस को चुनौती देते हुए कहा कि कोई भी शक्ति इस आरक्षण को छू नहीं सकती।

## बीएसएफ के डीजी ने सीमा सुरक्षा के मुद्दे पर जम्मू-कश्मीर के डीजीपी के साथ की बैठक

वार्ता ‹ श्रीनगर
www.dailypioneer.com



सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के नवनियुक्त प्रमुख दलजीत सिंह चौधरी और जम्मू-कश्मीर पुलिस के शीर्ष अधिकारियों ने केंद्र शासित प्रदेश में घुसपैठ रोधी उपायों पर चर्चा करने के लिए श्रीनगर में बैठक की। गौरतलब है कि बीएसएफ जम्मू क्षेत्र में 400 किलोमीटर से अधिक सीमा की रक्षा करता है और इस साल जम्मू क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में हुए सिलसिलेवार हमलों में कई सुरक्षाकर्मी मारे गए हैं। ये सभी हमले जम्मू के उन जिलों में हुए है, जो 2020 तक आतंकवाद मुक्त थे। जम्मू-कश्मीर पुलिस के प्रवक्ता ने शनिवार को बताया कि बीएसएफ के महानिदेशक (डीजी) ने प्रदेश के पुलिस महानिदेशक आरआर स्वैन और अन्य शीर्ष पुलिस अधिकारियों के साथ बातचीत की। बातचीत के दौरान जम्मू-कश्मीर पुलिस के विशेष डीजी और डीजीपी नलिन प्रभात भी मौजूद थे। प्रवक्ता ने कहा, बातचीत के दौरान अधिकारियों ने लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए घुसपैठ रोकने के उपायों पर जोर देते हुए सीमाओं और भीतरी इलाकों में मौजूदा सुरक्षा परिदृश्य पर ध्यान केंद्रित किया। अधिकारियों ने सुरक्षा चुनौतियों से निपटने में बीएसएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस के बीच खुफिया जानकारी साझा करने और सहयोग बढ़ाने के महत्वपूर्ण महत्व पर प्रकाश डाला।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रायगढ़ जिले के गढ़उमरिया में शासकीय प्रयास आवासीय विद्यालय का उद्घाटन किया



पायनियर संवाददाता ‹ रायगढ़
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रायगढ़ जिले के गढ़उमरिया में शासकीय प्रयास आवासीय विद्यालय का उद्घाटन किया। यह रायगढ़ जिले का पहला प्रयास आवासीय विद्यालय है। यहां चालू शिक्षा सत्र से 125 बालक-बालिकाओं को उत्कृष्ट शिक्षा के साथ-साथ आईआईटी, एनआईटी, मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश के लिए कोचिंग और विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी भी कराई जाएगी। इस मौके पर कृषि मंत्री एवं रायगढ़ जिले के प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम, वित्त मंत्री ओ पी चौधरी, राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह, लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया, कमिश्नर महादेव कावरे, आईजी संजीव शुक्ला, कलेक्टर कार्तिकेया गोयल, एसपी दिव्यांग पटेल सहित बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मुक्तकंठ से की सराहना

## विकसित भारत के हवन में प्रत्येक व्यक्ति को देनी होगी आहुतिः धनखड़

पायनियर संवाददाता ‹ गोरखपुर
www.dailypioneer.com

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने वर्ष 2047 तक ..विकसित भारत.. की संकल्पना को लेकर जारी अभियान में सबसे योगदान देने की अपील करते हुए कहा कि विकसित भारत के हवन में प्रत्येक व्यक्ति को आहुति देनी चाहिए क्योंकि हम देश के लिए जितना भी कर सकें कम है। धनखड़ शनिवार को गोरखपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में सैनिक स्कूल के लोकार्पण समारोह को संबोधित किया और उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बताते हुए यहां 2017 के बाद आए बदलाव के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मुक्तकंठ से सराहना की। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया में बनी भारत की अलग और सशक्त पहचान में उत्तर प्रदेश की गुणात्मक भागीदारी है। उन्होंने 2047 तक .विकसित भारत. की संकल्पना को लेकर जारी अभियान में सबसे योगदान देने की अपील की। इस मौके पर उपराष्ट्रपति की पत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ भी उपस्थित रहीं। उपराष्ट्रपति ने उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आए परिवर्तन का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्ष 2017 के बाद यूपी में शिक्षा, चिकित्सा, उद्यमिता तथा अन्य क्षेत्रों में गुणात्मक वृद्धि हुई है जबकि 2017 के पहले यह प्रदेश डर की चपेट में था। कानून व्यवस्था ठीक नहीं थी, आम आदमी परेशान रहता था। उन्होंने कई पहलुओं पर योगी आदित्यनाथ की सराहना करते हुए कहा कि सैनिक स्कूल गोरखपुर को मात्र तीन वर्ष में पूरा करवाकर योगी जी ने शानदार और चमत्कारिक कार्य कर दिखाया है वैसे तो योगी जी के चमत्कारिक कार्यों की गूंज हर जगह सुनाई देती



है। तीन वर्ष में सैनिक स्कूल बनकर संचालित होना मुश्किल और अकल्पनीय था लेकिन सीएम योगी ऐसा कर देंगे यह विश्वास भी था। सैनिक स्कूल समेत सभी स्कूलों के विद्यार्थियों और आमजन को प्रेरित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारतीयता हमारी पहचान और राष्ट्र हमारा धर्म है। हमें निजी स्वार्थ से ऊपर राष्ट्र धर्म को रखना होगा। राष्ट्रवाद से समझौता राष्ट्र के साथ धोखा होगा। राष्ट्र पर प्रश्न चिन्ह लगाने वालों को हमें बर्दाश्त नहीं करना है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि आज का भारत दस साल पहले वाला भारत नहीं है बल्कि सशक्त भारत है। पहले देश का सोना स्विट्जरलैंड के बैंक में गिरवी रखा जाता था आज ऐसी स्थिति नहीं है बल्कि देश के स्वर्णकोष पर्याप्त है। उन्होंने कहा कि जिस कश्मीर में कोई दिखता नहीं था, वहां धारा 370 समाप्त होने के बाद दो.तीन वर्ष से दो करोड़ से अधिक पर्यटक आ रहे हैं। संविधान निर्माताओं ने धारा 370 को अस्थायी बनाया था लेकिन कुछ लोग इसे परमानेंट मान बैठे थे। धनखड़ ने विद्यार्थियों की समझाते हुए कहा कि उन्हें असफलता से कभी डरना नहीं चाहिए क्योंकि असफलता, सफलता की शुरुआत का केंद्र है। उन्होंने कहा कि डर का डर मन से निकाल दें और डरेंगे तो आपकी प्रतिभा कुंठित होगी। उन्होंने चंद्रयान 3 की अभूतपूर्व सफ्लता का आधार चंद्रयान 2 की आंशिक सफलता को बताया। शिक्षा की महत्ता का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षा बदलाव का माध्यम है। सामाजिक कुरीतियों पर कुठाराघात शिक्षा के माध्यम से ही किया जा सकता है। धनखड़ ने कहा कि पूर्वांचल उत्तर प्रदेश का महत्वपूर्ण अंग है। इस क्षेत्र के पहले सैनिक स्कूल का ढांचा अद्भुत है। इस शानदार सैनिक स्कूल के रूप में सीएम योगी ने जो करिश्मा किया है वह भविष्य की पीढ़ी निर्माण का रास्ता है। वह आश्वस्त हैं कि यह सैनिक स्कूल योगी जी की विशिष्ट छाप का प्रतिबिंब रहेगा। उपराष्ट्रपति ने कहा कि 1960 में देश के पहले सैनिक स्कूल की स्थापना उत्तर प्रदेश के लखनऊ में तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. संपूर्णानंद ने थी अब यूपी में योगी आदित्यनाथ ने राज्य सोसाइटी के माध्यम से सैनिक स्कूल खोलने की सराहनीय कार्य किया है।

## भारत जोड़ो यात्रा ने हमें हिम्मत दी, हमारा हौसला बुलन्द किया : कांग्रेस

पायनियर संवाददाता ‹ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस ने कन्याकुमारी से कश्मीर के श्रीनगर तक के लिए दो साल पहले आज ही के दिन शुरु हुई भारत छोड़ो यात्रा को पार्टी के इतिहास में महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक लम्हा करार देते हुए कहा है कि इससे पार्टी की हिम्मत बंधी और उसके हौसले बुलंद हुए हैं। कांग्रेस ने कहा ऐतिहासिक लम्हा था जिसने हमें यकीन दिलाया कि सब ठीक हो जाएगा, जिसने हमें हिम्मत दी, हमारा हौसला बना और कहा- डरो मत। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, भारत जोड़ो यात्रा एक ऐतिहासिक जन-आंदोलन है, जो समाज को एकजुट करने का पर्याय बन गया है। राहुल गांधी जी व हमारे भारत जोड़ो यात्रियों ने कन्याकुमारी से कश्मीर तक पैदल जो दूरी तय की, उससे करोड़ों लोगों के दिलों में प्रेमभाव, आपसी सौहार्द और बंधुत्व की अभूतपूर्व जनचेतना जागृत हुई। भारत जोड़ो यात्रा की दूसरी वर्षगाँठ के अवसर पर मैं देशवासियों से केवल इतनी ही अपील करता हूँ कि संविधान और लोकतंत्र को संजोए रखने का संघर्ष जारी रखें। उन्होंने कहा, आर्थिक असमानताओं, महँगाई, बेरोज़गारी, सामाजिक अन्याय, संविधान के विध्वंस, सत्ता के केंद्रीकरण के वास्तविक मुद्दों पर हमारा संघर्ष जारी है। न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के हमारे संवैधानिक मूल्यों को सुरक्षित रखने का संकल्प और मज़बूत होना चाहिए। नफ़रत और विभाजन के एजेंडे को हम कामयाब नहीं होने देंगे। मोहब्बत और इंसानियत की जीत निश्चित है। कांग्रेस पार्टी थमेगी नहीं, रुकेगी नहीं। भारत माता की आवाज़, हमारी आवाज़ है। भारत जोड़ो यात्रा शुरु करने वाले कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने इस यात्रा को याद करते हुए कहा, भारत जोड़ो यात्रा ने मुझे मौन का सौंदर्य सिखाया। जयकार करती भीड़ और नारों के बीच, मुझे शोर में शांत रहने और बगल वाले व्यक्ति पर पूरी तरह से ध्यान केंद्रित करने की शक्ति का एहसास हुआ। उस यात्रा के 145 दिनों में और उसके बाद के दो वर्षों में मैंने विविध पृष्ठभूमि के हजारों भारतीयों को सुना और उनकी हर बात मेरे लिए ज्ञान लेकर आई, मुझे नया सीखने को मिला। यात्रा ने साबित कर दिया कि भारतीय स्वाभाविक रूप से प्यार करने वाले लोग हैं। जब मैंने यह यात्रा शुरु की तो मैंने कहा था कि प्रेम नफरत पर विजय प्राप्त करेगा और आशा भय पर विजय प्राप्त करेगी, आज हमारा मिशन यह सुनिश्चित करना कि भारत माता की आवाज, प्रेम की आवाज देश के हर कोने में सुनाई दे।

# नक्सल प्रभावित जिलों में केन्द्र और राज्य शासन की व्यक्तिमूलक योजनाओं का सभी पात्र लाभार्थियों को मिलेगा फायदा

## नक्सल प्रभावित जिलों में केन्द्र और राज्य शासन की मुख्य सचिव ने नियद नेल्ला नार योजना की प्रगति की समीक्षा की

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने मंत्रालय, महानदी भवन में बस्तर संभाग के कांकेर, दंतेवाड़ा, नारायणपुर, बीजापुर और सुकमा जिले में शासन की महत्वाकांक्षी नियद नेल्ला नार योजना के तहत वहां के निवासियों को मिल रही बुनियादी सुविधाओं की गहन समीक्षा की। जैन ने नक्सल प्रभावित जिले मोहला-मानपुर-चौकी, गरियाबंद और खैरागढ़-छुईखदान-गंडई सहित अन्य नक्सल प्रभावित जिलों में केन्द्र और राज्य सरकार की चयनित योजनाओं के अंतर्गत शत-प्रतिशत पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव जैन ने बैठक में नियद नेल्ला नार योजना के अंतर्गत आने वाले गांवों में लोगों की सभी बुनियादी सुविधाओं और कल्याणकारी योजनाओं के हितग्राहियों का डॉटा रखने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि सुविधा प्रदान करने वाले सभी विभागीय सचिवों के पास कार्ययोजना एवं दी जा रही सुविधाओं की सभी जिलों में प्रत्येक घर की अद्यतन जानकारी होना चाहिए। मुख्य सचिव ने खाद्य विभाग के अधिकारियों को योजना क्षेत्र के गांवों में सभी हितग्राहियों को राशन कार्ड पर चावल, गुड़, चीनी, चना इत्यादि सामग्री अनिवार्य रूप से मिले, इसकी निगरानी के निर्देश दिए। उन्होंने बस्तर संभागायुक्त को नियद नेल्ला नार योजना की सतत निगरानी करने को कहा। मुख्य सचिव ने बैठक में सामूहिक एवं व्यक्तिगत वनाधिकार पट्टा, 500 यूनिट मुफ्त बिजली, किसान सम्मान निधि, कृषि उपकरण, सिंचाई सोलर पंप और किसानों के खेतों में बोरवेल की सुविधा के बारे में कलेक्टरों से जानकारी ली। उन्होंने हाई मास्ट लाइट स्थापना, उज्जवला योजना के तहत मुफ्त गैस कनेक्शन, निःशुल्क सामग्री, पेयजल, नल से जल, जल जीवन मिशन, कौशल विकास प्रशिक्षण, खेल सामग्री, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आवास, बारहमासी सड़कों की सुविधा, पीएम किसान सम्मान निधि तथा आयुष्मान कार्ड सहित मोबाइल कनेक्टिविटी और बैंक एटीएम सुविधा की भी जानकारी ली। उन्होंने योजनांतर्गत आने वाले गांवों में आंगनबाड़ी केन्द्रों, स्वास्थ्य केन्द्रों और स्कूल भवनों की स्थिति और लघु वनोपज की खरीदी सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं की भी विस्तार से समीक्षा की। जैन ने बैठक में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सड़क, पुल-पुलिया और मोबाइल टॉवर के कार्यों की जिलेवार समीक्षा की। उन्होंने एमओआरटी वार्षिक योजना के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की प्रगति की भी जानकारी ली। मुख्य सचिव ने राज्य के सभी नक्सल प्रभावित जिलों में केन्द्र एवं राज्य सरकार की चयनित व्यक्तिमूलक योजनाओं से शत-प्रतिशत हितग्राहियों को लाभान्वित करने के लिए योजनाबद्ध कार्य करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने आत्मसमर्पित नक्सलियों और नक्सल पीड़ितों को विभिन्न योजनाओं में सेचुरेशन करने और स्किल डेवलपमेंट के संबंध में व्यापक कार्ययोजना तैयार कर कार्यवाही करने को कहा। उन्होंने नए सुरक्षा कैंप क्षेत्रों में भी वहां के निवासियों के लिए योजनाओं और मूलभूत सुविधाओं का सेचुरेशन कर लाभार्थियों का सर्वे कर शत-प्रतिशत पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित करने को कहा।









**रायपुर।** श्रीबालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस में विराजमान हुए विघ्नहर्ता श्रीगणेश। इस अवसर पर इंस्टीट्यूट के चेयरमैन डॉ. देवेन्द्र नायक ने सपत्निक पूजा-अर्चना की। मेडिकल कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने भी गजानन की पूजा-अर्चना की।

# घरेलू काम के संग निरूपा साहू उड़ाती है अब ड्रोन, गांव में कहलाती है ड्रोन वाली दीदी

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com



महिलाएं अब घरों के भीतर चूल्हा-चौका के काम तक सीमित नही रह गई है। वे दिन प्रतिदिन नित नए आधुनिक कार्य को सीखकर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होने का सतत प्रयास कर रही है। इन्ही प्रयासों में से एक बलौदाबाजार विकासखंड के ग्राम लाहोद निवासी निरूपा साहू अब गांव में ड्रोन वाली दीदी के नाम से जानी जाती है। निरूपा साहू बताती है की उनका मूल घर ग्राम करदा है। लेकिन हम लोग लाहोद में ही निवासरत है। मेरे पति नकुल प्रसाद साहू लवन जिला सहकारी सोसायटी में ऑपरेटर के रूप में कार्य करते हैं, हमारे दो लड़के हैं। दोनो लड़के अभी कक्षा चौथी और कक्षा दूसरी में पढ़ाई कर रहे है। मैं भी 12 वी तक पढ़ी हुई हूं। बचपन से ही मुझे बाहर जाकर कुछ काम करने का मन था ताकि मैं अपने पति के साथ कंधे से कंधे मिलाकर उनका सहयोगी बन सकूं और घर के खर्चों में अपना योगदान कर पाऊं। मैं बिहान अंतर्गत वैभव लक्ष्मी स्व सहायता समूह से जुड़ी हुई हूं, एक दिन कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा ड्रोन चलाने वाले काम के बारे में बताया गया। मैंने इस कार्य में भविष्य की संभावनाएं को देखते हुए तत्काल हामी भरी।उसके बाद इफ्को कंपनी की सहायता से नमो ड्रोन दीदी की ट्रेनिंग लेने ग्वालियर इंस्टिट्यूट में गई थी। जहां मुझे 15 दिन की ट्रेनिंग दी गई। ट्रेनिग के बाद आरपीसी लाइसेंस मिला है। वापस गांव आकर मैं ड्रोन दीदी के रूप में कार्य कर रही हूं। निरूपा आगे बताती है कि अप्रैल में मुझे यह ड्रोन मिला है और तब से वह ड्रोन के माध्यम से किसानों के खेत में दवाई छिड़काव करने का कार्य कर रही है। 300 रूपये एकड़ के हिसाब से चार्ज लेती है। अब तक गांव के लगभग 80 एकड़ खेत में ड्रोन से दवाई छिड़काव कर चुकी है।

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज करेंगे अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर 'उल्लास साक्षरता अभियान' का शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर प्रदेश में राज्य स्तरीय उल्लास मेले में उल्लास साक्षरता अभियान का शुभारंभ करेंगे। राज्य स्तरीय उल्लास मेले का आयोजन रायपुर के पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आज किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय होंगे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी मंत्री केदार कश्यप करेंगे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों में सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक सर्व पुंरदर मिश्रा, अनुज शर्मा, इंद्र कुमार साहू, राजेश मुणत, मोतीलाल साहू, गुरु खुशवंत साहेब और महापौर एजाज ढेबर सहित जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। गौरतलब है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के प्रति जागरूकता फैलाने और समाज के सभी वर्गों में शिक्षा का प्रचार-प्रसार करने के उद्देश्य से 1 से 8 सितम्बर 2024 तक पूरे देश में साक्षरता सप्ताह का भव्य आयोजन हुआ। इस दौरान सभी जिलों, ब्लॉकों, नगरीय क्षेत्रों और ग्राम पंचायतों के साथ-साथ शैक्षणिक संस्थानों में शिक्षा और साक्षरता पर केन्द्रित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। साक्षरता सप्ताह का समापन 8 सितम्बर को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के रूप में होगा। इस दौरान बुनियादी साक्षरता, महत्वपूर्ण जीवन कौशल, व्यावसायिक कौशल, और सतत् शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया गया। इस कार्यक्रम के तहत 1 सितम्बर को उल्लास रथ की रवानगी और शैक्षणिक संस्थाओं में सेमिनार व सम्मेलन का आयोजन हुआ। 2 सितम्बर को समस्त शैक्षणिक संस्थानों में सबके लिए शिक्षा पर केन्द्रित गीत, नृत्य, पेंटिंग, और रंगोली प्रतियोगिताएं हुईं।

## स्वच्छ रहोगे, तो स्वस्थ रहोगे

साफ-सफाई हमारे जीवन-शैली का हिस्सा बनकर आदत में शामिल होनी चाहिए। हर नागरिक के सहयोग से हम अपने रायपुर को स्वच्छ बनाएंगे। यह अभियान के साथ-साथ जन आंदोलन है।

स्वच्छता रखें, स्वच्छ पानी पीएं, जल जनित बीमारियों से सतर्क रहें। अपना और अपने परिवार का ख्याल रखें। दूषित जल का सेवन न करें।

रायपुर नगर निगम द्वारा स्वच्छता को लेकर लगातार अभियान चलाया जा रहा है, आप भी सहभागी बनें। अपने रायपुर को स्वच्छ बनाएं।

जनहित में जारी

मोर Raipur SMART CiTY
स्वच्छ भारत एक कदम स्वच्छता की ओर

शहर को स्वच्छ बनाएं, बीमारियों को दूर भगाएं।

# राजमिस्त्री दीपेश के हत्यारो पर कड़ी कार्यवाही की जाये

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने सीतापुर में दीपेश उर्फ संदीप की हत्या की घटना पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आदिवासी वर्ग की रक्षा नहीं कर पा रहे। भाजपा सरकार में अपराधी बेखौफ है। प्रदेश में आदिवासी सुरक्षित नहीं है। सरकार अपराधिक घटनाओ को रोक नहीं पा रही है। अपराध होने के बाद अपराधियो को बचाने एफआईआर दर्ज होने नहीं देती है। प्रदेश में कानून नाम की चीज नहीं है। अपराधी बेलगाम हो गये है। राज मिस्त्री के हत्या के आरोपियों के खिलाफएस्ट्रोसिटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया जाये। हत्यारो को को कड़ी सजा दी जाये। इस मामले में लापरवाही बरतने वाले पुलिस अधिकारियो पर भी कार्यवाही कि जाये। आदिवासी वर्ग कि सुरक्षा सुनिश्चित किया जाये। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि आदिवासी मुख्यमंत्री के राज में सरगुजा जिले के सीतापुर में ठेकेदार एवं उनके गुर्गो के द्वारा आदिवासी राजमिस्त्री दीपेश उर्फ संदीप की पीट पीट कर जघन्य हत्या कर देते हैं, शव को गड्ढा में दबाकर उस पर पानी की टंकी बना दिया जाता है। ठेकेदार के द्वारा पुलिस से मिली भगत कर मामला को दबाने के लिए मृतक के खिलाफही चोरी के मुकदमे दर्ज कराए जाते हैं। राज मिस्त्री के पत्नी अपने पति की गुमशुदगी की शिकायत थाना में दर्ज कराती है, लेकिन पुलिस मामले को गंभीरता से नहीं लेती है। पूरे मामले में लीपा पोती का प्रयास किया जाता है। पीड़ित के साथ आदिवासी समाज जब थाना का घेराव करती हैं, तब ठेकेदार के खिलाफएफआईआर दर्ज किया जाता है। भाजपा सरकार में अपराधियों को संरक्षण दिया जा रहा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा सरकार के 9 महीने में आदिवासी वर्ग के लोगों पर हमला हो रहा है। बेटियों के साथ दुराचार की घटना हो रही है। आदिवासी वर्ग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा। आदिवासी वर्ग के जल जंगल जमीन पर कब्जा करने षड्यंत्र रचा जा रहा है।

# जवाहर नवोदय विद्यालय के कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु 16 सितंबर तक आवेदन आमंत्रित

पायनियर संवाददाता ∢ सारंगढ़ बिलाईगढ़
www.dailypioneer.com

शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए जवाहर नवोदय विद्यालयों के कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए विद्यार्थियों से 16 सितंबर 2024 तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया गया है। विद्यार्थी नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट नवोदय डॉट जीओवी डॉट इन https://navodaya.gov.in में जाकर आवेदन कर सकते है। ऑनलाइन आवेदन के पश्चात प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 18 जनवरी 2025 को आयोजित किया जाएगा। आवेदन सिर्फ ऑनलाइन माध्यम में आमंत्रित है। विद्यार्थी किसी सरकारी या सरकारी मान्यता प्राप्त स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में कक्षा 5वीं में पढ़ रहा हो।

अभ्यर्थी का जन्म 01 मई 2013 से 31 जुलाई 2015 के बीच का होना चाहिए। अभ्यर्थी यदि कक्षा 3, 4, 5 वीं मे से किसी भी कक्षा में शहरी क्षेत्र के विद्यालय में अध्ययनरत रहता है, तो वह शहरी क्षेत्र का अभ्यर्थी माना जाएगा।

# वनरक्षक भर्ती के लिखित परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 8 सितम्बर

पायनियर संवाददाता ∢ सारंगढ़-बिलाईगढ़
www.dailypioneer.com

वनरक्षक भर्ती में शारीरिक दक्षता परीक्षण उत्तीर्ण कर लिए अभ्यर्थियों को अब लिखित परीक्षा के लिए व्यापम की वेबसाइट में 8 सितम्बर 2024 को रात्रि 11.59 बजे तक फॉर्म भरना होगा और परीक्षा के लिए जिले का चयन करना होगा, जिसके आधार पर वन विभाग अभ्यर्थी को लिखित परीक्षा में शामिल होने के लिए पत्र जारी करेगा। इस परीक्षा की संभावित तिथि 22 सितम्बर 2024 है। ऐसे अभ्यर्थी जो व्यापम की वेबसाइट में पंजीयन नहीं करेंगे उन्हें वन विभाग के कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार लिखित परीक्षा से वंचित माना जाएगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी अभ्यर्थी के स्वयं की होगी।

इस संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा। अभ्यर्थी द्वारा पूर्व में जमा किए गए ऑनलाइन आवेदन पत्र में किसी भी तरह का सुधार या संशोधन किए जाने की अनुमति नहीं होगी।

# जल शक्ति अभियान: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया कैच द रेन अंतर्गत जल संचय जल भागीदारी कार्यक्रम का शुभारंभ

## वर्चुअल कार्यक्रम के माध्यम से पानी रोको अभियान का दिया संदेश

पायनियर संवाददाता ∢ कवर्धा
www.dailypioneer.com

जल शक्ति अभियान को गति देते हुए और मजबूत करने के लिए कैच द रेन जल संचय जन भागीदारी का संदेश देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज 6 सितंबर को आनलाइन वर्चुअल कार्यक्रम के माध्यम से दिया। इस अवसर पर जल शक्ति अभियान के व्यापक लक्ष्यों को रेखांकित करते हुए जन भागीदारी का आह्वान किया गया। कबीरधाम कलेक्टर जनमेजय महोबे तथा जलशक्ति अभियान के नोडल जलसंसाधन विभाग के अधिकारी इस वर्चुअल के माध्यम से जुड़े। कार्यक्रम का प्रसारण सूरत गुजरात से पूरे देश मे किया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में जल संचय एवं संरक्षण का संकल्प लेकर कार्य करने का आह्वान किया, जिससे आने वाले कल के लिए जल बचाया जा सके और हर घर जल के संकल्प से देश के प्रत्येक घर तक जल की आपूर्ति सुनिश्चित किया जा सके। उल्लेखनीय है की जल जीवन मिशन के साथ जल संचय भागीदारी कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया साथ ही आरोग्यता के संकल्प से स्वच्छ जल पीने योग्य उपलब्ध कराना आदि का लक्ष्य रखा गया। एक पेड माँ के नाम पर चर्चा कर सभी की भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया।ड्रिप सिंचाई अंतर्गत एक बूंद से ज्यादा उत्पादन के बारे मे बताते हुए वैकल्पिक फसलो की विशेषताएं रेखांकित की गई। वर्चुअल कार्यक्रम के दौरान जिला कबीरधाम से कलेक्टर जनमेजय महोबे उपस्थित रहे।कलेक्टर महोबे ने जिले मे जल शक्ति अभियान के कार्यो में प्रगति लाने प्रत्येक विभाग को निर्देश दिए और कहा कि सभी की भागीदारी से यह अभियान सफल हो सकेगा। सभी शासकीय योजनाओं से जल संरक्षण एवं जल संचय की दिशा में और अधिक कार्य करने की बात कही गई। तथा एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत जन भागीदारी से वृक्षारोपण कराए जाने का आह्वान भी किया गया। वर्चुअल कार्यक्रम में जल शक्ति अभियान के अंतर्गत नोडल विभाग जल संसाधन विभाग के अनुविभागीय अधिकारी लोहारा एवं सहायक परियोजना अधिकारी मनरेगा उपस्थित थे।

08 Sep. 2024 Pride Of Raipur

हकीकत है ये सपना नहीं, हर चीज मिलती है सही... सही...
बढ़ीया क्वालिटी और सस्ता दाम, बस आपको मिलेंगे सिर्फ यही

रोज आइये, रोज उपहार पाइएं...
लक्की ड्रॉ
2 पीस कप सेट
आपका विश्वास... हमारी पहचान...
ZEE महासेल
पहला एवं दूसरा माला, दिक्षित कॉम्प्लेक्स
मोतीमहल होटल के पास, बैजनाथपारा, रायपुर
समय : सुबह 10 से रात 9.30 बजे तक पार्किंग सुविधा उपलब्ध

KSR Kisan Parryware

Shree Vijay Sales
Near Ganesh Vinayak Eye Hospital Opp Colors Mall, Dhamtari Road, Pachpedi Naka Raipur, Mob. 9993376888

TENSILE SHADE
WE PERSENT ONLY THE BEST
CAR PARK SHADE
WEATHER PROTECTION

tensile + membrane + structure
R.B.Plus RAIPUR 81091 11313 86028 11220

Home Constrution

HOUSE Planning I Construction Work (with or without Materials)
BOQ for bank Loans I Building Materials Supplying I Landscaping
All Electrical and Plumbing Services I Consultancy Services
Under Supervision of a well experienced Civil Engineer
@ Raipur
M : 82239-70000
86029-59274
M/s. SHEKHAR SAHAY
Shop# 139, 1st Floor, Progressive Point, Lalpur, Raipur

श्री खाटू श्याम ज्योतिष
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ
पं. रविकांत शर्मा / पं. एस.के. शास्त्री
हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरा साधना है
जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान...

बुकिंग के लिए संपर्क करें :
+91 7470674060
पं. एस.के. शास्त्री जन्मकुण्डली विशेषज्ञ
नोट: मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।
पोलसायपारा चौक, गुप्ता प्रेस के नीचे, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)
पं. रविकांत शर्मा एवं पं.एस. के. शास्त्री - +919755964567

M A K AZAD COLLEGE OF PHARMACY, RAIPUR (C.G.)
Since – 2004
Approved by PCI New Delhi
Affiliated with CSVTU Bhilai
ADMISSION / REGISTRATION OPEN - 2024-25
B Pharmacy – D Pharmacy
XII Science – PCB/ PCM
B Pharmacy lateral entry
CHOURASIYA COLONY NAV DURGA NAGAR RAIPUR
9329621221 , 9425214413 , 9981224037 ,7714913335
email I D - makazadpharmacy123@gmail.com
For online registration Visit: www.makazadpharmcy.com

होमलोन व मार्डगेज लोन
10 लाख से 10 करोड़ तक
राष्ट्रीयकृत एवं प्रतिष्ठित बैंक द्वारा
होम लोन ब्यज दर मात्र 8.70%*
मार्डगेज लोन ब्यज दर मात्र 9.50%*
वर्तमान होमलोन को ट्रांसफर करायें कम ब्याज दर पर 8.70%
पायें उतना ही अतिरिक्त लोन, होम लोन दर पर 8.70%*
SHRI SIDDHI VINAYAK FINACE
Near Samudayik Bhawan, Jorapara, Raipur
Mob.: 9329002356
नोट - बैंकिंग एवं फायनेंस सेक्टर में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़कों की आवश्कता है।

Cartridge Refilling
Refiling @ Your Door Step

JB Mall, Lower Ground Floor, M.G. Road, Raipur (C.G.)
Callaway Print Your Omagination With Us..
9302787900, 9425211789

विज्ञापन हेतु जगह उपलब्ध है।
9329846567
9827146567

विज्ञापन के लिये संपर्क करें : 9827146567, 9329846567

# लता मानिकपुरी एवं कविता हिरवानी को मिला राज्यपाल से पुरस्कार




पायनियर संवाददाता ➤ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

शिक्षक दिवस के अवसर पर राजभवन रायपुर में आयोजित राज्यपाल शिक्षक सम्मान पुरस्कार समारोह 2024 में जिले की दो शिक्षिकाओं लता मानिकपुरी और कविता हिरवानी को राज्यपाल रमेन डेका द्वारा राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और सचिव स्कूल शिक्षा विभाग परदेशी सिद्धार्थ कोमल भी उपस्थित थे। राष्ट्रीय शिक्षक कल्याण प्रतिष्ठान छत्तीसगढ़ ईकाई द्वारा उल्लेखनीय लोकसेवा, अनुकरणीय अध्यापन, उत्कृष्ट कार्य निष्पादन हेतु सम्मान स्वरूप रूपये इक्कीस हजार का चेक, शाल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया है। लता मानिकपुरी बालक बुनियादी आदर्श विद्यालय गरांजी की शिक्षिका हैं और वर्तमान में व्याख्याता के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने छात्रों को शिक्षा के प्रति जागरूक और संलग्न रखने के लिए कई नवाचार किए हैं, जिनमें स्मार्ट क्लास, पोस्टर, चित्र और मॉडल का उपयोग शामिल है। लता मानिकपुरी पर्यावरण संरक्षण, बागवानी, योग और जल संरक्षण जैसे सामाजिक मुद्दों पर भी छात्रों को जागरूक करती हैं। उनके द्वारा पढ़ाए गए विषयों का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहता है। उन्होंने माध्यमिक कक्षाओं में कॉमिक्स और ग्राफिक्स का उपयोग कर छात्रों को पढ़ाने के नवाचार के लिए जिला शिक्षा अधिकारी से सम्मान प्राप्त किया है। उन्हें महिलाओं के संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाने पर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस में भी सम्मानित किया गया है। कविता हिरवानी शासकीय उच्चतर प्राथमिक शाला मुरियापारा में शिक्षिका के पद पर कार्यरत हैं। वे बच्चों को खेल-खेल में शिक्षा देने के साथ ही नवाचार और शिक्षण सहायक सामग्री (टी. एल. एम.) का उपयोग करके शिक्षा को रुचिकर बनाती हैं। उनका प्रयास बच्चों को न सिर्फ पुस्तकीय ज्ञान देना है, बल्कि उन्हें व्यवहारिक और व्यावसायिक कौशल से भी सशक्त बनाना है। कमजोर छात्रों को अतिरिक्त समय देकर उनकी क्षमताओं को बढ़ाने का प्रयास भी उनके शिक्षण का हिस्सा है।वर्ष 2021 में उन्हें मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण समारोह में शिक्षा दूत सम्मान से नवाजा गया। उनके नेतृत्व में नारायणपुर जिले ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित ई-प्रदर्शनी में अपना नवाचार प्रस्तुत किया। उन्हें राष्ट्रीय स्तर की कार्यशालाओं में भी आमंत्रित किया गया है, जहां उन्होंने अपने अनुभव साझा किए।

## बकावंड में मना विकास खंड स्तरीय शिक्षक दिवस समारोह

जगदलपुर। शिक्षक दिवस पर बकावंड में विकासखंड स्तरीय शिक्षक दिवस समारोह मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ राधाकृष्णन के छायाचित्र के सम्मुख दीप प्रजज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर विकास खंड शिक्षा अधिकारी श्रीनिवास मिश्रा ने सेवानिवृत शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सेवनिवृति एक पड़ाव नहीं है, आपने अपने सेवकाल में शिक्षा का दान किया, आपके अनुभव और मार्गदर्शन कि आगे भी आवश्यकता पड़ेगी। सेवानिवृत शिक्षक राकेश देवांगन अपने कार्यकाल के बारे मे बताते हुए भावुक हो गए तथा विकास खंड में किसी एक स्कूल को गोद लेने की इच्छा जताई। सेवानिवृत शिक्षकों ने अपने सेवा काल के अनुभव व्यक्त किये।इस दौरान सेवा निवृत्त शिक्षकों का पुष्पगुच्छ, साल एवं श्रीफल भेंट कर से सम्मानित किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य रूप से जनपद उपाध्यक्ष रामानुज आचार्य, बीआरसी सोनसिंह बघेल, फूलदास नागेश, अनंत देवांगन, मधुसूदन कश्यप, वीरेंद्र पांडे, रामलाल बघेल,पवन समरथ सहित सेवनिवृत शिक्षक - शिक्षिकाये एवं विकासखंड के समस्त संकुल समन्वय इस कार्यक्रम में उपस्थित हुए।

# गुरुगोविंद वार्ड में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने बूथ स्तर पर पहुंच बनाए 200 सदस्य



पायनियर संवाददाता ➤ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी अपने सदस्यता अभियान को लेकर बेहद गंभीरता से कार्य कर रही है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण देव ने शुक्रवार को संभाग मुख्यालय जगदलपुर के गुरू गोविन्द सिंह वार्ड के बूथ नं.167 पर पहुँच कर स्थानीय निवासियों से भेंट कर भाजपा के दो सौ सदस्य बनाये। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी राष्ट्र के निर्माण के लिये कार्य करती है। देश के वैभव को शिखर तक पहुंचाने अधिक से अधिक लोग भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। गुरु गोविन्द सिंह शक्ति केन्द्र में बूथ स्तर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने बूथ प्रभारी सुरेश कश्यप, बंटू पाण्डेय,शक्ति केन्द्र प्रभारी संग्राम सिंह राणा, अविनाश सिंह गौतम, सदस्यता अभियान नगर मण्डल संयोजक मनोहर तिवारी सहित भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर चर्चा की और भाजपा सदस्यता अभियान को सर्वोच्च प्राथमिकता में लेकर निर्धारित लक्ष्य को पूर्ण करने कहा। श्री देव ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को पचास सदस्य बनाने है और एक-एक बूथ में दो सौ सदस्य बनाना है। हर कार्यकर्ता, पदाधिकारी, निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को बूथ स्तर तक पहुँच कर सदस्यता अभियान को आगे बढ़ाना है। भाजपा के कार्यकर्ता लोगों के बीच जायें, घर-घर पहुँच कर संवाद स्थापित करें और भाजपा की ज्यादा से ज्यादा सदस्यता ग्रहण करवायें। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कहा कि भाजपा का बल कार्यकर्ता हैं और संगठन को मज़बूती देने नये सदस्य बनाने कर्मठता से पूरी शक्ति लगायें। श्री देव ने बूथ स्तर पर निवासरत लोगों से सदस्य बनने आग्रह किया और राष्ट्र की सतत सेवा में भाजपा से जुड़ कर आगे आने कहा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव के बूथ स्तर सदस्यता कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष रूपसिंह मण्डावी, विद्याशरण तिवारी, वेदप्रकाश पाण्डेय,रजनीश पाणिग्रही, संजय पाण्डेय, सुरेश गुप्ता, आर्येन्द्र आर्य,आलोक अवस्थी, यशवर्धन राव, बृजेश भदौरिया, सुधा मिश्रा, लक्ष्मी कश्यप, प्रकाश झा, शंभू नाग, संतोष बाजपेयी, दशरथ गुप्ता, उमेश गुप्ता, योगेश शुक्ला, लक्ष्मण झा, रोहित त्रिवेदी, संजय चंद्राकर, पंकज आचार्य, गोविन्द ईनाणी,अमित कपूर, मनी विक्रम, आनंद झा, अतुल सिम्हा, सुरेश मिश्रा, योगेश पाणिग्रही, आशु आचार्य, अभिषेक तिवारी, अभिषेक यादव, मानिक पंत, महेन्द्र जोशी, राजेश सिंह, गोपाल पटेल, आदि उपस्थित थे।

# नियद नेल्लानार योजना रू शत-प्रतिशत योजनाओं का हो सैचुरेशन, कोई भी पात्र हितग्राही छूटने ना पाए

पायनियर संवाददाता ➤ कांकेर
www.dailypioneer.com

प्रदेश के मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से बस्तर संभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर नियद नेल्लानार योजना अंतर्गत कार्यो की प्रगति की जानकारी लेते हुए विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान मुख्य सचिव ने कहा कि नियद नेल्लानार योजना के तहत हितग्राहियों की संतुष्टि का ध्यान रखते हुए शत-प्रतिशत परिवारों को सभी योजनाओं का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करें। उन्होंने बैठक में माओवाद पीड़ित एवं आत्मसमर्पित व्यक्तियों को शासन की योजनाओं के माध्यम से रोजगार से जोड़ने के लिए कौशल प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए, ताकि वे आत्मनिर्भर होकर जीविकोपार्जन कर सके। जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष से बस्तर संभागायुक्त डोमन सिंह एवं कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर वीसी से जुड़कर बैठक में शामिल हुए। मुख्य सचिव ने बैठक में बस्तर संभाग से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए सड़क निर्माण एवं मोबाईल नेटवर्क स्थापित करने के लिए स्वीकृत कार्यों की प्रगति की जानकारी ली और शीघ्र पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने नियद नेल्लानार योजना के जिलेवार कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि योजना में शामिल गांवों में जहां शासकीय योजनाओं का शतप्रतिशत सैचुरेशन हो चुकी है, वहां डोर टू डोर सर्वे करें और यह सुनिश्चित करें कि कोई पात्र हितग्राही छूटने न पाए। मुख्य सचिव ने नियद नेल्लानार के तहत गांवों में राशन कार्ड, बिजली कनेक्शन, मोबाइल कव्हरेज की स्थिति सहित विभिन्न सुविधाओं की जानकारी ली। कलेक्टर क्षीरसागर ने जिले में कार्यों की प्रगति की जानकारी देते हुए बताया कि योजना के तहत जिले के 07 गांव शामिल हैं, जिनमें 535 परिवारों को शासन की योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है।

# उचित आहार एनीमिया दूर करने में मददगार : डॉ. बीना

पायनियर संवाददाता ➤ नारायणपुर
www.dailypioneer.com




जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में पोषण माह के सातवें चरण में आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ.बीना खोबरागड़े ने बताया कि एनीमिया की रोकथाम, विकास निगरानी, ??सुशासन और प्रौद्योगिकी के माध्यम से प्रभावी सेवा वितरण के साथ पोषण भी पढ़ाई भी और पूरक पोषण जैसे विषयों पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। 1 से 7 सितंबर तक पोषण सप्ताह मनाया जाता है जिसका उद्देश्य पोषण की स्थिति में सुधार लाने और जन सामान्य को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने को प्रेरित करना है। जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. सत्येंद्र नाग के मार्गदर्शन में आज शासकीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी मध्यम विद्यालय महावीर चौक में आयुष विभाग द्वारा विशेष रूप से किशोरी बालिकाओं के लिए एनीमिया से बचाव में आयुष की भूमिका विषय पर जागरूकता व्याख्यान आयोजित किया गया। जिसमें शासकीय आयुष पॉलीक्लिनिक नारायणपुर से आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. बीना खोबरागड़े द्वारा उपस्थित छात्राओं को एनीमिया रोग के कारण लक्षण व बचाव की जानकारी देते हुए कहा कि खून की कमी से बचने के लिए हमें हरी पत्तेदार सब्जियां दाल सोयाबीन, मूंगफली, गुड़, अधिक मात्रा में पानी पीना चाहिए और योग, प्राणायाम करें। ब्रह्म मुहूर्त में उठने की आदत डालें और मुख्य रूप से हमें स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना चाहिए। सरलता से प्राप्त होने वाले औषधि पौधे मुनगा तुलसी, बेल, आंवाला, पीपल के औषधि गुण के बारे में जानकारी दी गई। विशेष रूप से मुनगा जिसमें आयरन मैग्नीशियम कैल्शियम पोटेशियम प्राप्त हो जाते हैं उसके पत्ते को सुखाकर उपयोग करने के लिए बताया गया एवं आयुर्वेद में वर्णित आंवला के महत्व के बारे में बताया गया और बच्चों से कहा गया कि वह अपने आंखों, त्वचा बाल एवं पाचन संबंधी विकारों से भी बचने के लिए रोज एक आंवाला का सेवन मुरब्बा पाउडर या सुखाकर भी कर सकते हैं। इसके साथ ही बच्चों को स्वस्थ जीवन शैली संतुलित आहार स्वच्छता का महत्व बताया गया। छात्राओं के साथ प्राचार्य सुत्तमराम चंदेल, प्रधान अध्यापिका रागिनी कोर्राम, व्याख्याता करुणा सिंह मांडवी उपस्थिति रही। आयुष विभाग से फार्मासिस्ट टिकेश्वर मंडावी एवं कुमारी अर्चना नाग का सक्रिय योगदान रहा।

# प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा ने किया बाबा साहब आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण

पायनियर संवाददाता ➤ नारायणपुर
www.dailypioneer.com



नारायणपुर जिले के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा ने प्रथम नारायणपुर आगमन पर डॉ. आंबेडकर पार्क में स्थित भारत रत्न बोधिसत्व डॉ .भीमराव आंबेडकर जी की विशाल प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने बाबा साहब आंबेडकर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा, कलेक्टर बिपीन मांझी एवं जिला भाजपा अध्यक्ष रूपसाय सलाम के आंबेडकर पार्क आगमन पर छत्तीसगढ़ बौद्ध समाज के प्रदेश अध्यक्ष अनिल खोबरागड़े, भारतीय बौद्ध महासभा नारायणपुर के अध्यक्ष उमेश रावत, आंबेडकर जयंती समिति के कोषाध्यक्ष धनेश कुमार रामटेके एवं छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय तिवारी ने पुष्पहार एवं पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। छत्तीसगढ़ बौद्ध समाज के अध्यक्ष अनिल खोबरागड़े ने समाज की ओर से प्रभारी मंत्री को मांग पत्र सौंपते हुए आंबेडकर पार्क में स्थित बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर जी की प्रतिमा के ऊपर छत्र, सीढ़ी एवं मंच निर्माण हेतु पांच लाख रुपए कि आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग की। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला भाजपा के उपाध्यक्ष सोनूराम कोर्राम, सर्व आदिवासी समाज के सदाराम ठाकुर, गजानंद चिमनकर ,चैतराम मरकाम, विनोद मिश्रा, मनीष ठावरे, रवि निकम, मंगलू राम उसेंडी, मेहतर राम कचलाम,नरेश गुप्ता, अजय डहरिया, हरी कावड़े आदि उपस्थित थे।

## जरूरतमंद लोगों की सहायता करना ही मनुष्य का सबसे बड़ा धर्म हैं : लखेश्वर बघेल

जगदलपुर । बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल अपने निवास स्थल पर प्रत्येक दिन की तरह आज भी जनदर्शन लगाकर लोगों की जनसमस्या सुन रहे थे अभी गणेश चतुर्थी भी पहुंच गई हैं क्षेत्र के ग्राम पंचायतों से युवा उनसे मिलने पहुंच रहे हैं कई जगह से उनसे गणेश भगवान की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम हेतु न्योता देने भी आ रहे । बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल से मिलने बस्तर विधानसभा के ग्राम पंचायत कोदागुडा से युवा साथी बड़ी संख्या में निवास स्थल पर मिलने पहुंचे थे इन्हीं भीड़ में से एक छोटा सा बालक भी अपनी फरियाद लेकर स्थानीय विधायक के समक्ष आया और अपनी स्थिति के बारे विधायक को अपनी आप बीती सुनाई। छोटा सा नन्हा बच्चा पदम अपनी फरियाद सुनाते हुए बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल से अपनी निवेदन पर सायकल की मांग की जिस पर विधायक ने तुरंत नया सायकल दिया जिस पर बच्चे की नम आँखों में हँसी की ललाहट आई नन्हा बालक पदम बारम बार विधायक का धन्यवाद ज्ञापित कर आभार माना।

# महतारी वंदन योजना से संतोषी को मिल रही संतुष्टि

पायनियर संवाददाता ➤ कांकेर
www.dailypioneer.com



प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना से महिलाओं में एक अलग ही खुशी का माहौल बन गया है। प्रति माह मिलने वाली राशि से उनके छोटे मोटे खर्च के लिए किसी और पर निर्भर नहीं रहना पड़ता। इससे एक तरह से उनका आत्मविश्वास प्रबल हुआ है। जिले के दुगुकोंदल ब्लॉक के ग्राम - गुमडीडीह की संतोषी जैन ने प्रदेश सरकार की महतारी वंदन योजना का लाभ उठाकर अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन की कहानी साझा की। जैन ने बताया- 'महतारी वंदन योजना से हमें बहुत फायदा हुआ है। समय पर मिलने वाली किश्त से हम अपने परिवार का बेहतर ढंग से पालन-पोषण कर पा रहे हैं।' उन्होंने बताया कि इससे कभी बच्चों के लिए, कभी अपने लिए जरूरत के कुछ सामान खरीद लेती हैं।

जैन ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त करते हुए कहा- 'इस योजना से हम महिलाओं में अलग तरह की खुशी है। सरकार की यह योजना हमें आत्मनिर्भरता की ओर आगे बढ़ा रही है।' उल्लेखनीय है कि यह कहानी ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी योजनाओं की सफलता का प्रमाण है। महतारी वंदन योजना ने न केवल आर्थिक सशक्तिकरण प्रदान किया है, बल्कि महिलाओं को स्वावलंबन की ओर अग्रसर कर रही है।

## शिक्षा एवं विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान के लिए किया गया सम्मानित

# शिक्षक दिवस पर ऐंकट राव शिक्षक सम्मान से सम्मानित

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com




जिला कोंडागांव के संकुल केंद्र करंजी के शिक्षक टी.ऐंकट राव को शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षा एवं विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान के लिए कोंडागांव विधानसभा क्षेत्र की विधायक व भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लता उसेंडी ने सम्मानित किया।इस अवसर पर विधायक लता उसेंडी के अतिरिक कोंडागांव जिले के कलेक्टर कुणाल दुदावत,जिला पंचायत अध्यक्ष देवचंद मातलाम, उपाध्यक्ष भगवती पटेल, नगरपालिका उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी, भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष दीपेश अरोरा, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई, जिला शिक्षा अधिकारी आदित्य चांडक, डी.एम.सी. महेंद्र पांडे, जिला साक्षरता अधिकारी वेणु गोपाल राव, पांचों विकास खंड के विकासखंड शिक्षा अधिकारी, खंड श्रोत समन्वयक एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी, शिक्षकगण व छात्र छात्राएं उपस्थित थे। राव ने शैक्षणिक जगत में अनेक उल्लेखनीय कार्य किए है इसके अतिरिक्त सामाजिक, सांस्कृतिक बौद्धिक क्षेत्र में भी लगातार सक्रिय रहते हुए संस्था के छात्र छात्राओं विभिन्न गतिविधियों के साथ जोड़कर उन्हे प्रेरित कर उनका मार्गदर्शन किया। उन्होंने स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत स्वच्छता अभियान, पर्यावरण बचाओ अभियान, जल बचाओ अभियान, नो पॉलिथीन अभियान, आओ स्कूल चले अभियान मतदाता जागरूकता अभियान सहित शिक्षा के गुणवत्ता के क्षेत्र मे अपने विद्यार्थियों के साथ कई जनजागरण अभियान चला कर लोगो को जागरूक करने का कार्य कर रहे है। इसके अलावा विशेष दिवसों पर छात्र छात्राओं के माध्यम से मानव श्रृंखला बनाकर अलग अलग विषयों पर समाज को जागरूक करने का प्रयास किया।इसी कड़ी में नो पॉलिथीन अभियान से जुड़कर हस्ताक्षर अभियान से लोगो को जोड़कर पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करने का बीड़ा उठाया है।शिक्षक राव प्रतिवर्ष शिक्षक दिवस के दिन छात्र छात्राओं से उपहार स्वीकार ना कर स्वयं अपने व्यय से तीन निर्धन छात्र छात्राओं को शाला गणवेश,जूते मोजे और विभिन्न पाठ्य सामग्रियों को उपहार स्वरूप प्रदान करते है। इन्होंने समय समय पर बाढ़ पीड़ित, भूकंप पीड़ितों के लिए भी लोगो से धनराशि एकत्रित कर प्रधानमंत्री राहत कोष में भेज अपना योगदान देने का प्रयास किया है।कोरोना काल में भी इन्होंने ग्यारह हजार की राशि मुख्यमंत्री राहत कोष में जमा कर मानवता का परिचय दिया साथ ही विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं व संस्कृतिक गतिविधियों में भी आर्थिक योगदान कर उन्हे प्रोत्साहित करने का कार्य किया है। शिक्षक राव को इसके पूर्व 2015 में राज्यस्तरीय सम्मान (राज्यपाल पुरुस्कार) से सम्मानित किया जा चुका है इसके अलावा इन्हें छटा आदिवासी युवा आदान प्रदान कार्यक्रम भुवनेश्वर ओडिशा में बेस्ट स्काट पर्सन, छ.ग.राज्य युवा आयोग द्वारा कला के क्षेत्र में, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, छ ग.शिक्षक संघ जिला कोंडागांव, आंध्र समाज ओडिसा इत्यादि संस्थाओं ने शिक्षा के क्षेत्र एवं अन्य क्षेत्रों में इनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया है। इस दौरान नरेंद्र नायक प्राचार्य, छ.ग.शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष निर्मल शार्दूल, टीचर एसोशियेसन संघ अध्यक्ष ऋषिदेव सिंह कवलसाय मरकाम, प्राचार्य शिवलाल शर्मा, मधु तिवारी, ब्रजेश तिवारी, बलवंती कुजूर, जी.रामेश्वर राव, अशोक साहू आदि उपस्थित थे।

# केशकाल घाट में गाड़ी पलट जानें पर कल करीब 10घंटे से लगा रहा जाम

पायनियर संवाददाता ➤ केशकाल
www.dailypioneer.com



केशकाल घाटी कि राष्ट्रीय राजमार्ग 30की ऊपर की प्रथम मोड़ पर बड़ा ट्राला गाड़ी पलट जानें पर दिनांक ,,03..09.2024 रात्री से लेकर दूसरे दिन दिनांक ,04.09 2024की दोपहर तक केशकाल की दोनों तरफ़ गाडियों की लंबी लाइन लगा था जिस से गाड़ीवाले वा यात्रीगण हताश परेशान होते देखा गया है घाटी मोड़ पर ट्राला गाड़ी पलटने पर अन्य गाड़ियां जल्दी पार करने किकोशिश से जाम का स्थिति निर्मित हुआ... विकास बघेल, टी आई केसकाल केसकाल... बस्तर की लाइफ लाइन मार्ग केसकाल घाटी वा नगर की सड़कों की जर्जर वा दयनीय स्थिति के कारण सड़क मार्ग पर चलना खतरों से काली नही है नगरवासियों मैं जर्जर सड़क वा धूल का गुब्बारे के चलते जन आनाक्रोश बढ़ते जा रहे है केशकाल की इतिहास में पहली बार 10 घंटों से उपर जाम से आवागमन पूर्ण रूप से प्रभावित हुआ था पीछले दो दिनों से जाम को बहाल करने में केशकाल पुलिस की पसीना छूटी है वा यात्रीगण बहुत हताश परेशान देखा गया है घाटी जाम बड़ा लोहा ट्रेलर गाड़ी पलटने पर हुआ लेकीन जल्दी जानें का चक्कर में ज्यादा जाम का स्थिति बने... विकास बघेल थाना प्रभारी केशकाल घाटी जाम का जानकारी लेने पर थाना प्रभारी श्री विकास बघेल ने मिडिया से चर्चा करते हुए जानकारी दी है कि कल जाम मैं फंसे ट्रेलर गाड़ी की मोटी लोहा के चलते हटाने के लिए दो दो क्रेन के सहारे से पलटी गाड़ी को मोड़ की किनारे करके दोपहर से जाम ठीक किया था किंतु जाम मैं फंसे अन्य वाहन जल्दी जानें के कोशिश में जबरन गुसाने कि चककर मैं आज सुबह भीर से जाम लगने का जानकारी पुलिस को मिलने पर पुलिस घटना स्थल में पहुंच कर जाम स्थिति को भीर से चालू कर दिया है पीछले दो दिनों से घाटी जाम बने पुलिस केशकाल को गले की फांस।

# हरितालिका तीज पर सुहागिनों ने व्रत रख की पूजा अर्चना

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



नगर व अंचल में भाद्रपद महीने की शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि पर हरितालिका तीज का व्रत रखा गया। 6 सितंबर के दिन सुहागिन माता बहन निर्जला व्रत रखकर भगवान सदाशिव और माता पार्वती चारो पहर की विधिवत पूजा की। पौराणिक मान्यता है कि इसदिन माँ पार्वती जी ने यह व्रत रखकर भगवान शिव को प्रसन्न की थीं इसलिए इस व्रत को प्रतिवर्ष माता बहनें अपने सुख सौभाग्य की कामना से यह व्रत रखते हैं ऐसा करने से वैवाहिक जीवन सुखमय और संपन्न रहता है। इस साल हरितालिका तीज पर दुर्लभ ग्रह, नक्षत्रों के कई शुभ संयोग भी बने थे।हरतालिका तीज पर बने शुभ योग, शुभ मुहूर्त और पूजा का शुभ मुहूर्त अनुसार तालिका तीज पर सुबह 06.02 बजे से 08.33 बजे तक भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा का शुभ समय था। हरतालिका तीज पूजा-विधि अनुसार, सुहागिन महिलाएं चौकी सजाकर उसके ऊपर भगवान शिव व माता पार्वती की मूर्ति रखकर फिर कलश की स्थापना करने के बाद 16 श्रृंगार का सामान, अगरबत्ती, धूप, दीप, शुद्ध घी, पान, कपूर, सुपारी, नारियल, चंदन, फल और फूल के साथ आम, केला, बेल व शमी के पत्ते से पूजा की गई। हरतालिका तीज व्रत की कथा का पाठ व आरती के बाद श्रद्धा के साथ भोग लगाकर क्षमा-याचना की गई। पूजा के बाद विधि विधान से व्रत का पारण करने से मनवांछित फल मिलता है। यह कामना करते हुए हरतालिका तीज पर शुभ योग भाद्रपद मास, शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि 5 सितंबर दोपहर 12 बजकर 21 मिनट से शुरू हो गई, जो 6 सितंबर दोपहर 03 बजकर 01 मिनट तक रही। इसलिए हरितालिका तीज का निर्जला व्रत 6 सितंबर को रखा गया। बताया कि इस दिन ग्रह, नक्षत्र भी बहुत अच्छी स्थिति में योग बताया की धर्म शास्त्रों में यह अद्भुत और शुभ संयोग माने जाते हैं। इनमें पूजा पाठ करने से कई गुना अधिक पुण्य मिलता है।

## शिक्षकों का सम्मान मेरा सौभाग्य : नोविना अमृत जगत

पायनियर संवाददाता ◄ भंवरपुर
www.dailypioneer.com



शासकीय प्राथमिक विद्यालय सागरपाली में नोवीना अमृत जगत सभापति जिला पंचायत महासमुंद के मुख्य अतिथि एवं सरपंच कालिंद्री अग्रवाल के अध्यक्षता में संकुल स्तरीय शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कायक्रम में पीएल साहू प्रधान पाठक सागरपाली, निमंकर पटेल नोडल प्राचार्य दुर्गापाली, लक्ष्मण पटेल संकुल समन्वक, श्याम भोई प्राचार्य धुतिकोना, सुखमोती चौहान प्रधान पाठक बिजराभाठा, अंजलि साहू प्रधान पाठक कापुडीह, शिक्षिकागण - सिंधु सीटर बसना, प्रमिला निषाद बसना, सुधा चौरसिया सागरपाली, वेदांती पटेल सागरपाली , अभिमन्यु चौहान प्रधान पाठक सागरपाली, शिक्षक गण जुगलाल पारेशवर बंसुलीडीह, मुरलीधर पटेल सागरपाली, उस्ताद अली सागरपाली, मुन्ना अग्रवाल सरपंच प्रतिनिधि, सोहन पटेल पूर्व जनपद पंचायत सदस्य एवं श्वेता चौहान, कुंती पटेल , रजनी चौहान, रमिता भोई अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति, वेदमोती, धनमोती बंजारा, उत्तरा बाघ, दिलमोती सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति नोवीना जगत सरपंच कालिंद्री अग्रवाल एवं विद्यालय परिवार ने मां सरस्वती का सामूहिक पूजा अर्चना के बाद दीप प्रज्वलित कर कायक्रम का शुभारंभ किया। समारोह में उपस्थित समस्त शिक्षकों को नोविना जगत ने साल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित करते हुए शिक्षक दिवस के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा की शिक्षकों का कार्य केवल ज्ञान वितरण करना ही नहीं, बल्कि समाज को सही दिशा प्रदान करने के लिए सभी क्षेत्रों में उनकी अहम भूमिका रहती है जिसमें से मुझे भी एक क्षेत्र जन सेवा करने का सौभाग्य मिला है। शिक्षकों का सम्मान करते हुए मैं अपने आप में बहुत ही गौरवान्वित महसूस कर रही हूं ।

# बलौदा बाजार में सेक्स स्कैंडल आरोपी गिरफ्तार

## अब तक कुल 8 आरोपियों को किया गया है गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

जिले के कुख्यात सेक्स स्कैंडल, हनी ट्रैपिंग भयादोहन का मामला फिर एक बार सुर्खियों मे हैं, बलौदाबाजार पुलिस ने गत 5 महीनों से फरार चल रहे इनामी आरोपी आशीष शुक्ला को आज गिरफ्तार कर लिया हैं, ये शातिर अपराधी गत 5 महीने से पुलिस को छका रहा था बलौदाबाजार पुलिस अधीक्षक ने इस आरोपी की गिरफ्तारी के लिए सात हजार रुपये का इनाम भी घोषित कर रखा था। बलौदा बाजार शहर एवं आसपास के विभिन्न लोगों को अपने झांसे में लेकर उन्हें महिला संबंधी अपराध में फंसाने एवं लोक-लाज का भय दिखाकर लाखों रुपए की मोटी रकम वसूली करने संबंधी मामले में थाना सिटी कोतवाली में अपराध धारा 384,389,34 भादवि में कुल 04 अपराध दर्ज किया गया है। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा प्रकरण में प्रधान आरक्षक अंजोर सिंह मांझी सहित 07 आरोपियों को पूर्व में ही गिरफ्तार किया जा चुका है। प्रकरण में पूर्व में पकडे गए आरोपियों से पूछताछ पर, प्रकरण में संलिप्तता तथा परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर 06 सितंबर को पत्रकार आशीष शुक्ला उम्र 40 साल निवासी गांधी चौंक बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने कीया। पुलिस टीम द्वारा प्रकरण में अब तक कुल 08 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। सूत्रों के अनुसार एक लंबे समय से आशीष शुक्ला ब्लैकमेल एवं भयादोहन के कार्य मे सक्रिय रहा था, इस पूरे क्षेत्र मे उसने आतंक मचा रहा था, पैसा वसूली करने मे उसने किसी को भी नहीं छोड़ा था, ठेलेवालो, रेहड़ीवालो, आटा चक्की, ईटभट्टा, होटल, ढाबा, लॉज,धान दुकान, अनाज दुकान, कपड़ा दुकान एवं कॉपी किताब दुकान हर जगह हर कही पत्रकार होने का रौब दिखा कर पैसे की मांग करता हैं, आस पास के गॉवो मे सारे सरपंच एवं सचिव इसकी हरकतों से परेशान थे।

# हरतालिका तीज पर अखंड सौभाग्य के लिए महिलाओं ने रखा निर्जला व्रत

### शिव पार्वती की पूजा अर्चना कर की चारों पहर की आरती

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com



अंचल की सुहागिन महिलाओं ने पति की लंबी आयु और परिवार में सुख समृद्धि के लिए तीजा पर्व धूमधाम से मनाया। इसकी शुरुआत महिलाओं ने गुरुवार की शाम कडू भात यानी करेला और चावल खाकर की। महिलाओं ने पति की लंबी उम्र के लिए निर्जला व्रत रखा घरों में फुलेरा सजाकर शिवलिंग की स्थापना की गई इसके बाद पूजा-अर्चना का सिलसिला शुरू हुआ रात्रि में भी महिलाओं ने रतजगा कर पार्वती की पूजा की और चारों पहर आरती की इससे पहले सुबह सूर्योदय के साथ ही महिलाओं ने स्नान कर निराहार व्रत का संकल्प लिया। इसी प्रकार युवतियों ने भी मनचाहा वर की प्राप्ति के लिए यह व्रत किया। रात में महिलाओं ने सामूहिक रूप से सोलह श्रृंगार कर पूजा अर्चना शिव मंदिर में और तालाब के घाटों पर पहुंची?। इसके बाद शिवलिंग का निर्माण कर कलश स्थापना किया फिर बेलपत्र, धतूरा, पुष्प, फल, चंदन, धूप, दीप आदि अर्पित कर पूजा अर्चना की। वही कुछ महिलाओं ने अपने घर पर फुलेरा बांधकर घर में ही पूजा और आरती की रात भर महिलाओं के समूह ने भजन कीर्तन किया। कुछ सामाजिक संगठनों ने सामूहिक रूप से पर्व को मनाया। इसी के तहत मंदिर में महिलाओं ने बड़ी धूमधाम से पर्व मनाया।

# समाज के शिक्षाविदों का शिक्षक दिवस पर सम्मान





**सरायपाली ।** शिक्षक दिवस के अवसर पर कोलता समाज द्वारा सेवानिवृत प्राचार्य एवं शिक्षाविद सी.एम.प्रधान, सेवानिवृत खेल शिक्षक आर.एस.साहू, 28 साल तक शिक्षा दानी व्याख्याता गिरधारी साहू, सेवानिवृत्त शिक्षक नंदकिशोर भोई, सेवानिवृत्त सहा. प्राध्यापक डॉ.पी.साहू को शाल श्रीफल भेंटकर कर सम्मानित किया गया तथा उनसे आशीर्वाद ले कर सुदीर्घायु की कामना की।

## कलेक्टर ने स्वच्छता ही सेवा अभियान की तैयारियों को लेकर ली बैठक

**गरियाबंद ।** जिले में 14 सितंबर से शुरू होने वाले स्वच्छता ही सेवा अभियान की तैयारियों को लेकर आज कलेक्टर दीपक कुमार ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्तरीय स्टीयरिंग कमेटी की बैठक ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कहा कि इस अभियान की सफलता के लिए जनसहभागिता सुनिश्चित करे। कलेक्टर अग्रवाल ने बताया कि यह अभियान 02 अक्टूबर तक चलेगा जिसमें जनप्रतिनिधियों, छात्र-छात्राओं और नागरिकों की भागीदारी महत्वपूर्ण होगी। इस अभियान के तहत स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता जैसे प्रमुख घटकों को लागू किया जाएगा। इसमें सफाई-मित्रों के लिए विशेष सुरक्षा शिविर आयोजित किए जाएंगे, साथ ही उन्हें शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। उन्होंने बैठक में 14 सितंबर से शुरू होने वाले स्वच्छता ही सेवा अभियान में कराये जाने वाले गतिविधियों के संबंध में कार्यक्रम कराये जाने के निर्देश दिये। इस अभियान के दौरान स्वच्छ फूड स्ट्रीट, स्वच्छ भारत कल्चरल फेस्ट, जीरो वेस्ट इवेंट और वेस्ट टू आर्ट जैसी गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

# शिवरतन शर्मा ने किया दो विद्यालयों में बने अतिरिक्त कक्ष भवन का लोकार्पण



पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com

उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने शनिवार को गणेश चतुर्थी के पावन पर्व पर नगर के हथनीपारा वार्ड में बने शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला एवं शासकीय बालक प्राथमिक शाला भवन अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य फीता काट लोकार्पण किया। शिवरतन शर्मा ने भवन का लोकार्पण करने के उपरांत कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि मनुष्य के विकास के लिए व्यक्ति का शिक्षित होना आवश्यक है। इसके साथ ही जीवन में आगे बढ़ने तथा शिखर को स्पर्श करने के लिए शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी अत्यंत आवश्यक है। शिवरतन शर्मा ने कहा कि संस्कारों से सपंन्न व्यक्ति जीवन में आने वाले अनेक उतार-चढ़ाव, सुख-दुःख, कष्टों एवं विपत्ति को सहन करते हुए जीवन में उपलब्धि हासिल करता है। शिवरतन शर्मा ने आगे कहा कि विद्यालय विद्या मंदिर होता है। विद्या ही विकास का मूलमंत्र है। उन्होंने विद्यालय में पठन-पाठन करने वाले छात्रों से आह्वान किया कि वह आज के इस प्रतिस्पर्धा युग में अपने को मांसिक रुप से तैयार रखे। उक्त कार्यक्रम में सुनील यदु, आशीष जायसवाल, लक्ष्मी नारायण वर्मा, जित्तू ठाकुर, रज्जू साहू, सियाराम साहू, नारायण ध्रुव, सतीश साहू, सुशील वर्मा, मधु सोनी, अभिषेक दास, भूषण देवांगन, आयशा खान, जयश्री शर्मा, वाय पी सोनी, अभिषेक मिश्रा, राजेश पटेल, ब्रिजेश निषाद सहित विद्यालय के प्रधान पाठक, शिक्षकगण, पालक एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## जैन समाज द्वारा आज से मनाया जाएगा पर्यूषण महापर्व

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



पर्युषण महापर्व आत्म शुद्धि का पर्व कहलाता है बलौदा बाजार जैन समाज द्वारा पर्यूषण महापर्व 8 सितबर से 17 सितंबर तक मनाया जाएगा। 10 दिवस तक क्रम से उत्तम क्षमा , मार्दव, आर्जव, शौच, सत्य ,संयम तप, त्याग, अकिंचन एवं ब्रह्मचर्य इन 10 धर्म की आराधना कर गृहस्थ लोग अपने-अपने भावो में निर्मलता का संचारण करते हैं। पर्व के दरमियान नित्य जिनाभिषेक, पूजन, आरती आदि बहुत ही उत्साह पूर्वक की जाती है यह उत्साह और बढ़ाने के लिए पंडित मनोज शास्त्री टीकमगढ़ से पधार चुके हैं एवं बलौदा बाजार के पंडित धन प्रसाद के सानिध्य में यह कार्यक्रम संपन्न होगा इन 10 दिनों में। बाहर से आए पंडित शास्त्री जी का रात्रि 8:00 बजे से 10 दिनों तक प्रतिदिन धार्मिक प्रवचन होगा। रात्रि 9:00 बजे से प्रतिदिन धार्मिक कार्यक्रम भी रखा गया है जो जैन समाज की महिलाएं एवं जैन समाज के बच्चों द्वारा किया जाएगा । एक दिवस सुगंध दशमी को धूप खेवन तथा अनंत चतुर्दशी को समाज अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर संयम पूर्वक व्रत उपवास आदि भी करते हैं अंत में अपने मित्रों परिवार एवं संसार की समस्त जीव राशि से अपनी वर्ष भर की भूलों के लिए परस्पर क्षमा याचना करते हुए इस पर्व का समापन होता है। जैन समाज के अध्यक्ष दिनेश जैन से बात करने पर बताया कि 10 लक्षण पर्व का हर साल इंतजार रहता है यह 10 दिन आत्म शुद्धि का पर्व है पूजा उपवास का पर्व है। साथी जैन समाज के सचिव अमित जैन ने बताया कि शुद्ध व धार्मिक क्रियाओं के माध्यम से संयम द्वारा पापों के प्रक्षालन का पर्व है। दोनों ने एवं समाज के अन्य पदाधिकारी महिला एवं पुरुष वर्ग ने पर्युषण महापर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी है।

## एक पौधा पेड़ बनकर कई लोगो को अक्सीजन देता है: इंद्र साव

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com

तीज के पावन दिवस पर मयूर परिवहन एवं युवा ब्राह्मण समाज भाटापारा द्वारा धान संग्रहण केंद्र देवरी में प्राणवायुदायीं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन विधायक इंद्र साव के आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस दौरान सर्वाधिक आक्सीजन देने वाले लगभग 50 पौधे पीपल, नीम, बरगद प्रजाति के लगाए गए। कार्यक्रम के आयोजन के लिए आयोजको को बधाई देते हुए युवा विधायक इंद्र साव ने कहा की 1 पौधा सिर्फ 1 प्राणी को जीवन बचाने के लिए उपयोगी नही होता बल्कि उसके आक्सीजन से प्रत्येक जीव जंतु को जीवन दान मिलता है। उन्होंने सुदूर वनवासियों की पर्यावरण के प्रति जागरूकता का जिक्र करते हुए कहा कि हम खुद को शिक्षित कहते हैं तो पर्यावरण रक्षा के प्रयास हमारी जिम्मेदारी है, उन्होंने आयोजकों के प्रयास की सराहना की एवं उपस्थित जन समुदाय से ऐसे कार्यक्रमों में सक्रिय रहने की अपील करते हुए कहा की जिस तरह हम अपने बच्चे को बड़ा करने उसकी अच्छे से परवरिश करते है ठीक उसी तरह हमे भी इस पोधे को वृक्ष बनते तक परवरिश करनी होगी। मयूर परिवहन के संचालक राधेश्याम शर्मा फगा ने कहा कि अगली पीढ़ी के भविष्य के लिए पर्यावरण सुधार हमारी महती जिम्मेदारी है। युवा ब्राह्मण समाज अध्यक्ष अभिषेक उपाध्याय ने कहा कि विश्व की दो बड़ी समस्या है, युद्ध और पर्यावरण युद्ध पर नियंत्रण असंभव है मगर पर्यावरण के लिए प्रयास हमारा कर्तव्य है। कार्यक्रम का संचालन संतोष पुरोहित द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वरिष्ठ कांग्रेसी नेता ईश्वर सिंह ठाकुर ,आदि गौड़ ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष हर गोपाल शर्मा, लक्ष्मी नारायण शर्मा लच्छू ,राजेंद्र जोशी, जितेंद्र तिवारी, संग्रहण केंद्र प्रभारी नारायण सिंह चंदेल, किशोर रजक, संजय ठाकुर सत्यजीत शिंदे सहित सौरभ शर्मा, अभिषेक मिश्रा, ऋषभ जोशी ,साकेत उपाध्याय, अमितेश शुक्ल दीपक साहू, अमन भाट, कुंजीलाल देवांगन देवरी, चौवन वर्मा, टेकराम धृतलहरे, कमलेश्वर वर्मा, प्रतीक यादव, सूर्य बाली दिवाकर, पवन साहू, हरि घृतलहरे, पुनाराम सहित बड़ी संख्या में पर्यावरण प्रेमी उपस्थित थे।

# महिलाओं की हत्या करने वाले आरोपी सीरियल किलर को किया गया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ लवन
www.dailypioneer.com



प्रार्थी रामायण पटेल निवासी ग्राम भालूकोना द्वारा थाना लवन में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि इसकी भतीजी अनुपम बाई अपने घर में अकेली रहती थी कि 29 मई के प्रातः 07:30 बजे सूचना मिली कि मृतिका अनुपमा बाई का शव महानदी किनारे एक पेड़ के डंगाल में मरी पड़ी है। कि सूचना पर थाना लवन का पुलिस तत्काल घटनास्थल पहुंचा। पुलिस बल द्वारा संपूर्ण घटनास्थल का सुक्ष्मतापूर्वक निरीक्षण किया गया, जिसमें मृतिका का शरीर पेड़ डंगाल में लेटा हुआ तथा पैर जमीन में था, कपड़ा बिखरा हुआ, सिर पर काफी चोट लगा था तथा शव पूरी तरीके से खून से लथपथ था। पास में ही खून लगा एक सूखी लकड़ी भी पड़ा मिला। किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा इसी सूखी लकड़ी से मारपीट का मृतका की हत्या किया जाना एवं शव को पेड़ में लटका देना प्रतीतहो रहा था। घटनास्थल निरीक्षण में मिले परिस्थितिजन्य साक्ष्यों, लकड़ी का टुकड़ा आदि को विधिवत जप्त किया गया। कि रिपोर्ट पर महिला की हत्या करने वाले अज्ञात आरोपी के विरुद्ध थाना लवन में अपराध क्र. 345/2020 धारा 302 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। दूसरा मामला- 13 मार्च 2023 को प्रार्थी किशन यादव निवासी ग्राम भालूकोना द्वारा थाना लवन में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि गांव के पनखट्टी तालाब पार स्थित मंदिर के पास गौरी बाई यादव उम्र 56 साल निवासी ग्राम भालूकोना का शव पड़ा हुआ है।कि सूचना पर थाना लवन का पुलिस बल तत्काल घटनास्थल पहुंचा। पुलिस बल द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया, जिसमें पाया गया की मृतिका घर में अकेली रहती थी। *मृतिका के सिर, चेहरा में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा मारकर चोंट पहुंचाया जाना, जिसमें से खून निकला हुआ था। सांथ ही शव को घसीटने का निशान भी दिख रहा था। इस दौरान घटना स्थल में मिले महत्वपूर्ण साक्ष्यों, खून लगा लकड़ी का टुकड़ा, एक लोहे का हंसिया आदि विधिवत जप्त किया गया।कि रिपोर्ट पर महिला की हत्या करने वाले अज्ञात आरोपी के विरुद्ध थाना लवन में अपराध क्र. 212/2023 धारा 302 भादवि पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। दोनों प्रकरणों में ग्रामवासियों से विस्तृत पूछताछ किया गया। साथ ही घटनास्थल का सुक्ष्म निरीक्षण कर महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए गए। इसके साथ ही दोनों महिलाओं के रहन-सहन एवं दैनिक दिनचर्या का भी अध्ययन किया गया। संपूर्ण घटनाक्रम एवं परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर इस हत्याकांड में गांव के ही एक संदेही तेजराम उर्फ कोंदा का नाम सामने आया। उक्त संदेही को हिरासत में लेकर साइन लैंग्वेज विशेषज्ञों की मदद से उससे मनोवैज्ञानिक रूप से विस्तृत पूछताछ किया गया, जिसमें आरोपी द्वारा एक सीरियल किलर की भांति दोनों महिलाओं की हत्या करना स्वीकारकिया गया। तत्पश्चात पुलिस टीम द्वारा आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त पत्थर एवं अन्य हथियार भी बरामद किया गया।


# प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय भाटापारा में हुआ शिक्षक सम्मान समारोह

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय भाटापारा के तत्वाधान में *राष्ट्रीय शिक्षक दिवस* के उप्लक्ष्य में सभी शिक्षकों के सम्मान हेतु कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डी.ए. वी.स्कूल के प्रिंसिपलङ्कएस .के.सिंह आधारशिला स्कूल के प्रिंसिपलङ्कएम.संतोष कुमार,इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय भाटापारा, के प्रोफेसर अंगदसिंह राजपूत ,प्रीति तामरे,प्रिंसिपल मार्डन इंग्लिश स्कूल पहुंचे हुए थे। इस कार्यक्रम का शुभारंभ सुङ्कमधुर गीत संगीत के साथ भाइयों द्वारा स्वागत गीत गाकर किया गया ।तत्पशात दीप प्रज्वलित करते हुए, पधारे सभी शिक्षकों का पुष्पों की वर्षा के साथ वेल्यू बेस्ड बैज लगाकर भी किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य उदबोधनकर्ता के रूप में ब्रह्माकुमारी भाटापारा की प्रमुख संचालिका ब्रह्माकुमारी मंजू दीदी ने अपने व्याख्यान में बताया की जिस तरह एक कुम्हार कच्ची मिट्टी को जब सांचे में डालते हैं तो उनका एक हाथ अंदर और एक हाथ बाहर रहता है और उसे बड़ी मेहनत और ईमानदारी के साथ बड़े ध्यान से बड़े प्यार से उन्हें एक नया रूप प्रदान कर देता है। ठीक उसी तरह एक शिक्षक अपने विधार्थी को सारे जगत का ज्ञान देकर उनमें अच्छे संस्कार भरकर एक नया मुर्त रूप देने का कर्तव्य निभाते हैं। साथ ही ये भी बताया कि शिक्षक शब्द का अर्थ यूं ही साधारण नहीं बल्कि इसमें बलिदान,समर्पण, प्रेम,त्याग समाया हुआ हैं शब्दावली है,इसको और ही सरल शब्दों में अनुवाद करते हुए बताया की। शि का अर्थ शिखर तक पहुंचने वाला, क्ष का अर्थ क्षमा भाव रखकर आगे बढ़ाने वाला, क का अर्थ - कर्मियों को दूर कर उनके अंदर अच्छाइयों का प्रदुर्भाव करना। इस तरह सुप्रीम टीचर (परम शिक्षक) की बात बताते हुए बताया कि वर्तमान समय मैं परम पिता शिव परमात्मा सुप्रीम टीचर नई सृष्टि का सृजन करने हमें अज्ञानता की अंधकार से दूर कर ज्ञान की रोशनी देकर हमारे अंदर की बुराइयों को समाप्त कर हममें अच्छा संस्कार भर हमें नई दुनिया में उच्च पद पाने के लायक बना रहे हैं, ठीक उसी तरह जिस तरह एक शिक्षक अपने विधार्थी को पढ़ा लिखाकर अपने से उच्च बना देते है। इसी कड़ी में हमारे बीच पधारे मुख्य अतिथियो ने भी अपनी व्याख्यान में बताया कि आज जो शिक्षा दी जाती है वह बाहरी दुनिया की नॉलेज देती है, लेकिन एक अच्छे समाज के लिए बच्चों को बाहरी दुनिया के साथ-साथ आंतरिक सशक्तिकरण ,सहयोग,प्रेम वात्सल्य, करुणा,क्षमा जैसी मूल्यों पर आधारित शिक्षा देना जरूरी बताया। जिससे विद्यार्थियों में आत्म बल के साथ-साथ एक अच्छे संस्कार भी पल्लवित होगी। पधारे अतिथि अपनी खुशी जाहिर करते हुए बताएं कि जिस मूल्य की शिक्षा की बात हम कर रहे हैं वह शिक्षा ब्रह्माकुमारी संस्था में इसे प्रथम दिन ही इसके बारे में बताया वा सिखाया जाता है, यहां बुरे संस्कारों को छोड़ अच्छे संस्कारों का बीजा रोपन किया जाता है। और वर्तमान समय में जो बहुत-बहुत आवश्यक है मेडिटेशन वह भी यहां सिखाया जाता है। अतः हमारे मंतानुसार यहां की शिक्षण पद्धति को शिक्षा जगत में विशेष स्थान देना चाहिए। इस तरह कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों के साथ ग्रामीण अंचल एवं पूरे शहर के टीचर भी शामिल रहे और अंत में सभी शिक्षकों को मूल्य पर आधारित एक किताब तथा ईश्वरीय प्रसाद देकर इस कार्यक्रम का समापन किया गया।

## सर्व उड़िया समाज का गठन



पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com

सर्व उड़िया समाज गठन हेतु झिलमिला प्रशांति भवन में एक आवश्यक बैठक रखा गया जिसमें सभी समाज प्रमुख एवं सदस्यों की उपस्थित में रखी गई जिसमें समाज गठन हेतु अपना-अपना राय सुझाव लिया गया गठन उपरांत सभी सदस्यों द्वारा प्रथम कार्यक्रम नवा खाई मिलन रखकर अपना शक्ति प्रदर्शन एवं उपस्थित देना निश्चित किया गया। सर्व सहमति से समिति का गठन किया गया जिसमें निम्न सदस्यों को सामाजिक प्रमुख बनाया गया प्रकाश मिश्रा ब्राह्मण समाज, प्रदीप साहू कोलता समाज, राजकुमार शराफ सोनी समाज, मनोज दास महांती समाज, अनंत बीसी सौवरा समाज, अरुण सेठ धुबा समाज, गजपति मेहेर भुलिया समाज, दशरथ यदु यादव यादव समाज, सुनील साहू सोढ़ी समाज, च धर साहू कट्कीया समाज से उपस्थित सदस्यों रवि पंडा, सुनील पाणिग्राही, सुधीर सामंतराय, प्रेमलाल प्रधान, विजय प्रधान, प्रोजेक्ट प्रधान, विकास सिंह, मनोज दास, प्रसन्न प्रधान,शशि भूषण, मनोहर शराफ सुनील महापात्र, श्रीपति मेहर, रमेश प्रधान, राजकुमार बेहरा, सुरेंद्र प्रधान, अमित शनिकर, गोपकान्हु भोई,, अजय, विश्वामित्र साहू, संजीव कर, रुक्मण साहू, बृजमोहन साहू, लक्ष्मण प्रधान, सौरभ सतपति, संदीप साहू, वि म चंद यादव, पद्ममन प्रधान, सुभाष प्रधान, प्रफुल्ल देहरी, राघव प्रधान, अक्षय, मुकेश प्रधान, वि म भोई, सेवा शंकर पाणिग्राही, हीरालाल प्रधान, सभी सदस्य की उपस्थिति रही जिस्मे की आगामी 9 तारीख को फिर एक बैठक नवा खाई के विषय में रखी गई है।

# परसदा मोड पर हुआ भयंकर सडक हादसा, ट्रेलर की ठोकर से दामाद की मौत ससुर गंभीर, निजी अस्पताल में चल रहा उपचार, ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com



जिले में तेज रफ्तार ट्रेलर की चपेट में आकर से बाईक सवार एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई वहीं एक अन्य को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसका उपचार जारी है। इस दुर्घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने घटनास्थल पर चक्काजाम कर दिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रायगढ़ जिले के भूपदेवपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम ग्राम केराझर निवासी ब्यासदेव मांझी अपनी सुपर एक्सेल सीजी 13 एस 3785 पर अपने ससुर विश्राम मांझी को लेकर किसी काम के सिलसिले में जा रहा था। बताया जा रहा है कि सुपर एक्सेल में सवार पिता-पुत्र जब परसदा गांव के पास जिंदल डेयरी गेट के पास पहुंचे ही थे कि सामने की तरफ से आ रहे ट्रेलर चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए दोनों को अपनी चपेट में ले लिया। इस दुर्घटना में सुपर एक्सेल चला रहे ब्यासदेव मांझी की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई वहीं उसके पिता विश्राम मांझी को शरीर के कई हिस्सो में गंभीर चोट लगने की वजह से उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसका उपचार जारी है।

**ग्रामीणों ने शुरू किया चक्काजाम**-ट्रेलर की चपेट में आने से बाईक सवार एक युवक की मौत हो जाने के बाद से आक्रोशित ग्रामीणों ने घटना स्थल पहुंचकर मृतक के परिजनों को तत्काल मुआवजा राशि दिलाने की मांग को लेकर चक्काजाम शुरू कर दिया है। जिससे इस मार्ग पर दोनों तरफवाहनों की लंबी कतार लग गई है। मामले की जानकारी लगते ही भूपदेवपुर पुलिस मौके पर पहुंचकर आक्रोशित ग्रामीणों को समझाने के प्रयास में जुटी हुई है। अंतत करीब 3 घंटे चले चक्काजाम के बाद मृतक के परिजनों को 50 हजार रूपये की तत्कालिक सहायता की घोषणा के बाद चक्काजाम समाप्त किया गया और तब जाकर इस व्यस्ततम एनएच पर आवागमन शुरू हो सका।

**आरोपी चालक हुआ फरार**-बताया जा रहा है कि शुक्रवार की दोपहर सुपर एक्सेल सवार ससुर-दामाद को जोरदार ठोकर मारने के बाद से आरोपी ट्रेलर चालक वाहन को घटना स्थल पर ही छोडकर फरार हो गया। इस दुर्घटना के बाद भूपदेवपुर पुलिस आरोपी चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर उसकी पतासाजी में जुट गई है।

## जिले में अवैध शराब पर पुलिस की सख्त कार्रवाई

**रायगढ।** पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के निर्देश पर रायगढ़ जिले में अवैध शराब पर ताबड़तोड़ कार्रवाई जारी है। 05 सितंबर को जूटमिल, तमनार और चक्रधरनगर



क्षेत्रों में पुलिस ने प्रमुख शराब रेड कार्रवाई को अंजाम दिया। जूटमिल क्षेत्र में एक्टिवा में शराब तस्करी करते युवक गिरफ्तार-थाना प्रभारी निरीक्षक मोहन भारद्वाज के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बेनीकुंज तिराहा के पास घेराबंदी कर एक्टीवा वाहन पर शराब तस्करी कर रहे आरोपी सानू महंत (24) को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से 60 पाव देशी प्लेन शराब जब्त की गई। आरोपी पर धारा 34(2) और 59(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। रेड कार्रवाई में एएसआई राजेंद्र पटेल, हेड कांस्टेबल सतीश पाठक, रामनाथ बनर्जी, और कांस्टेबल नरेश रजक, तरुण माहिलाने शामिल थे।

# बचपन प्ले स्कूल एवं एकेडेमिक हॉइट्स पब्लिक स्कूल में मनाया गया शिक्षक दिवस

पायनियर संवाददाता ➤ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com




शहर के एकेडेमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल एवं बचपन प्ले स्कूल में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी डॉक्टर एस. के. सिन्हा भूतपूर्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी सेंट्रल हॉस्पिटल मनेन्द्रगढ़ के मुख्य अतिथ्य में महान शिक्षाविद दार्षनिक, राजनीतिकार एवं भारत के द्वितीय राष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित किया गया. सर्वप्रथम कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों द्वारा शिक्षक-छात्र दिनचर्या पर आधारित नृत्य नाटिका प्रस्तुत की गई। ग्याहरवीं के विद्यार्थियों द्वारा शिक्षकों की विद्यार्थियों के जीवन में योगदान पर आधारित नृत्य प्रस्तुत किया गया। कक्षा बारहवीं के विद्यार्थी इस दिन शिक्षक बनकर पूरे विद्यालय के कार्यभार को संचालित किए तथा जूनियर कक्षाओं में अध्यापन का कार्य भी किया। विद्यार्थियों द्वारा शिक्षकों को उपहार भेंट किए गए। कार्यक्रम के इस कड़ी में बचपन एवं एकेडेमिक हॉइट्स के शिक्षकों द्वारा इस विद्यालय में अपने अनुभव साझा किए गए। सभी ने अपने उद्बोधन में यही कहा कि इस विद्यालय में उन्हें कई नई चीज़ सीखने को मिली और अपने ज्ञान से वे विद्यालय को सर्वोच्च शिखर पर पहुँचाने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। मुख्य अतिथि डॉक्टर एस. के. सिन्हा ने सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ दी एवं शिक्षकों को समर्पण भावना से अपने लक्ष्य प्राप्ति के लिए सतत् प्रयासरत रहने हेतु प्रोत्साहित किया। विद्यालय के डायरेक्टर्स ने शिक्षकों को शुभकामनाएँ दी तथा शिक्षकों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। संस्था की काउंसलर ने छात्र-छात्राओं को बताया शिक्षक दिवस हमारे शिक्षकों के शिक्षा में योगदान के महत्व को बताने के लिए मनाया जाता है। शिक्षक हमारे जीवन का बेहतर भविष्य निर्माण करते हैं। शिक्षक हमें सीखने बढ़ने एवं अपने लक्ष्यो को प्राप्त करने के लिए प्रेरित करते हैं। संस्था के डायरेक्टर श्रीमती ज्योति ताम्रकार ने बताया कि भारत के द्वितीय राष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी का जन्म 5 सितंबर 1888 को हुआ था उन्हीं के जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि शिक्षक लोगों के जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# मिनी माता चौक पुलगांव, फुटपाथ पर कब्जा कर दुकान लगाने वालों को निगम ने हटाया

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com






नगर निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश चौक चौराहों से अतिक्रमण हटाने की मुहिम के अन्तर्गत दुर्ग नगर निगम में प्रतिदिन अभियान चल रहा है।आज गुरुवार को पुलगांव मिनी माता चौक से अमले ने सडक़ फुटपाथ में समान फैलाकर अनाधिकृत रूप से व्यवसाय करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। स्थल से हटाकर सडक़, फुटपाथ को अतिक्रमण से मुक्त कराया।अवैध रूप से सडक़ के किनारे व फुटपाथ पर कब्जा कर पान ठेले फल ठेले, बांस बल्ली लगाकर होटल चलने वाले दुकान,कपड़े दुकान के बाहर समान कपड़े व अन्य सामग्रियों को फैलाकर दुकानें लगाई थी सडक़, फुटपाथ पर मु य मार्ग के किनारे दुकानें सजाने से अनावश्यक भीड़ एकत्रित होती थीए इससे सडक़ दुर्घटना की संभावना बनी रहती थी और आम नागरिकों एव वाहन चालकों को आवागमन में असुविधा होती थी। शहर भ्रमण के दौरान आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने उक्त स्थल का निरीक्षण भी किया। निगम के अतिक्रमण दस्ते ने कार्रवाई करते हुए राजस्व अधिकारी एवं अतिक्रमण अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, भवन निरीक्षक विनोद मांझी, प्रभारी अधिकारी योगेश सूरे सहित टीम द्वारा सडक़ व फुटपाथ में दुकान लगाने लोगों को समझाइश दी गई।लगातार इन गतिविधि पर विशेष फोकस किया जा रहा है जिंसमे प्रतिदिन नालियों की तली की सफाई, सार्वजनिक क्षेत्र की सफाई लगातर झाड़ियों की कटाई, बाजार क्षेत्रो में दुकानदारों द्वारा झिल बेचने पर टीम द्वारा कार्रवाई के साथ कटाई, बाजार क्षेत्रो में दुकानदारों द्वारा प्रतिबंधित झिल्ली पन्नी बेचने पर टीम द्वारा कार्रवाई के साथ जुर्माना भी लिया जा रहा है और मुक्कड़ की सफाई मच्छर उन्मूलन कार्य एवं मौसमी बीमारियों के रोकथाम के लिए विशेष फोकस, सडक़ों पर सी एंड डी मलबे की साफ सफाई किया जा रहा है।

# संकुल बड़काबहरा (कछौड़) में हुआ शिक्षकों का सम्मान

पायनियर संवाददाता ➤ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com




मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिला अंतर्गत विकासखण्ड मनेन्द्रगढ़ के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र में स्थित संकुल बड़काबहरा (कछौड़) में महान शिक्षाविद एवं पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस पर 05 सितम्बर को शिक्षक दिवस बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। यह आयोजन संकुल केन्द्र बड़काबहरा (कछौड़) अंतर्गत स्थित शासकीय प्राथमिक शाला घोड़बंधा एवं माध्यमिक शाला घोड़बंधा के शाला परिसर में किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक, शाखा चैनपुर के शाखा प्रबंधक के.आर. मीणा उपस्थित हुए। जिनके द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर संकुल के सभी शिक्षकों को डायरी व पेन भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यकम में मुख्य रूप से संकुल केन्द्र बड़काबहरा के संकुल प्राचार्य, संकुल शैक्षिक समन्वयक संजय कुमार श्रीवास्तव, माध्यमिक शाला बड़काबहरा के प्रधानपाठक सूरजलाल सिंह, माध्यमिक शाला घोड़बंधा के प्र.प्रधानपाठक सुफल सिंह, माध्यमिक शाला रोकड़ा के प्र. प्रधानपाठक विवेक एक्का, प्राथमिक शाला बडकाबहरा के प्रधानपाठक गजमोहर सिंह, प्राथमिक शाला रोकड़ा के प्रधानपाठक अंजूलता कौशिक, प्राथमिक शाला केराबहरा के प्रधानपाठक भूपेन्द्र सिंह, प्राथमिक शाला घोड़बंधा के प्रधानपाठक लालसाय, प्राथमिक शाला सुईबहरा के प्र.प्रधानपाठक रमेश कुमार विश्वकर्मा, प्राथमिक शाला बुंदेलीपारा के प्रधानपाठक रणबहादुर सिंह, प्राथमिक शाला नाघाटोर के प्रधानपाठक दलपत सिंह तथा सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएँ उपस्थित रहे।

# त्यौहारी सिजन को देखते हुए सभी वार्डो की लाईट व्यवस्था होगी सुदृढ़

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com



महापौर परिषद की बैठक महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें एमआईसी के सदस्यो द्वारा सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया। प्रमुख रूप से त्यौहारी का सीजन शुरू हो रहा है। गणेश चतुर्थी से शुरू होकर इदे मिलाद, विश्वकर्मा पुजा, नवरात्रि पर्व, दशहरा, दीपावली, छठ, गांधी जयंती, गुरूधांसीदस जयंती, क्रिशमस इत्यादि सभी त्यौहारो के दिन आने वाले है। जिसमे नगर की जनता उत्साह पूर्वक सहभागी बनती है। इसको देखते हुए नगर निगम भिलाई के सभी वार्डो में लाईट व्यवंस्था सुदृड़ की जावेगी। पुराने लाईटो को ठीक किये जायेगे, नये लाईट की आवश्यकता होगी उसे लगाया जायेगा, ताकि क्षेत्र मे पर्याप्त रोशनी हो। सामुदायिक शौचालयो का रखरखाव तथा संचालन हेतु स्वच्छता श्रृंगार योजना के अंतर्गत रूचि की अभिव्यक्ति के अंतर्गत निविदा आमंत्रित की गई थी। जिसमें 65 एनजीओ द्वारा ने भाग लिया गया, इसमें 7 पात्र एवं 58 पात्र पाये गये, पात्र पाये गये समूह/ एन.जी.ओ./फर्म की चयन की प्रक्रिया हेतु महापौर परिषद के समक्ष विचारार्थ रखा गया। समिति ने कुछ आवश्यक संशोधन के साथ पारित किया। बैठक में महापौर परिषद के सदस्य सीजू एन्थोनी, लक्ष्मीपति राजू, संदीप निरंकारी, साकेत चंद्राकर, केशव चैबे, लालचंद वर्मा, आदित्य सिंह, एकांश बंछोर, मन्नान गफ्फार खान, चन्द्रशेखर गंवई, नेहा साहू, रीता सिंह गेरा, सहित आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव, उपायुक्त नरेन्द्र बंजारे, अधीक्षण अभियंता दीपक जोशी एवं संबंधित विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# कनकपुर संकुल में शिक्षक सम्मान समारोह कार्यक्रम सम्पन्न

पायनियर संवाददाता ➤ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com



रामचंद्रपुर विकासखंड के संकुल केन्द्र कनकपुर में संकुल स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था। जिसमें संकुल केन्द्र कनकपुर से पदोन्नति प्राप्त कर संकुल से बाहर गए शिक्षकों मे विभा कश्यप,रविन्द्र कुमार कश्यप, दिनेश कुमार यादव, आशीष कुमार गुप्ता, उर्मिला यादव, मानमती सारथी सहित संकुल में अनुभवी, शिक्षा मे उत्कृष्ट शिक्षकीय सेवाओं के लिए जी.एन. तिवारी, अंजनी द्ववेदी, शिवकुमार यादव को शील्ड, साल, कलम, सम्मान पत्र भेट कर समानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत रत्न सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित उपरान्त विद्यार्थियों के द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम कि अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य सुरेश गुप्ता ने विस्तार पूर्वक गुरु एवं शिष्य के रिश्ते पर प्रकाश डाला। व्ही संकुल समन्वयक अन्जय श्रीवास्तव ने कविता के माध्यम से गुरु की महत्ता के बारे में बताया गया। व्ही मंचाशिन अतिथियों के द्वारा भी अपने विचार व्यक्त किए गए। तत्पश्चात् उपस्थित सभी आंगतुको को संकुल की ओर से कलम भेट कर समानित किया गया और सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम समापन की घोषणा कि गई। शिक्षक आकाश गुप्ता, मानसरोवर सिंह, मसीह प्रकाश एक्का, नीरज श्रीवास्तव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# निगम प्रशासन के साथ मिलकर नागरिक करेंगे अभियान की शुरूआत



पायनियर संवाददाता ➤ रिसाली
www.dailypioneer.com

स्वच्छता ही सेवा 2024 की शुरूआत निगम प्रशासन और नागरिक मिलकर करेंगे। मैत्रीगार्डन से कल्याणी मंदिर के बीच केनाल को पूर्ण रूप से साफकरने का लक्ष्य रखा गया है। खास बात यह है कि स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए 2 अक्टूबर तक चलने वाले इस अभियान में शहर सरकार और क्षेत्रीय विधायक भी शामिल होंगे। आयुक्त मोनिका वर्मा ने अभियान को धरातल स्तर पर सफल करने के लिए निगम के अधिकारी और कर्मचारियों की बैठक ली। उन्होंने अलग-अलग दिन चलने वाले कार्यक्रम की जिम्मेदारी कर्मचारियों को दी है। स्वच्छता ही सेवा 2024 राष्ट्रीय अभियान की शुरूआत रिसाली निगम केनाल सफाई और इसके आस पास बने जी.वी.पी. प्वाइंट को खत्म कर किया जाएगा। आयुक्त ने इस अभियान में नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चत करने के निर्देश दिए है। बैठक में उपअभियंता नितिश अमन साहू, जनस्वास्थ्य विभाग के अमित चंद्राकर, पी.आई.यू. आकाश मिश्रा, विजय कश्यप आदि उपस्थित थे।

**अभियान की मॉनिटरिंग जिला स्तर पर**-खास बात यह है कि अभियान पूरे देश में एक साथ शुरू होगा। अभियान के लिए दिए अलग-अलग बिन्दू की मॉनिटरिंग जिला स्तर के अधिकारी करेंगे। इस अभियान को सर्वेक्षण के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। सुपरवाइजर ब्लेक स्पॉट को सूचीबद्ध करेंगे। आयुक्त ने जनस्वास्थ्य विभाग के सुपरवाइजर को निर्देश दिए है कि वे ऐसे स्थान को भी चिन्हित करे जहां सफाई नहीं होती। जगह के कारण सफाई करने में दिक्कत होती है।

# धूमधाम से मनाया गया हरतालिका तीज का पर्व पति की लंबी आयु के लिये महिलाओं ने रखा निर्जला व्रत



पायनियर संवाददाता ➤ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com

जिले के मनेन्द्रगढ़ झगराखाण्ड सहित आसपास के कोयलांचल क्षेत्र में पति के दीर्घायु होने और परिवार की सुख समृद्धि के लिए पूरे श्रद्धा और विश्वास के साथ शुक्रवार को परंपरागत तरीके से हरतालिका व्रत (तीज) का पर्व मनाया गया। महिलाओं ने निर्जला रहकर रात्रि जागरण किया और रात भर शिव और पार्वती का पूजन किया। इस दौरान महिलाएं भक्ति गीतों के साथ भजन-कीर्तन करती रही । महिलाओं एवं युवतियों ने हाथों पर आकर्षक मेंहदी रचाई और झूले का आनंद लिया। आपको बता दें की हरितालिका तीज का उत्सव महिलाओं का उत्सव है।

जब सम्पूर्ण प्रकृति हरी ओढ़नी से आच्छादित होती है उस अवसर पर महिलाओं के मन मयूर नृत्य करने लगते हैं। वृक्ष की शाखाओं में झूले पड़ जाते हैं। सुहागन स्त्रियों के लिए यह व्रत बहुत महत्व रखता है। आस्था, उमंग, सौंदर्य और प्रेम का यह उत्सव शिव-पार्वती के पुनर्मिलन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। इसे इच्छित वर और अखंड सौभाग्य के लिए मनाया जाता है। चारों ओर हरियाली होने के कारण इसे हरितालिका तीज कहते हैं। इस अवसर पर महिलाएं झूला झूलती हैं, लोकगीत गाती हैं और आनन्द मनाती हैं। पंडित नित्यानंद द्विवेदी ने बताया की सौभाग्य और सदा सुहागन रहने के लिए महिलाएं इस व्रत को करती है ।

इसको हरतालिका व्रत के नाम से भी लोग जानते है। यह व्रत भादो मास के शुक्ल पक्ष तृतीया को मनाया जाता है। कथा के अनुसार गौरी शिव से शादी करना चाहती थी जबकि उनके पिता गौरी की शादी भगवान विष्णु से कराना चाहते थे लेकिन गौरी शिव को मन ही मन अपना पति मान चुकी थी। यह बात गौरी ने अपने सहेलियों को बताया।

संस्था की छात्राओं द्वारा गुरुजनों के सम्मान में गीत भाषण की प्रस्तुति दी गई

# सेवानिवृत्त प्राचार्य एवं व्याख्याता को सम्मानजनक ढंग से आमंत्रित कर किया गया सम्मान

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com










बी आर जे शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुर्ग में शिक्षक दिवस के अवसर पर संस्था के सेवानिवृत्त प्राचार्य एवं व्याख्याता को सम्मानजनक ढंग से आमंत्रित कर उनका सम्मान किया गया। इस आयोजन में आदरणीय मिश्रा, रेखीय, डॉक्टर कृष्णा जोशी, एच एस वर्मा पूर्व प्राचार्य, सुजाता दत्ता, अरुणा वास्तव, रेखा कासलीवाल, अनिल गुप्ता, डी एल चंद्राकर, डी के चंद्राकर, रोहित चंद्राकर त्रिपाठी जी, अली, यादव , आरती दुबे की गरिमामय उपस्थिति में प्राचार्य डॉक्टर कृष्णा अग्रवाल, समस्त स्टाफएवं छात्राओं के द्वारा इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। आमंत्रित सभी गुरुजनों के द्वारा सर्वप्रथम सरस्वती जी एवं डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन पर माल्यार्पण किया गया तत्पश्चात आमंत्रित अतिथियों का प्राचार्य एवं स्टाफके सदस्यों द्वारा शॉल फल एवं पुष्पगुच्छ के द्वारा उनका स्वागत और सम्मान किया गया, तत्पश्चात स्टाफ के सभी गुरुओं का छात्राओं द्वारा सम्मान किया गया, स्वागत उद्बोधन में प्राचार्य डॉक्टर कृष्णा अग्रवाल द्वारा आमंत्रित सभी गुरु जनों का सहयोग संस्था में प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से शाला की गुणवत्ता बढ़ाने में प्राप्त होता है और भविष्य में भी अग्रज गुरुओं की मार्गदर्शन की आवश्यकता की जानकारी दी गई, एवं आग्रह किया गया। इस समारोह में सभी आमंत्रित गुरुजनों ने अपने उद्बोधन में संस्था को सहयोग का आश्वासन देते हुए गुरुओं का महत्व छात्राओं को बताया साथ ही अपने संस्मरण को याद किया गया एवं उदाहरण देते हुए शिक्षकों को भी उनके कर्तव्यों के प्रति सजग रहने हेतु प्रेरित किया गया। भूतपूर्व प्राचार्य स वर्मा जी ने कहा कि शिक्षक पद पाना आसान है परंतु सही मायने में शिक्षक बनना कठिन है उन्होंने स्वयं अपनी तरफ से भविष्य में प्रावीणय सूची में स्थान पाने वाली छात्रा को डेढ़ लाख रुपए देने की घोषणा भी की।

आमंत्रित गुरुजनों द्वाराआर्थिक स्थिति से कमजोर छात्राओं की बोर्ड फीस के लिए सम्मानित राशि भी संस्था प्रमुख को भेंट की गई। इस अवसर पर एक पेड़ मां के नाम भी शिक्षक के रूप में मां की भूमिका को ध्यान में रखते हुए अतिथि गुरुजनों के साथ मिलकर प्राचार्य एवं स्टाफने लगाया। संस्था की छात्राओं द्वारा गुरुजनों के सम्मान में गीत भाषण की प्रस्तुति दी गई। सभी आमंत्रित गुरुजनों को स्मृति चिन्ह देकर आभार प्रदर्शन करते हुए कार्यक्रम का समापन नएवं छात्राओं का पूर्ण सहयोग बना रहा ।

# धूमधाम से मनाई गई गणेश चतुर्थी पंडालों में प्रतिमा स्थापित

पायनियर संवाददाता ➤ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com



सिद्धि विनायक भगवान गणेश की पूजा-अर्चना पूरे जिले में धूमधाम से की गई। गणेश चतुर्थी के मौके पर जिले भर में कई स्थानों पर पंडालों में भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित कर पूजा बड़े ही धूमधाम के साथ की जा रही हैं। गणपति का दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। बाजार और घरों में भी चहल-पहल बनी रही। मंदिरों और पंडालों में भगवान गणेश की पूजा-पाठ पूरे विधि-विधान के साथ की गई। पहले दिन वैदिक मंत्रोच्चारण से भगवान गणेश की पूजा-अर्चना से शहर का वातावरण भक्तिमय बना रहा है। गणेश महोत्सव को लेकर लोगो के बीच विशेष उत्साह देखा जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी गणेश पूजनोत्सव धूम-धाम के साथ मनाया जा रहा है। कई विद्यालयों में भी भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की जा रही है। कई स्थानों पर इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ दर्शन के लिए उमड़ने लगी हैं।

## संपादकीय

### पैरालम्पिक खेल भारत का शानदार प्रदर्शन

**पैरालम्पिक खेलों** में भारत ने अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन किया है। 2024 के पैरालम्पिक खेलों में भारत का प्रदर्शन खेलों के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में लिखा जाएगा क्योंकि भारत ने इनमें अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। मैडलों की रिकार्डतोड़ संख्या, एथलीटों की प्रतिबद्धता, साहस और मजबूत इच्छाशक्ति ने लाखों लोगों को गहराई तक प्रभावित किया है। अत्यधिक प्रसन्न प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पैरालम्पिक टीम से बातचीत कर उनकी अदम्य भावना की प्रशंसा की जो पूरे देश के लिए प्रेरणास्त्रोत है। भारत ने 2024 पैरालम्पिक में 84 एथलीटों का अपना सबसे बड़ा दल भेजा था। इसने तीरंदाजी, एथलिटिक्स और निशानेबाजी जैसी अनेक विधाओं में प्रतियोगिता की। अनेक उल्लेखनीय प्रदर्शनों में भारतीय तीरंदाज शीतल देवी ने सारी दुनिया का ध्यान आकर्षित किया। बिना हाथों के प्रतियोगिता में भाग लेते हुए उन्होंने सटीकता और दृढ़ता का असाधारण स्तर प्रदर्शित किया। अन्य एथलीटों के साथ शीतल देवी की विजय दिव्यांग लोगों की असाधारण क्षमतायें प्रदर्शित करती है जो सभी प्रकार की बाधायें तोड़ने में डटे रहते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने खिलाड़ियों से बात करते हुए अपनी गहरी प्रशंसा व्यक्त की। उन्होंने कहा, 'आपके कठोर परिश्रम और प्रतिबद्धता ने देश को गौरवान्वित किया है। आपने दिखा दिया है कि चुनौतियां चाहे जितनी कठिन हों, उनका लगन से सामना किया जा सकता है।' भारतीय पैरालम्पिक खिलाड़ियों की सफलता का कारण केवल उनका प्रशिक्षण न होकर सालों तक व्यक्तिगत और सामाजिक बाधाओं से मुकाबला करने का परिणाम है। इन एथलीटों ने सभी दिव्यांगताओं को पीछे छोड़ कर दिखा दिया है कि प्रतिबद्धता के सामने कोई बाधा अलंघ्य नहीं होती है।




पैरालम्पिक खेलों में जीता हर मैडल असाधारण संघर्ष, प्रतिबद्धता और सीमायें अस्वीकार करने की क्षमता की कहानी कहता है। उदाहरणार्थ, पैरा-टेबल टेनिस खिलाड़ी भाविना पटेल की यात्रा विश्व मंच पर असाधारण प्रदर्शन के बाद लोगों के लिए आशा की किरण बन गई है। छोटी आयु में ही पोलियो का पता लगने के बाद पुनर्वास से पैरालम्पिक खिलाड़ी तक भाविना की यात्रा मानवीय इच्छाशक्ति की दृढ़ता प्रदर्शित करती है। ऐसे एथलीट दृढ़ता की मूल भावना प्रदर्शित करते हुए न केवल अपनी विजयों से सफलता को पुन: परिभाषित करते हैं, बल्कि चुनौतियों से निपटने की दृढ़ता भी प्रदर्शित करते हैं। जब भारत पैरालम्पिक में अब तक के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का उत्सव मना रहा है, तब पैरा-एथलिटिक्स पर तेजी से लोगों का ध्यान गया है। इससे उनको समाज के सभी भागों का समर्थन प्राप्त हुआ है। विपरीत स्थितियों को अपनी शक्ति में बदलने वाले इन एथलीटों ने अपनी क्षमता प्रदर्शित की है। अपने सामने उपस्थित शारीरिक एवं भावनात्मक चुनौतियों के बावजूद वे लगातार सीमायें तोड़ते रहे और सिद्ध कर दिया कि उनकी प्रतिभा की असीम है। भारत द्वारा पैरालम्पिक में जीते हर मैडल के पीछे प्रैक्टिस के असंख्य घंटे, अनेक पराजयें तथा उत्कृष्टता की अथक खोज शामिल है। पैरालम्पिक खिलाड़ियों की सफलता का उत्सव मनाते हुए हमें उनकी गाथायें संघर्ष से जन्मी महानता की याद दिलाती हैं। उनकी सफलता करोड़ों लोगों के लिए आशा की किरण है। इससे स्पष्ट होता है कि प्रतिबद्धता, प्रतिभा तथा अदम्य इच्छाशक्ति से कुछ भी संभव है। भारत के पैरालम्पिक खिलाड़ियों ने देश को गौरवान्वित किया है और वे भावी पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बने रहेंगे। वे आगे बढ़ कर नए रिकार्ड तोड़ते रहेंगे। उनका संदेश है कि दृढ़ता, प्रतिबद्धता और प्रतिभा से सबसे बड़ी चुनौतियों से पार पाया जा सकता है।

# संतुलनकारी यूनीफाइड पेंशन योजना

मोदी सरकार ने यूनीफाइड पेंशन योजना की घोषणा की है जो नई और पुरानी योजनाओं में संतुलन कर केन्द्र व राज्य कर्मचारियों को संतुष्ट करने का प्रयास है।



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)

केन्द्र सरकार ने 24 अगस्त, 2024 को केन्द्र सरकार के कर्मचारियों के लिए नई यूनीफाइड पेंशन योजना-यूपीएस की घोषणा की है। वास्तव में यह एक सुनियोजित योजना थी क्योंकि इसके अगले ही दिन भाजपा नीत महाराष्ट्र सरकार ने अपने कर्मचारियों के लिए इस योजना के क्रियान्वयन की घोषणा कर दी। आशा है कि मध्य प्रदेश सरकार भी जल्द ही यह योजना लागू कर देगी। उपरोक्त घोषणायें पहले विपक्ष शासित राज्यों द्वारा पुरानी पेंशन योजना-ओपीएस पुनः लागू करने की घोषणाओं के बाद आई। इनमें राजस्थान, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश व पंजाब शामिल हैं। केन्द्र सरकार का मानना था कि इससे विपक्षी दलों को खासकर हिमाचल प्रदेश में चुनावी लाभ मिला है। आगामी चुनावों में यह परिघटना दुहराने के भय से और कांग्रेस द्वारा महाराष्ट्र में ओपीएस लागू करने की घोषणा के बाद मोदी सरकार ने यह सुरक्षात्मक कदम उठाया है। आमतौर से 1 जनवरी, 2004 के बाद सेवा में आए केन्द्र व राज्य सरकार के कर्मचारी स्वयं पर लागू राष्ट्रीय पेंशन योजना-एनपीएस ससे असहज अनुभव कर रहे थे। वे ओपीएस लागू करने की मांग कर रहे थे जिसका वादा विपक्ष शासित राज्य सरकारों ने किया था।

अब केन्द्र व भाजपा शासित राज्यों ने यूपीएस योजना पेश करते हुए उम्मीद की है कि इसे कर्मचारी संतुष्ट होंगे। क्या ऐसा होगा? ओपीएस के अंतर्गत सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उनको प्राप्त अंतिम वेतन का 50 प्रतिशत मासिक पेंशन के रूप में मिलता था। इसी प्रकार जीवन खर्चों में वृद्धि को देखते हुए सरकार 'डियरनेस एलाउंस' या डीए में वृद्धि की घोषणा करती थी। इसके साथ ही पेंशनरों के डीए में भी वृद्धि होती थी।

ओपीएस के अंतर्गत सरकारी कर्मचारी के लिए यह सबसे अच्छी बात थी। उसे एक 'पूर्व-निर्धारित' मासिक पेंशन मिलती थी, पेंशन मुद्रास्फीति से पूरी तरह सुरक्षित थी तथा उसे यह आजीवन



मिलती थी। उसकी मृत्यु के बाद उसकी पत्नी को सात साल तक यही धनराशि मिलती थी और इके बाद उसकी पारिवारिक पेंशन का 60 प्रतिशत पत्नी को आजीवन मिलता था। लेकिन सरकार के दृष्टिकोण से इससे बुरी व्यवस्था नहीं हो सकती थी। ओपीएस के अंतर्गत पेंशन दायित्व लगातार बढ़ता जाता था क्योंकि हर साल पेंशनरों की संख्या बढ़ती थी, सरकारी सेवा में आने वालों का वेतन बढ़ता था, मुद्रास्फीति सूचकांक बढ़ता था तथा जीवन प्रत्याशा भी बढ़ी थी। 1990-91 में केन्द्र का पेंशन पर खर्च 3,272 करोड़ था जो 2020-21 में 58 गुना बढ़ कर 190,886 करोड़ हो गया था। सभी राज्यों को मिला कर यह 1990-91 में 3,131 करोड़ रुपये से बढ़ कर 2020-21 में 125 गुना बढ़ कर 386,001 करोड़ रुपये हो गया था।

वित्तीय व्यावहारिकता के लिए सरकार को हर साल इसके लिए अलग से पूंजी रखनी चाहिए थी जिससे होने वाला लाभ टिकाऊ आधार पर पेंशन दायित्व पूरा करने के लिए काफी होता ताकि इसका बजट पर कोई बोझ न पड़ता। लेकिन ऐसा कभी नहीं किया गया। इसके बजाय केन्द्र और राज्य सरकारें 'पे एज़ यू गो' योजना पर चलती रहीं। इस कारण करदाताओं की वर्तमान पीढ़ी पर लगातार पेंशनधारकों का बोझ बढ़ता रहा। इन समस्याओं से निपटने के लिए तत्कालीन यूपीए अवस्थापना ने 1 जनवरी, 2004 के बाद से सेवा में आने वाले सरकारी कर्मचारियों के लिए एनपीएस की घोषणा की। ओपीएस में जहां कर्मचारियों को कोई योगदान नहीं करना होता था, एनपीएस योगदान वाली पेंशन योजना थी जिसके अंतर्गत कर्मचारी अपने वेतन का 10 प्रतिशत योगदान करते थे। सरकार इसमें 14 प्रतिशत का योगदान कर इसे कर्मचारियों के एनपीएस खातों में जमा कर देती थी। इस प्रकार एकत्र धनराशि को विभिन्न निवेश उपकरणों में निवेश किया जाता था जिनमें ईक्विटी व सरकारी बांड, आदि शामिल थे। यहां कर्मचारी के सेवानिवृत्त होने तक यह काफी बड़ी धनराशि में बदल जाती थी।

सेवानिवृत्ति पर पेंशनधारक इसका 60 प्रतिशत निकाल सकता था और बाकी 40 प्रतिशत से भुगतान खरीद सकता था। इस प्रकार एनपीएस पेशन दायित्वों से निपटने के लिएएक सेल्फ-फाइनेंसिंग तथा पूर्णत: फंडेड व्यवस्था थी। इसमें राज्यों को पता रहता था कि 'कितना योगदान करना है।' इससे बजट पर कोई बोझ नहीं पड़ता था तथा कर्मचारी को अच्छी पेंशन मिलती थी जो किए गए योगदान, सेवा में आने की तिथि, निवेश के प्रकार तथा इस निवेश से होने वाले लाभ पर निर्भर थी। लेकिन पेंशनर के दृष्टिकोण से यह ओपीएस के समान नहीं थी।

मोदी ने इन दोनों के बीच खाई पाटने के लिए नई यूपीएस योजना शुरू की है। लेकिन क्या ऐसा होता है? 1 अप्रैल, 2025 से लागू यूपीएस के अंतर्गत कर्मचारियों को 1 जनवरी, 2004 के बाद सेवा में आने वाले कर्मचारियों तथा सेवा में 25 साल या उससे अधिक पूरे करने वालों के लिए सेवानिवृत्ति के बाद अंतिम 12 महीने में प्राप्त औसत मासिक वेतन का 50 प्रतिशत पेंशन के रूप में दिया जाएगा। लेकिन 25 साल से कम सेवा वाले कर्मचारियों को समानुपातिक रूप से कम पैसा मिलेगा। न्यूनतम 10 साल सेवा वाले कर्मचारियों को 10,000 रुपये प्रति मास पेंशन की गारंटी दी गई है।


यदि कर्मचारी की मृत्यु सेवानिवृत्ति के पहले हो जाती है तो उसके पति या पत्नी को पेंशन दी जाएगी, लेकिन यह धनराशि कर्मचारी को उसकी मृत्यु के तत्काल पहले मिली पेंशन का 60 प्रतिशत होगी। 31 मार्च, 2025 के पहले सेवानिवृत्त कर्मचारियों को यूपीएस के अंतर्गत बकाया मिलेगा। यह योजना पेंशन गारंटी पर डीए की व्यवस्था करती है। डीए की गणना औद्योगिक कर्मचारियों के अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आधार पर की जाएगी। सरकार ने कहा है कि वह एक पेंशन कार्पस बनाएगी जिसमें कर्मचारी द्वारा योगदान किए गए 10 प्रतिशत के साथ सरकार का 18.5 प्रतिशत योगदान जमा होगा। इस पेंशन कार्पस को दो भागों में बांटा जाएगा। व्यक्तिगत पेंशन फंड-आईपीएफ में कम्चारी का 10 प्रतिशत योगदान तथा सरकार का समान योगदान जमा किया जाएगा। इसके साथ ही सरकार के बाकी 8.5 प्रतिशत का एक अन्य पूल कार्पस बनाया जाएगा।

कर्मचारी केवल आईपीएफ निवेश के लिए अपनी पसंद बता सकते हैं। उच्च पेंशन की इच्छा रखने वाले कर्मचारियों को अपनी पेंशन धनराशि का निवेश बेहतर लाभ के लिए उच्च जोखिम वाले उपकरणों में करने का विकल्प होगा। लेकिन यूपीएस केवल उन लोगों को गारंटी देगा जो 'डिफाल्ट इन्वेस्टमेंट विकल्प' चुनेंगे। इसका अर्थ है कि कर्मचारी को आईपीएफ प्रबंधन की पूरी जिम्मेदारी सरकार को सौंपनी होगी। यूपीएस के अंतर्गत पेंशनधारक की मृत्यु की स्थिति में पूंजी उसके वारिसों को लौटाने की कोई व्यवस्था नहीं है। यूपीएस में सरकार के दृष्टिकोण से यह एक अच्छा कदम है।

इस प्रकार यूपीएस अपनी योजना में ओपीएस द्वारा दी जाने वाली सुविधायें देने का प्रयास करता है, जबकि यह एनपीएस की सेल्फ-फाइनेंसिंग व पेंशन दायित्वों से मुक्ति वाली चीजें बनाए रखता है। इससे करदाताओं पर थोड़ा अतिरिक्त बोझ पड़ता है क्योंकि सरकार ने अपने योगदान में 4.5 प्रतिशत वृद्धि की है। हालांकि, सरकार ने यूपीएस की योजना बनाने के लिए एक समिति का गठन किया था और इस समिति ने अनेक कर्मचारी संगठनों के सुझाव भी प्राप्त किए थे। यूपीएस की योजना बनाने वाले कर्मचारी संगठनों के नेता इस पेंशन योजना के पक्ष में कर्मचारियों को समझाने बुझाने का प्रयास कर रहे हैं। लेकिन इसके बावजूद यह सवाल उठता है कि क्या कर्मचारी यूनीफाइड पेंशन योजना-यूपीएस से पूरी तरह संतुष्ट होंगे।

इसके जवाब दोनों प्रकार के हो सकते हैं। यदि कर्मचारी तार्किक रूप से विचार करें तो वे इसके पक्ष में 'हां' कहेंगे। लेकिन यदि वे ऐसा नहीं करते हैं तो यूपीएस को 'न' कहेंगे। उदाहरण के लिए, वे अब भी यह तर्क दे सकते हैं कि पुरानी पेंशन योजना-ओपीएस में उनको बिना कोई योगदान किए 50 प्रतिशत पेंशन मिलती थी, जबकि यूपीएस के अंतर्गत कर्मचारी को हर महीने अपने वेतन में मूल वेतन व डीए के 10 प्रतिशत का योगदान करना पड़ेगा।

# गणेश को भाते मिट्टी के गणेश



**विजय मिश्रा 'अमित'**
अग्रोहा कालोनी रायपुर

देवकी-वासुदेव लल्ला कन्हैया की तरह ही उमा-भोलेनाथ लल्ला गणेश की पूजा धूम-धड़ाका, नाचा गाना के साथ भक्तगण करते हैं। भाद्रपद के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी अर्थात गणेश अवतरण दिवस से चतुर्दशी तक गणपति मूर्ति की स्थापना की जाती है।ऐसे ही समय में

डॉ खूबचंद बघेल चौक पर स्थापित गणेश के साथ मेरी भेंट हो गई। सादर शिष्टाचार उपरांत मैंने हाल-चाल पूछा तो वे बोले - बढ़िया बढ़िया हाल चाल हो तभी तो भेंट मुलाकात होती है भाई।

मैंने सहमति में सिर हिलाते हुए गणेश जी से उनके जन्म-जीवन के संबंध में पूछा तो अपने सूंड को मेरी पीठ पर रखते हुए बोले- मेरी जयंती की कहानी बड़ी रोचक है भाई। मेरी माई पार्वती ने नहाते समय हल्दी,मिट्टी तेल निर्मित उबटन से मुझे सृजित किया और मेरा नाम विनायक रखा।आगे मेरे रूप-रंग, कर्म- धर्म को देखते हुए गजानन, गणेश, गणपति, लम्बोदर, शूर्पकर्ण आदि नाम से मैं सुशोभित हुआ।

बातचीत को आगे बढ़ाते हुए मैंने कहा - वर्ष में एक बार आपको दस दिनों तक बिठाने के पश्चात जब विसर्जित करते हैं तो हमारे बाल गोपाल बहुत रोते बिलखते हैं। आपको ऐसे विसर्जित करने के पीछे की कहानी क्या है?

इस पर गणेश जी खिलखिला कर हंस पड़े।उनका पेट भी थुलथुल हिल रहा था।अपने हिलते पेट को सहलाते हुए उन्होंने ने कहा- दरअसल नन्हें मुन्ने बच्चे मुझे मित्र की तरह मानते हैं। निडरता पूर्वक वे मुझे क्रिकेटर, डॉक्टर, किसान, सोल्जर, स्पाइडर-मैन के रूप में बनाते,बैठाते,पूजते हैं। इसीलिए मेरे विसर्जन के समय मित्र खोने की पीड़ा उन्हें रूलाती है।

इतना कहकर कान में बैठे मच्छर को सूंड से उड़ाते हुए बोले- महर्षि वेदव्यास जी ने महाभारत की कथा लिखने की जिम्मेदारी दी थी। वे बोलते गए और मैं लगातार लिखता गया। तब मेरा पूरा शरीर तपने लगा था। मुझे शीतलता प्रदान करने के लिए शीतल जल में उतारा गया था।तभी से मेरे विसर्जन की परम्परा अनवरत चली आ रही है।

बातचीत आगे बढ़ाने के पहले एक हाथ लम्बा खीरा को छीलकर उन्हें खिलाते हुए मैंने पूछा-दस दिनों तक आप अपने घर परिवार से दूर हमारे साथ रहते हैं। आपके परिजन चिंतित तो रहते होंगे? मेरे इस सवाल उन्होंने कहा- अरे भाई मत पूछो,वे तो मुझे समझा बुझाकर भेजते हैं।



पृथ्वी पर जाकर सम्हलकर रहना। वहां विविध किस्म के प्रदूषण और खान-पान की चीजों में भारी मिलावट का बोल बाला है। कुछ भी मत खा पी लेना। कहीं भी आसन जमाना तो मलेरिया- डेंगू मच्छर से बच के रहना।

इतना कहते कहते गणेश जी अपनी छोटी-छोटी आंखें चारों तरफ घूमा कर देखने लगे कि आसपास कोई खतरनाक मच्छर, मक्खी कीड़ा- मकोड़ा तो नहीं है। मैंने उनके डर को दूर करते हुए कहा- आप चिंता न करें यहां कछुआ छाप अगरबत्ती जलाएं है। मेरी बात से वे थोड़े मुसकाए। फिर सूंड़ लम्बी करके थाली में रखे आठ दस लड्डूओं को चबा गए और ताम्रपात्र में रखे पानी को गटागट पीने के बाद ढकार लेते हुए बोले- हां अब पूछो क्या पूछना है।

यह सब देखकर झिझकते हुए मैंने कहा- आप तो बड़े खबड़ू हैं।आपको कौन कौन सी चीजें अच्छी लगती हैं। इस पर उन्होंने कहा -मिठाईयों में मोदक,फलों में केला, सीताफल, फूलों में गेंदा- कमल और वनस्पतियों में दुबी सर्वाधिक प्रिय है।वैसे भक्तगण जो खिला-पिला देते हैं, मैं प्रेम पूर्वक खा- पी लेता हूं। किसी प्रकार के नाज़ नखरे नहीं दिखाता।

यह सुनकर मैंने कहा- वाह,यह तो बड़ी अच्छी बात है। तभी आपके परिवार में सुख- शांति बनी रहती है।समस्त इंसानों को भी आपकी तरह ही सरल स्वभाव को रखना चाहिए।अच्छा गणेश जी आपके परिवार में कौन कौन हैं।

इस पर गणेश जी अपने गोल-मटोल उदर को सहलाते हुए बोले-मेरी दो अर्द्धांगिनियां रिद्धि -सिद्धि हैं। स्वास्तिक के चिन्ह पर बनी दो रेखाएं रिद्धि- सिद्धि की ही प्रतीक होती हैं। शुभ और लाभ दो बेटे और एक बेटी है,जिसे तुम लोग संतोषी माता के रूप में पूजते हो। तुष्टि - पुष्टि नाम की दो बहुएं हैं, जिनके दो बेटे माने मेरे पोते आमोद-प्रमोद हैं।

अरे वाह। आप भी छोटा परिवार सुखी परिवार के पक्षधर हैं कहते हुए मैंने पूछा- अपने भक्तजनों को क्या संदेश देना चाहेंगे? इस पर वे बोले हमारे देश में भाईचारा और एकता की भावना को बनाए रखने हेतु सर्वप्रथम लोकमान्य तिलक ने गणेश स्थापना की पहल की थी। इस पवित्र उद्देश्य को बनाए भक्तगण अपनी कला संस्कृति को अपनाएं। फूहड़ कानफोड़ू नाच गाना से दूर रहें। मेरा विसर्जन नदी तालाब में करते हैं अतः पानी के प्रदूषण और जलीय जीवों की रक्षा हेतु बिना रासायनिक रंग पेंट से रंगे मिट्टी से ही निर्मित मेरी मूर्ति की स्थापना करें। इतना कहते कहते गणेश जी ऊंघने लगे। रात काफी हो गई थी, अतः अभिवादन करके विदा ले लिया।

## आप की बात

### कौशल प्रशिक्षण जरूरी

**प्रदेशों** की अधिकांश शिक्षण संस्थानों में लागू पाठ्यक्रम में केवल डिप्लोमा और डिग्री आदि की सैद्धांतिक पढ़ाई हो रही है। यह आजीविका चलाने में ज्यादा उपयोगी न होने के कारण शिक्षित व्यक्ति को रोजगार हेतु भटकना होता है या कोचिंगों की भारी फीस देकर प्रतियोगी परीक्षाएं भी उत्तीर्ण करनी पड़ती हैं। व्यावहारिक जीवन में शिक्षित होने से अधिक उपयोगी होता है प्रशिक्षित या कार्य विशेष में दक्ष होना। लेकिन पाठ्यक्रमों में इसे कम जरूरी समझने से देश में शिक्षित बेरोज़गारी बढ़ रही है। इस स्थिति को देखते हुए विषयों की केवल सैद्धान्तिक, ऐतिहासिक, दार्शनिक, राजनीतिक, सामाजिक, आदि शिक्षा के बजाय विषय इस प्रकार पढ़ाए जाने चाहिए कि उनका तत्काल व्यावहारिक उपयोग सुनिश्चित हो और छात्रों को पढ़ाई के बाद आजीविका स्वत: प्राप्त हो। हालांकि, मोदी सरकार के नए बजट में कौशल प्रशिक्षण व अप्रेंटिसशिप पर जोर दिया गया है, लेकिन अतीत में ऐसी योजनायें विफल रही हैं। आजकल अधिकांश उद्योग बहुत तेजी से रोबोटीकरण, कंप्यूटरीकरण, आदि कर रहे हैं जिनसे परंपरागत कौशल बेकार हो रहे हैं। अत: कौशल प्रशिक्षण को वर्तमान व भावी आवश्यकताओं से जोड़ते हुए शिक्षा की मुख्यधारा में लाना बहुत जरूरी हो गया है।

**- बी एल शर्मा**, उज्जैन

### पुतिन का प्रस्ताव

**रूस-यूक्रेन युद्ध** को अब ढाई वर्ष से भी ज्यादा हो गया है । शुरू में रूस समर्थकों ने दावा किया था बस 60 दिन में पूरा यूक्रेन रूस के कब्जे में होगा। 2022 से पहले रूस ने यूक्रेनी क्षेत्र-क्रीमिया, डोनेट्स्क और लुहान्स्क के कुछ क्षेत्र पर कब्जा कर लिया था। इसके बाद हुए कब्जे के बावजूद यूक्रेन के लगभग 27 प्रतिशत भाग पर ही रूस कब्जा कर पाया है। पिछले महीने यूक्रेन ने रूस के कुर्स्क क्षेत्र में हज़ारों किलोमीटर क्षेत्र पर कब्जा कर लिया था। उसी समय यूक्रेनी राष्ट्रपति ज़ेलेन्स्की ने कहा था कि यह कोई स्थाई कब्जा नहीं है, बल्कि वे क्रेमलिन को शांति वार्ता के लिए बाध्य करना चाहते हैं। शायद यूक्रेन को यह कामयाबी मिल गयी है। पुतिन ने कहा है कि भारत, चीन और ब्राजील संभावित शांति वार्ता में मध्यस्थ की भूमिका निभा सकते हैं। पुतिन को लगता है कि वे दुनिया में अलग थलग पड़ते जा रहे हैं। पुतिन का यह प्रस्ताव प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हालिया यूक्रेन यात्रा तथा उसके बाद पुतिन और बाइडेन से बातचीत के बाद आया है। इसके पहले चीन और तुर्किये के मध्यस्थता प्रस्ताव निरर्थक साबित हुए हैं। भारत और ब्राजील रूस-यूक्रेन टकराव में तटस्थ देश माने जाते हैं। देखना होगा कि क्या मोदी यह प्रस्ताव स्वीकारते हैं ?

**- जंग बहादुर सिंह**, जमशेदपुर

### टिकट-बंटवारे पर विवाद

**जम्मू-कश्मीर** में टिकट-बंटवारे को लेकर मची मारामारी के बाद अब हरियाणा में होने वाले विधानसभा के चुनावों के लिए टिकट बंटवारे को लेकर अनेक भाजपा कार्यकर्ताओं में इतना असंतोष बढ़ गया है कि वे पार्टी से इस्तीफा तक दे रहे हैं। सामान्य कार्यकर्ता के अलावा पूर्व मंत्री और विधायक तक टिकट न मिलने से नाराज होकर पार्टी त्याग रहे हैं। इससे साफ़ जाहिर होता है कि सब नेताओं को पद व कुर्सी चाहिए। बिना कुर्सी के शायद वे जनता की सेवा नहीं कर पाएंगे। इस तरह कुर्सी पाने के तिकड़मी किस्से कभी कांग्रेस में भी उस समय सुने जाते थे जब वह सत्ता में और पूरे परवान पर थी। लगभग वही हाल अब भाजपा में भी देखने को मिल रहा है। हरियाणा में दो कार्यकाल के बाद सत्ता-विरोधी लहर तथा सहयोगी जेजेपी के अलग होने के बाद किसी भी कीमत पर भाजपा चुनाव जीतने के लिए कुछ भी करने को तैयार है। इसके लिए कद्दावर विपक्षी नेताओं को टिकट दिए जा रहे हैं जिससे पुराने कार्यकर्ता और नेता नाराज हैं। हालांकि, वरिष्ठ भाजपा नेता कह रहे हैं कि सभी असंतुष्टों को मना लिया जाएगा, पर फिलहाल ऐसा होता नहीं दिखता है। आने वाला चुनाव परिणाम ही बताएगा कि भाजपा की यह रणनीति कहां तक सफल हुई।

**शकुंतला महेश नेनावा**, इंदौर

### प्लास्टिक पर प्रतिबंध

**प्लास्टिक** के मानव व पशु स्वास्थ्य के साथ ही पर्यावरण प्रदूषण पर पड़ने वाले भयंकर प्रतिकूल प्रभावों की लगातार चर्चा होती रही है। अब तक प्लास्टिक के मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जितना जाना गया था, यह उससे कई गुना ज्यादा घातक सिद्ध हो रहा है। माइक्रो प्लास्टिक के रुप में यह प्लास्टिक हमारे शरीर के एक-एक अंग में और रग-रग में प्रवेश कर चुका है। बताया गया है कि कुछ प्रभावित लोगों के मस्तिष्क में भी प्लास्टिक के लघु कण या माइक्रोप्लास्टिक पाई गई है। प्लास्टिक प्रकृति में सर्वव्यापी होता जा रहा है। प्लास्टिक प्रदूषण के कारण अब न तो पानी सुरक्षित है, न हवा और न ही वातावरण। अपनी अनेक सुविधाओं के चलते हमने प्लास्टिक के रूप में एक दैत्य को जीवित कर दिया है जो धीरे-धीरे हमें ही निगलता जा रहा है। इतना सब होने के बावजूद भी प्लास्टिक का प्रयोग बदस्तूर जारी है बल्कि और बढ़ता ही जा रहा है। इससे बचने के लिए पूरी दुनिया में उत्पादन के स्तर पर ही प्लास्टिक के विकल्प तत्काल तलाश कर हर प्रकार के प्लास्टिक उत्पादों के विनिर्माण पर प्रतिबंध लगाना होगा।

**- विभूति बुपक्या**, खाचरोद

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# तीजा-तिहार पर महिलाओं ने दिखाई अपनी प्रतिभा

## श्रृंगार सामग्री का आज होगा वितरण

पायनियर संवाददाता ➤ उतई
www.dailypioneer.com





माँ कल्याणी शीतला मंदिर मरोदा टेंक मे गुरुवार से तीजा तिहार की सुरुआत हुई। माता जी की आरती के बाद सन्ध्या करूभात का वितरण हुआ।जिसमे अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री रमसीला साहु, पूर्व विधायक प्रतिमा चन्द्राकर, रिसाली महापौर शशि सिन्हा, सभापति केशव बंछोर, पार्षद विधि यादव, डॉ सीमा साहु, डा दया साहू सहित अन्य अतिथि सामिल हुए।रात में तुषांत बारले कृत छत्तीसगढ़ी लोकमंच अंतस भिलाई की रंगारंग प्रस्तुति हुई। शुक्रवार की दोपहर महिलाओ के लिये विविध खेल कूद हुए। जिसमें महिलाओ ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। जिन खेलों में महिलाओ ने भाग लिया। उसमें प्रमुख़ रूप से गोटा, तिरीपासा, फुगड़ी, रंगोली, मेंहदी, मटका दऊड़ सुईधागा दऊड़, आलु दऊड़, जनऊला, सुरीली कुर्सी दऊड़, गोली चम्मच, धीमी चाल, मटका फोड़, सुघ्घर तिजहारिन प्रतियोगीता सम्पन्न हुई।सन्ध्या 6 बजे से माँ कल्याणी के दरबार में फूलेरा संग तीजा का पूजा-पाठ हुआ। रात्रि में विजेता तीजहारिन विजेता महिलाओ को पुरस्कृत किया गया । रात्रि में रंजीत चक्रधारी कृत कका-भतीजा छत्तीसगढ़ी नाचा गम्मत सराईपाली, कोमाखान (महासमुंद) की प्रस्तुति हुई। 8 सितम्बर की सुबह माताजी की पूजा-आरती के बाद तीजहारीन महिलाओ के लिये फरहार के साथ सुहाग श्रृंगार सामाग्री का वितरण होगा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से माँ कल्याणी शीतला मंदिर समिति के अध्यक्ष शैलेन्द्र शेली ,सचिव चोवाराम निसाद, अरुण वर्मा,मुक्तार यादव, विधि यादव,प्रमोद साहू,मिडिया प्रभारी सुरेंद्र शर्मा, मुकेश यादब, तेज राम साहु, सम्भू पटेल, पूनमचन्द सपहा रमेश वर्मा, सहित अन्य जन उपस्थित थे।कार्यक्रम का संचालन अध्यक्ष शैलेन्द्र शेली व आभार प्रमुख़ सलाहकार अरुण वर्मा ने किया।

# मनोकामना पूर्ति के लिए सुहागिनों ने हरतालिका व्रत पूर्ण किया

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



जिले के विभिन्न गांव में सुहागिन महिलाओं के द्वारा पति के दीर्घायु पूर्ति हेतु निर्जला व्रत पूर्ण किया इस अवसर पर जिला मुख्यालय में द्विवेदी निवास में हरतालिका पूजा हरितालिका व्रत कथा निर्जला उपास के साथ गंजपारा बेमेतरा में पंडित श्रीनिवास द्विवेदी के निवास में फुलेरा रखकर विधि विधान से पूजन कर माता बहनों को हरतालिका व्रत का कथा वाचन पंडित श्रीनिवास द्विवेदी द्वारा कराया गया जिसमें विशेष रूप से उनकी माता लक्ष्मी द्विवेदी बहन गीता मिश्रा चंचल शीतल सुमन शीला शर्मा अंकित मिश्रा गंजपारा बेमेतरा की महिलाएं ने बढ़ चढ़कर पूजा में हिस्सा लिया और विधि विधान से पूजन कर भगवान शंकर से अपने मनोकामना पूर्ति की वरदान मांगे।

# विभिन्न चौक चौराहों पर विघ्नहर्ता की मूर्ति स्थापित





पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

नगर में विघ्नहर्ता गणेश भगवान की गाजे-बाजे के साथ मूर्ति की स्थापना किया गया इसके साथ ही 11 दिन तक चलने वाली यह पर्व की शुरुआत हो गई इस अवसर पर कई जगहों पर विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम किए जाएंगे भादो मास के शुक्ल पक्ष को गणेश चतुर्थी मनाया गया इस पर्व में कई लोगों ने जहां अपने अपने घरों में छोटे से गणेश जी के मूर्ति रखे हैं वही नगर के के चौक चौराहे पर गणपति के लिए पंडाल बनाया गया है जहां पर गणेश जी के मूर्ति की स्थापना किया गया इस अवसर पर पंडाल में आचार्यों के द्वारा मूर्ति की विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना के साथ आरती कर उन्हें स्थापित किए गए इसके लिए शहर के विभिन्न स्थानों पर चौराहों पर मूर्ति की स्थापना के लिए तैयारी बड़े जोर शोर से कई दिन पूर्व से प्रारंभ हो गया था जिसे पंडाल के रूप में बनाया गया है जिसमें विभिन्न कलात्मक को आकर्षक रूप से उस पंडाल को भी सजाया गया है इसके पहले गणेश जी की मूर्ति को नगर के विभिन्न मूर्ति कारों के यहां से विभिन्न साधन लेकर पहुंचे जहां पर अगरबत्ती एवं श्रीफल से आरती का श्रीफल भेंट चढ़ाया गया तदुपरांत अपने साधनों में मूर्ति को बैठाकर गाजे-बाजे के साथ गंतव्य स्थान के लिए रवाना हुए जहां पर विभिन्न शुभ मुहूर्त में मूर्ति की स्थापना की गई वही नगर के कुछ चौक चौक चौराहे पर शहर से बाहर से मूर्ति लाई गई है इसमें कुछ लोगों ने 1 दिन पूर्व ही मूर्ति को शाम देर रात तक के शहर में लाए जिनका बाद में मूर्ति की स्थापना किया गया वहीं कई लोगों ने विभिन्न देर रात तक मूर्ति की स्थापना कर पूजा आरती की।

# सीएमएचओ के आदेश को ठेंगा दिखा रहे हैं डॉक्टर कार्तिक राम रात्रे



पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com

अपने कार्यशैली को लेकर हमेशा सुर्खियों मे रहने वाले डाक्टर कार्तिक राम रात्रे को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झलमला में चिकित्सा अधिकारी के पद पर पदस्थ किया गया था परंतु इनके द्वारा ग्रामीणों के साथ दुर्व्यवहार तथा एक बैगा महिला के मौत इनके ईलाज में लापरवाही की वजह से होने के कारण ग्रामीणों द्वारा शिकायत करने पर इन्हे हटा कर समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पंडरिया में कार्य करने हेतु आदेश दिया गया परंतु आदतन होने के चलते वहा पर भी अपनी मनमानी करते हुए स्टाफ के साथ दुर्व्यवहार तथा आए हुए मरीजों को बाहर मेडिकल से दवाई लेने तथा दुर्व्यवहार के कारण इनको पंडरिया से हटा कर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रेंगाखार आदेश क्रमांक 1610 दिनांक 22-02-2023 को कार्य करने आदेशित किया गया।

### बाहर की दवाई लिखते है मरीजो को

दिनांक 5-3-24 को रेंगाखार के ग्रामीणों द्वारा अस्पताल में आए मरीजों एवम् गर्भवती माताओं से निजी मेडिकल से दवाई लेने कहते है जबकि सभी जेनरिक दवाई प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रेंगाखार में ही उपलब्ध है उक्त संबंध में कलेक्टर जिला कबीरधाम को शिकायत कर तत्काल कार्यवाही करते हुए यहां से हटाने ग्रामीणों ने शिकायत गया तत्पश्चात सीएमएचओ कबीरधाम के आदेश मांक 4165 दिनांक 21 जून 2024 को प्राथमिक स्वास्थ केंद्र दामापुर में कार्य करने आदेशित किया गया है। परंतु सीएमएचओ के आदेश का अवहेलना करते हुए आज दिनांक तक रेंगाखार में ही कार्य कर रहे है जबकि इस संबंध में सीएमएचओ द्वारा प्रथम नोटिस मांक 5502/21.08.2024 तृतीय नोटिस मांक 5743/02.09.2024 जारी कर आदेशों निर्देशों का अवहेलना करने तथा आज दिनांक तक नवीन कार्यस्थल में अपना उपस्थिति नहीं उच्च अधिकारी के आदेश का अवहेलना करने नोटिस जारी किया गया है परंतु इनके द्वारा उक्त समस्त आदेशों निर्देशों का स्पष्ट उलंघन करते हुए अनाधिकृत रूप से रेंगाखार में कार्य करने आवेदन देते हुए इनके द्वारा आज दिनांक तक दामापुर में अपनी उपस्थिति नही दिए है।

### स्वयं के हस्ताक्षर से भेजते है वेतन पत्रक

प्रतिमाह बिना संस्था प्रभारी के हस्ताक्षर के अपने स्वयं के हस्ताक्षर से पे डाटा भेज कर सैलेरी प्राप्त कर रहे जिससे सीएमएचओ एवम् बीएमओ के कर्मचारी की भूमिका संदिग्ध नजर आ रही है । आखिर सक्षम अधिकारी के हस्ताक्षर के बगैर इनको प्रतिमाह वेतन भुगतान कैसे किया जा रहा है।

# भाजपा युवा नेता जयदीप गुप्ता ने सदस्यता अभियान चलाया



पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी के द्वारा सदस्यता अभियान 2024 पूरे भारत मे चलाया जा रहा है वहीं दल्ली राजहरा के वार्ड नं 21 में युवा नेता जयदीप गुप्ता ने सदस्यता अभियान चलाया है । जयदीप गुप्ता ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष पवन साहू के निर्देश पर दल्ली राजहरा में सदस्यता अभियान 2024 की शुरुआत हो चुकी है इसीलिए वार्ड नं 21 में भी सदस्यता अभियान चलाया गया जिसमें देश के सबसे पड़े पार्टी भारतीय जनता पार्टी से जुड़ने के लिए युवाओं में उत्साह देखने को मिल रहा । श्री गुप्ता ने अभी तक 170 लोगो को भाजपा की सदस्यता दिला दिया गया है आगे भी सदस्यता दिलाने का कार्य जारी रहेगा । वार्ड के इस सदस्यता अभियान में राजहरा मंडल के सदस्यता प्रभारी सुरेश जायसवाल, पूर्व युवा मोर्चा अध्यक्ष जयदीप गुप्ता, प्रकाश कुमार, जीतू ठाकुर, दामले कुमार,गुलशन मंडावी, अविनाश कुमार ,राधेश्याम, देवदास मानिकपुरी आदि उपस्थित थे।

# डी ए वी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जांता में धूमधाम से मनाया गया

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



डी ए वी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जांता में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। मौके पर छात्र-छात्राओं ने विद्यालय को बहुत ही आकर्षक तरीके से सजाया था।वही आज बहुत से छात्र -छात्रों ने अपने प्राचार्य व शिक्षक शिक्षिका बन कर विद्यालय पहुँचे व विशेष प्राथना सभा का आयोजन किया गया साथ ही छात्रा-छात्रों ने शिक्षक शिक्षिका बनकर पुरे दिन आज कक्षा संचालन किया। सर्वप्रथम विद्यालय के प्राचार्य पी एल जायसवाल ने डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के छायाचित्र में माल्यर्पण कर, दिप प्रज्वलित,गायत्री मंत्र, व डी ए वी गान के साथ ,कार्यक्रम का शुभारंभ किया । ततपश्चात प्राचार्य पी एल जायसवाल व सभी शिक्षक-शिक्षिकाओ को फूल व गुलदस्ता देकर स्वागत गान के साथ कार्यक्रम का प्रारंभ किए उसके बाद संस्था के प्राचार्य व सभी शिक्षकों ने बच्चों के साथ मिलकर केक काटे, इस शुभ मौके पर जायसवाल ने कहा कि गुरु शिष्य का रिश्ता प्राचीनकाल से चलते रहे हैं और आज भी यह कायम है। उन्होंने शिक्षक दिवस की महत्ता एवं गुरु शिष्य के रिश्तों का व्याख्यान किया।आरुणी के गुरुभक्ति, एकलव्य की गुरु के मूर्ति बना कर गुरु को ही श्रेष्ठ का रूप बताया था,छात्रों के भविष्य को उज्जवल बनाने व आगे चल के अपने लक्ष्य को प्राप्त करना ही डी ए वी संस्थान का उद्देश्य है। मौजूद छात्र -छात्राओं ने गुरु शिष्य के परंपरा को निभाने और एक अच्छे शिक्षक की तरह छात्रों ने प्रण किया कि वो अपने आस पास रहने वाले अशिक्षित, भटके हुए छात्रों को सही राह दिखाने एवं एक अच्छे इंसान बनने की प्रेरणा देंगे। कहा कि वैसे तो शिक्षक दिवस सभी देशों में अलग अलग तिथि को मनाया जाता है, लेकिन भारत में पांच सितंबर डा सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म के अवसर पर मनाया जाता है। जो एक शिक्षक होते हुए भारत के प्रथम उप राष्ट्रपति एवं द्वितीय राष्ट्रपति भी बने थे। उन्हें भारत रत्न से भी समान्नित किया था। भारत में बहुत सारे महान लोग है पर डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिन पर ही क्यों मनाया जाता है, क्योंकि वे बच्चों से बहुत प्यार करते थे। व इस अवसर पर कक्षा 9 वी से 12 तक के विद्यार्थियों ने नृत्य प्रस्तुत किया। सभी छात्र-छात्राओं ने गुरु भक्ति पर सुन्दर संगीत प्रस्तुत किया। साथ ही शिक्षकों के लिए भी अनेक खेलों का आयोजन किया गया था,संस्था के प्राचार्य पी. एल. जायसवाल सहित विद्यालय के शिक्षक ललित देवांगन, सुमित्रा पटेल,अखिलेश पटेल, निशुगुप्ता, आयुषी जैन, अनिल कुमार, गोविंद साहू, कैलाश सिंह,छोटू राम साहू, सरिता साहू, सविता साहू, मनीषा सोनी,रितिका साहू,रेणुका पटेल,उमेश साहू,विमल साहू,दीपक वर्मा, देवीका जैन,नम्रता चुर्वेदी, अभिषेक दुबे,मधुस्मिता बेहरा, सरपंच ग्राम जांता हेमलाल चंद्राकर के साथ अभिभावकगण, सुखदेव साहू, विजय चंद्राकर,रामेश्वरी, रूखमणी,नरेंश साहू व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# कर्मा भवन में 4.50 लाख की लागत से होगा सौदर्यीकरण



पायनियर संवाददाता ➤ उतई
www.dailypioneer.com

कर्मा सामुदायिक भवन में 4.50 लाख की लागत से लगने वाले फेवर ब्लाक सौंदर्यीकरण कार्यो का भूमिपूजन विधिवत किया गया । जिसमे मुख्यातिथि नगर पंचायत उतई के अध्यक्ष डिकेन्द्र हिरवानी थे। अध्यक्षता नगर साहू समाज के अध्यक्ष किशोर साहू ने की। विशिष्ठ अतिथि लोक निर्माण विभाग के सभापति तोषण साहू, पार्षद राकेश साहू, पार्षद डॉ प्रहलाद वर्मा थे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर साहू समाज उपाध्यक्ष खूबीराम साहू, नगर साहू समाज के सचिव गिरीश साहू, नगर साहू समाज के कोषाध्यक्ष लक्ष्मण साहू, ऋषि साहू, पार्षद वीरेंद्र गोस्वामी, पूर्व एल्डरमेन प्रेमनारायण साहू, नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बहादुर नेताम, सुमन्त साहू, पूर्व पार्षद नरेंद्र साहू, घनस्याम साहू, द्वारिका साहू, भावेश साहू, सुभाष साहू, कांति साहू, डॉ एसआर दीपज्योति, युगल साहू, कुंदन साहू, चुन्नीलाल साहू , हिमांचल साहू, दुष्यंत साहू, शैलेंद्र साहू, एसके सिंह, देवेंद्र राजपूत सहित सैकड़ों नगरिक उपस्थित थे।

## आगामी नेशनल लोक अदालत के संबंध में हुई बैठक

**बेमेतरा।** 21 सितम्बर 2024 नेशनल लोक अदालत के सफलतापूर्वक आयोजन हेतु माननीय बृजेंद्र कुमार शास्त्री प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा की अध्यक्षता में व निधि शर्मा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा उपस्थिति में बैंक अधिकारीगण के साथ बैठक आयोजित किया गया। उक्त बैठक में संबंधित विभाग से अधिक से अधिक प्री-लिटिगेशन प्रकरणों के निराकरण के लिए उनके समय सीमा पर प्रस्तुतिकरण पंजीयन एवं नोटिस तामिली पर चर्चा की गई।

## नीलमणि (नीलू) चन्द्राकर का निधन



**उतई।** ग्राम लोहरसिंग निवासी नीलमणि (नीलू) चन्द्राकर उम्र 56 साल पितां बाबूलाल चन्द्राकर का शनिवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम सस्कार 8 सितंबर दिन रबिवार को सुबह 9 बजे मुक्तिधाम लोहरसिंग (तर्रा) पाटन में होगा। वह मेघाली व सृष्टि के पिता तथा भाजपा उत्तर पाटन मंडल अध्यक्ष लोकमनी चन्द्राकर के बड़े भाई व जिला पंचायत सदस्य हर्षा चन्द्राकर के जेठ थे।

# पत्रकार पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ➤ उतई
www.dailypioneer.com



ग्राम सेलूद में पत्रकार किशन हिरवानी पर जानलेवा हमला करने वाले 5 आरोपियों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। 4 सितंबर को वह अपने स्टूडियों में बैठा था। तभी दो व्यक्ति फोटो खिंचाने के नाम पर आया और पत्रकार किशन हिरवानी पर हमला कर दिया। पीड़ित ने उतई थाने में घटना की रिपोर्ट दर्ज कराया था। इस मामले में पुलिस ने 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं सेलूद के ही वर्षा रेस्टोरेंट के संचालक देवानंद उर्फदेवा साहू की पुलिस तलाश कर रही है। जिसके कहने पर आरोपियों ने पत्रकार पर हमला किया था। रिपोर्ट के मुताबिक, 4 सितंबर की दोपहर 1.50 बजे पत्रकार किशन हिरवानी अपने फोटो स्टूडियो में बैठा था। तभी दो आरोपी आये और प्रार्थी पर हमला कर दिया। इस दौरान घटना को देखकर आसपास के लोगों को आता देख आरोपी भावेश साहू और ऋषि ठाकुर और एक अन्य साथी भाग निकले। प्रार्थी किशन हिरवानी कि रिर्पोट पर धारा 333,109,3 (5) के तहत अपराध दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला ने थाना प्रभारी उतई विपिन रंगारी को त्वरित कार्यवाही करने के दिए थे। आरोपियों की तलाशी के दौरान फरार आरोपी भावेश साहू को ग्राम खोपली से हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। आरोपी ने बताया कि वर्षा रेस्टोरेंट सेलूद का मालिक देवानंद साहू उर्फ देवा ने तीन दिन पहले भावेश साहू, भुनेश्वर आग्नेकर, ऋषि ठाकुर, राकेश मारकण्डे एवं खोपली के यतीश को बुलाया था और बोला था कि सेलूद के पत्रकार किशन हिरवानी से मेरा झगड़ा हुआ है, उससे मेरा पुराना झगड़ा है, उसको मारना है या फिर हाथ पैर तोडना है, जिसके लिए काम होने के बाद अच्छा ईनाम दूंगा। आरोपियों ने कबीर स्टूडियो का रेकी कर 4 सितम्बर को जब स्टूडियो में कोई नहीं था तब जाकर किशन हिरवानी को जान से मारने की नियत से वैसबाल बैट से सिर हाथ पैर में चोट पहुंचाया। आरोपी भावेश साहू निवासी खोपली ने बताया कि घटना में 4 अन्य साथी भुनेश्वर आग्नेकर, ऋषि ठाकुर, राकेश मारकण्डे एवं यतीश चन्द्राकर शामिल थे। पुलिस ने घटना में शामिल अन्य आरोपी भुनेश्वर आग्नेकर निवासी गोंडपेण्ड्री, ऋषि ठाकुर , राकेश मारकण्डे एवं यतीश चन्द्राकर निवासी खोपली को उनके पते पर दबिश देकर हिरासत में लिया है। आरोपियों द्वारा घटना में प्रयुक्त वैसबाल बैट, एक बाइक हीरो स्पेण्डर प्रो एवं पल्सर , तीन मोबाइल को जब्त किया गया। आरोपी वर्षा रेस्टोरेंट के संचालक देवानंद उर्फदेवा साहू घटना के बाद से फरार है, जिसकी तलाश की जा रही।

# एथेनाल प्लांट के विरोध में व्यापारियों ने दिया समर्थन, आज बंद रहेगी रांका कठिया की सभी दुकानें

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

रांका और पथर्रा में गांव के बीच कृषि भूमि में एथेनाल और पावर प्लांट लगाने के विरोध में रांका में आसपास के तीस गांवों के लोगों के द्वारा 08 सितंबर रविवार को विशाल महापंचायत का आयोजन रखा गया है जिसके समर्थन में रांका और कठिया के समस्त व्यापारियों ने रविवार को अपनी दुकानें बंद रख कर इस महापंचायत को समर्थन करने का निर्णय लिया है। बंजर ज़मीन में लगने वाले प्लांट को गांव के अंदर कृषि भूमि में लगाने के विरोध में रांका और पथर्रा सहित आसपास के तीस गांवों के लोगों द्वारा08 सितंबर रविवार को महापंचायत का आयोजन रखा गया है।जहां शासन प्रशासन द्वारा उद्योग के हित को सर्वोपरी मानते हुवे ग्रामीण किसान जनता की आवाज को दबाने हर तरह की युक्ति अपनाए जाने से किसानों में भारी आक्रोश पनप रहा है।विगत दो तीन माह से इसके लिए गांव गांव में लगातार बैठके की जा रही है।रांका में जब से सुयश बायो फ्यूल के लिए भूमि के डायवर्शन की प्रक्रिया प्रारंभ हुई है तब से लेकर आज तीन वर्षो से यहां के किसान विरोध कर रहे हैं।किसानों का कहना ये प्लांट निर्जन क्षेत्र में बंजर जमीन में लगने वाला प्लांट है।इस क्षेत्र में भैंसा में संचालित प्लांट की भयंकर बदबू और प्रदूषण ने आग में घी डालने का काम कर रही है।इस क्षेत्र के लोग लगातार भैंसा गांव में संचालित प्लांट से होने वाली बदबू और प्रदूषण का अवलोकन कर रहे है।भैंसा और उसके आसपास के गांव के ग्रामीणों से रूबरू होने के बाद उनकी परेशानी सुनने और स्थल का मुआयना करने के बाद इस क्षेत्र की जनता में शासन प्रशासन के प्रति भयंकर आक्रोश पनप रहा है।और उसी की परिणीति स्वरूप महापंचायत का आयोजन रखा जा रहा है। पहले जहां केवल रांका और पथर्रा के ग्रामीण विरोध कर रहे थे वही अब परिस्थिति वश इसका दायरा आस पास के तीस पैंतीस गांवों तक फैल चुका है।सुयश बायो फ्यूल के प्रोजेक्ट रिपोर्ट के अनुसार शिवनाथ नदी से आठ लाख लीटर पानी प्रतिदिन इस प्लांट के लिए लिया जाना प्रस्तावित है वही पथर्रा प्लांट के लिए प्रतिदिन 4लाख लीटर पानी का दोहन किया जाना है।उसके साथ ही सरदा में निर्माणाधीन में रायजन स्पंज आयरन द्वारा लाखो लीटर पानी का दोहन शिवनाथ से ही किया जाएगा।और इसके वेस्ट को इसी नदी में प्रवाहित किया जायेगा। एथेनाल प्लांट जैसे गंदी बदबूदार प्लांट को चार से पांच किलोमीटर के दायरे में तीन चार प्लांट को कैसे अनुमति दी जा रही है इससे ग्रामीण किसान स्तब्ध है।उल्लेखनीय है की ग्राम कठिया में भी एथेनाल प्लांट प्रस्तावित है।सरपंच सचिव द्वारा गांव वालों को बिना विश्वास में लिए गुपचुप एनओसी जारी करने से भी ग्रामीण जनता में बहुत अधिक गुस्सा है।गुस्सा का आलम ये है की सरपंच सचिव जनता से कन्नी काटते फिर रहे है।गांव में विशेष ग्राम सभा कर इनकी एनओसी निरस्त करने के प्रस्ताव को अनदेखा किया जा रहा है।जबकि पंचायती राज में ग्राम सभा सर्वोपरी ,जिसके द्वारा पारित प्रस्ताव को सुप्रीम कोर्ट भी खारिज नही कर सकता ,उसकी उपेक्षा स्थानीय प्रशासन रद्दी की टोकरी में डाल कर कर रहा है। इन सब में रोचक तथ्य ये है की रांका में प्लांट द्वारा अवैध रूप से बच्चो का खेल मैदान और धरसा को सुयश बायो फ्यूल द्वारा पक्की बाउंड्री से घेर दिया गया और जब ग्रामीणों ने इसकी शिकायत तहसीलदार से की तब पहले तो तहसीलदार द्वारा इसे नजर अंदाज किया जाता रहा है जब ग्रामीणों का दबाव बढ़ा तो आनन फानन में जमीन सुयश बायो फ्यूल को दे दी गई। उल्लेखनीय है की इस जमीन पर गांव के युवा छात्र सेना और पुलिस में नौकरी में भर्ती के लिए अभ्यास करते है और बहुत से लोग इसमें सफल हो कर नौकरी प्राप्त कर चुके है।इस क्षेत्र की जनता को समझ नही आ रहा है की उनके आपने द्वारा चुने हुवे जनप्रतिनिधि से लेकर प्रशासन के उच्च पद और बैठे व्यक्ति इन उद्योग पतियों के प्रति इतनी उदार मेहरबान और वफादारी क्यों निभा रहे है।रोजगार की बात करने वालों ने इस बात का संज्ञान लेना भी जरूरी नहीं समझ रहे है की स्थानीय के बजाय पूरे बिहार और बंगाल के लोगो को यहां लाकर काम कराया जा रहा है,पुलिस विभाग इनका वेरिफिकेशन भी जरूरी नहीं समझ रही है।जिससे असामाजिक तत्वों का जमवाड़ा बढ़ता जा राह है।विगत सप्ताह सुयश बायोफ्यूल के इन्ही असामाजिक कर्मचारी द्वारा हाई स्कूल कठिया रांका की स्कूली छात्राओं से छेड़ छाड़ किया जा रहा था जिस पर स्थानीय युवाओं ने इन बदमाशो की जम कर पिटाई भी कर दी।मामले को दबाने फैक्ट्री प्रबंधन ने आनन फानन में इन बदमाशो को भगा कर मामले को दबाने का कार्य किया है।जिससे ग्रामीणों में गुस्सा दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है।उन्हें समझ नही आ रहा सारे नियम कानून को ताक पर रखकर शासन प्रशासन फैक्ट्री मालिक पर इतना मेहरबान क्यों है।इन सबकी ही परिणीति है की ग्रामीण किसान जनता महापंचायत करने बाध्य है।प्राप्त जानकारी के अनुसार इस महापंचायत में स्थानीय किसान बड़ी संख्या में किसान आंदोलन की तर्ज पर ट्रैक्टर ले कर शासन प्रशासन का घेराव और दीर्घ कालीन आंदोलन की रणनीति पर मंथन कर रहे है।ये महापंचायत को किसान इन प्लांट में ताला बंदी तक चलाने के मूड में नजर आ रहे है।आम किसानो के आक्रोश को शासन प्रशासन भांप पाने में असफल नजर आ रहा है।

# पति की लंबी उम्र के लिए महिलाएं दिनभर निर्जला उपवास रखी, उपासक महिलाओं का समूह पूजन विधि में जुटा रहा

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



पति की लंबी उम्र के लिए महिलाएं शुक्रवार को दिनभर निर्जला उपवास रखी। शाम ढ़लने के पूर्व हर मोहल्ले में मंदिरों अथवा किसी एक स्थान पर उपासक महिलाओं का समूह पूजन विधि में जुटा रहा। घरों में प्रसाद के लिए ठेठरी, कुर्मी, गुझिया जैसी चीजें बनाई गई। गुरूवार को करू भात की रस्म अदा की गई। महिलाएं अलग-अलग टोलियों में मोहल्लों में घूमी और मिलजुलकर करू भात खाई। इसमें मुख्य रूप से चावल और करेला खाया गया। अखण्ड सौभाग्य के लिए गुरूवार को सुहागिनों ने व्रत रखकर पूजा-अर्चना की। 30 घंटे तक अन्न-जल का त्याग करते हुए भगवान शिव व माता पार्वती की उपासना का पर्व हरतालिका तीज गुरूवार की रात भोजन ग्रहण करने के साथ शुरू हो गया। सुहागिनों ने अखंड सौभाग्यवती होने का वर मांगकर मंगलवार को पूजा-अर्चना की। उपासना में लीन महिलाओं का व्रत बुधवार की सुबह पूरा होगा। शुक्रवार शाम व्रत रखने वाली महिलाएं जागरण करते हुए पूजा-पाठ में जुटी रही। सुहाग की प्रत्येक सामग्री के साथ सोलह श्रृंगार में सज-धज कर महिलाओं ने सामूहिक रूप से भगवान शिव व माता पार्वती की पूजा-अर्चना की। हरितालिका तीजा पर्व मनाने के लिए मायके जाने को लेकर सोमवार-मंगलवार को बस स्टैंड व बस-टैक्सियों में महिलाओं की भीड़ रही। तीजहारिन महिलाओं ने शाम विशेष पूजा अर्चना कर करू भात खाकर पति के दीर्घायु के लिए निर्जला व्रत शुरू की। पर्व पर तीजहारिनों को मायके में नए कपड़े, गहने व श्रृंगार सामान भेंट किया जाता है। करू भात में करेला की सब्जी बनाई जाती है, इसलिए इसकी कीमत तीजा पर बढ़ जाती है। तिजहारिन महिला सीता, सावित्री, मंजूरानी, तुलेश्वरी, अंजली, गायत्री ने बताया कि भजन-कीर्तन, पूजन अर्चन कर उपवास रखती हैं। हरितालिका तीज का त्यौहार शिव और पार्वती के पुनर्मिलन के अवसर पर मनाया जाता है। भगवान शिव को पति के रूप में पाने के लिए मां पार्वती ने 107 जन्म लिए। मां पार्वती के कठोर तप के कारण उनके 108वें जन्म में भगवान शिव ने पार्वती को अपनी अर्धांगिनी के रूप में स्वीकार किया था। उसी समय से ऐसी मान्यता है कि इस व्रत को करने से मां पार्वती प्रसन्न होकर पति के दीघार्यु होने का आशीर्वाद लेती है।

शाम के समय दोबारा स्नान कर साफ कपड़े पहनकर महिलाएं श्रृगार की। पूजा-पाठ कर महिलाएं हरतालिका व्रत की कथा सुनी। सुबह से लेकर रात तक महिलाओं ने पूजन की तैयारी की । रात्रि में घर पर ही हरितालिका व्रत पूजन के लिए फूलों से सजा मंडप फुलेरा सजाया। जिसमें भगवान शंकर की पूजा करते पाव्रती व सखी की मूर्ति रखकर वैदिक मंत्रोच्चारण कर पूजन की गई। इस दौरान पंच द्रव्यों से अभिषेक किया, फिर पुष्पों से श्रृंगारित कियां उसके बाद श्रृंगार की सामग्री अर्पित कर भोग में पारंपरिक व्यंजन व फ्ल अर्पित किए। पूजन में कथा का श्रवण महिलाओं ने किया। इसके बाद रात-भर भजन,कीर्तन, करते हुए मंगल कामना करती रहीं । परिवार की खुशहाली ,सुख समृद्धि ,व अखंड सुहाग की कामना की।

# बिलासपुर संभागायुक्त महादेव कावरे ने बाराद्वार शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का किया औचक निरीक्षण

पायनियर संवाददाता < जैजैपुर
www.dailypioneer.com



बिलासपुर संभागायुक्त महादेव कावरे ने रायगढ़ प्रवास के दौरान बाराद्वार शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त महादेव कावरे द्वारा स्कूल के कक्षाओं में चल रहे पढ़ाई की व्यवस्था का निरीक्षण किया गया तथा अध्ययनरत छात्राओं से पढ़ाए जाने वाले विषय, पढ़ाई की गुणवत्ता सहित अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी भी ली गई तथा उपस्थित शिक्षक, शिक्षिकाओं को बच्चों का बेहतर भविष्य बनाने के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त द्वारा लैब रूम और प्रैक्टिकल कक्ष में रखे गए उपकरणों का नाम भी उसके सामने लिखे जाने के निर्देश दिए गए ताकि बच्चों को उपकरणों के बारे में व्यवस्थित रूप से जानकारी मिल सके। निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त श्री कावरे द्वारा विद्यालय में अध्यनरत छात्राओं से प्रश्न भी पूछा गया जिस पर बच्चों द्वारा सही जवाब दिए जाने पर उन्होंने बच्चों को पुरस्कृत भी किया। इसके साथ ही संभागायुक्त ने उपस्थित सभी विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित भी किया। इस दौरान एसडीएम सक्ती अरूण सोम, जिला सांख्यिकी अधिकारी श्री राकेश अग्रवाल, प्राचार्य दाताराम कातले सहित विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं आदि उपस्थित थे।

## ग्राम देवरहट में शासकीय भूमि पर अवैध कब्जे को हटाया गया



**मुंगेली।** कलेक्टर के निर्देश पर जिले के लोरमी तहसील के ग्राम देवरहट में शासकीय भूमि पर अवैध कब्जे को हटाया गया। लोरमी एसडीएम अजीत पुजारी के नेतृत्व में नायब तहसीलदार एम.के. कौशिक, लालपुर एवं लोरमी थाना प्रभारी की संयुक्त टीम ने यह कार्यवाही की है। गौरतलब है कि कलेक्टर द्वारा कानून व्यवस्था के मद्देनजर शासकीय भूमि पर अवैध कब्जे को हटाने के निर्देश समय-समय पर दिए जाते रहे हैं। ग्राम देवरहट में शासकीय भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत लगातार मिल रही थी, जिसे संज्ञान में लेते हुए यह कार्यवाही की गई है।

# सुहागिनों ने रखा तीज व्रत, रात भर हुई शिवजी की पूजा-अर्चना

**पति की लंबी आयु के लिए 24 घंटे अन्न-जल त्यागकर सौभाग्य की कामना**

पायनियर संवाददाता < जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com



जिले में महिलाओं ने हरतालिका तीज का व्रत रखा। इस वजह से भक्तिपूर्ण माहौल और त्योहार की धूम रही। सुहागिनों ने तीज का व्रत रखकर भगवान की आराधना की। रात भर भजन-कीर्तन चलते रहे। बता दे कि अखंड सौभाग्यवती रहने की कामना के साथ सुहागिनों ने बिना अन्न-जल ग्रहण किए तीज व्रत सुबह से देर रात रखा। मिट्टी का शिवलिंग बनाकर और उसे फूलों से सजाकर रात भर भगवान शंकर की आराधना की गई।पति को किसी प्रकार की दुख तकलीफ न हो इसके लिए भगवान शिव व पार्वती से प्रार्थना की और मंदिरों में जाकर तथा अपने घरों में पूजा अर्चना की। पूजा के दौरान आचार्यो ने भगवान शिव एवं मां पार्वती की हरितालिका की कथा विधिवत सुनायी।

तीज व्रत को लेकर महिलाओं में काफी उत्साह दिखा खासकर जिनका पहला तीज व्रत था। व्रत को लेकर महिलाओं की काफी उत्साहित थी। पूजन के लिए महिलाओं के साथ युवतियों की भी सहभागिता रही। सोलह श्रृंगार कर महिलाओं ने पारंपरिक रूप से भगवान शिव की पूजा-अर्चना की। महिलाओं द्वारा अपने-अपने घरों में भी पूजा को लेकर विशेष तैयारी की गई थी। आचार्य कोमल वैष्णव, संगीता सोनी, ममता यादव, सुनिता देवांगन, सावित्री देवांगन, पुष्पा देवांगन, माधुरी देवांगन ,रामप्यारी देवांगन, कुसुम देवांगन।

# संभागायुक्त महादेव कावरे ने किया स्कूल का औचक निरीक्षण

**अनुपस्थित शिक्षकों को नोटिस जारी करने दिए निर्देश**

पायनियर संवाददाता < जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com



संभागायुक्त महादेव कावरे ने आज स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय अकलतरा का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय में शिक्षक एवं छात्रों की उपस्थिति, पेयजल एवं मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। संभागायुक्त कावरे ने विद्यालय में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की उपस्थिति पंजी, विद्यालय परिसर में साफ - सफाई अवलोकन किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित दो शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। इस अवसर पर एसडीएम अकलतरा विक्रांत अंचल, जिला शिक्षा अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। संभागायुक्त ने पेट्रोल पंप में साफ -सफाई व्यवस्था सही नहीं होने पर संचालक को नोटिस जारी करने के दिये निर्देश संभागायुक्त महादेव कावरे ने अकलतरा के महावीर सर्विस स्टेशन पेट्रोल पंप का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पेट्रोल पंप में साफ -सफाई व्यवस्था सही नहीं होने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की एवं संबंधित अधिकारियों को पेट्रोल पम्प संचालक को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।

# जुआडियों के विरूद्ध हुई कार्यवाही



पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com

बीते दो दिनों से पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाकर जुआ के विरुद्ध लगातार कार्यवाही नजर आ रही है। जहां लगभग दो दिनों पूर्व जरहागांव में जुआडियों पर कार्यवाही को अंजाम दिया गया था। वही पुलिस एक बार फिर प्रेस विज्ञप्ती जारी कर जिले के अलग अलग थानो में जुआडियों के विरूद्ध हुई कार्यवाही को जारी किया है। पुलिस द्वारा जारी आकडो के अनुसार विगत 10 दिनों मे विभिन्न थानो मे जुआ खिलाने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर कार्यवाही की गयी है विगत 10 दिनों मे जुआ खेलते हुए कुल 36 लोगो को गिरफ्तार किया गया है जिनके पास से कुल 173570 (एक लाख तिहत्तर हजार पांच सौ सत्तर रूपये ) रकम बरामद किया गया है जिन पर विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही की गई। जिसमे पथरिया थाना में मुकेश जायसवाल सहित 5 अन्य लोगो से 3200 रू लाल पुर थाना में शिवकुमार पाटले से 6600रू सरगांव थाना मे सुजीत प्रजापति एवं 8 अन्य लोगो से 71960 रू सहित सीटी कोतवाली थाना में अजय वर्मा एवं अन्य 7 लोगो से 8710 रू जरहागांव थाना में प्रशांत देवांगन एवं अन्य 9 लोगो से 83100 रू बरामद किया गया था।

# प्राथमिक शाला प्रधानपाठक पद पर पदोन्नति के लिए मोर्चा खोला, सौंपा ज्ञापन



पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com

कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी मुंगेली के आदेश क्रमांक / 1812/ स्थापना/03/ वरि. सूची / सहायक शिक्षक एल.बी./2024 के तहत 13 अगस्त 2024 को सहायक शिक्षको का वरिष्ठता सूची जारी कर दावा आपत्ति का समय 27 अगस्त 2024 तक दिया गया था । परन्तु एक सप्ताह होने के बाद भी अनअंतिम वरिष्ठता सूची जारी नहीं की गई हैं साथ ही हमारे जिला मुंगेली में प्राथमिक शाला प्रधान पाठक की पदोन्नति लंबित है प्राथमिक शाला प्रधान पाठक की पदों पर पदोन्नति और रिक्त पदों की सूची अति शीघ्र जारी हो यह मांग लक्ष्मीकांत जडेजा जिला अध्यक्ष संयुक्त शिक्षक संघ मुंगेली ने जिला शिक्षा अधिकारी मुंगेली से मिलकर किया है। संगठन ने लगातार सहायक शिक्षक से प्राथमिक शाला प्रधान पाठक पद पर पदोन्नति के लिए मोर्चा खोला हुआ है और लगातार ज्ञापन सौंप कर विभाग को जगाने का काम कर रहा है। ज्ञापन देने वालो में लक्ष्मी कांत जड़ेजा जिला अध्यक्ष संयुक्त शिक्षक संघ मुंगेली, गिरधर मानिकपुरी जिला पदाधिकारी, कमलेश पटेल जिला पदाधिकारी, इंद्राज पाटले ,मनोज अंचल, राजेंद्र जोशी सहित बड़ी संख्या में सहायक शिक्षक उपस्थित थे।

# सेंट जेवियर्स हाई स्कूल में शिक्षक दिवस का गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



नगर के सेंट जेवियर्स हाई स्कूल में शिक्षक दिवस का गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी के सी घृतलहरे, एवं अजय नाथ सहायक परियोजना अधिकारी, पोषण साहु प्राचार्य शा.उ.माध्य.शाला कोयलारी एवं सेंट जेवियर्स स्कूल के निर्देशक दिव्या पटनायक विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की पुजा के उपरांत किया गया इस दौरान शाला के छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया गया। अतिथियों के स्वागत हेतु शाला के छात्राओं द्वारा आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया गया। अतिथियों का स्वागत गुच्छ से करते हुए स्मृति चिन्ह् एवं शाल से सम्मानित प्राचार्य द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि घृतलहरे ने छात्रों को संबोधित करते हुए शिक्षक दिवस की महत्वता बताया एवं भविष्य निर्माण के लिए प्रेरित किया। पोषण साहु ने अपने संबोधन में डा सर्वपल्ली राधाकृष्णन का परिचय देते हुए छात्रों को उनके आदर्शो का पालन करने के लिए प्रेरित किया। शाला के प्राचार्य शुभेंदु मंडल ने अपने संबोधन में गुरु शिष्य परंपरा का निर्वाह करने की शिक्षा दी एवं शाला और अपने परिवार का नाम रौशन करने हेतु प्रेरित किया। शाला के विधार्थियो द्वारा सांस्कृतिक कायक्रम प्रस्तुत किया गया जिसकी सराहना उपस्थित अतिथियों ने किया। अतिथियों द्वारा शाला के शिक्षकों का सम्मान किया। इस दौरान शाला के पुर्व छात्र आर्यन ठाकुर द्वारा नीट परीक्षा उत्तीर्ण कर चिकित्सा महाविद्यालय में प्रवेश पर अतिथियों द्वारा स्मृति चिन्ह् प्रदान किया गया। शाला के उप प्राचार्य डाल्फी मोंटेरो द्वारा आभार व्यक्त किया गया और कार्यक्रम का समापन किया गया।

# संस्कार पब्लिक स्कूल सक्ति में हुआ शिक्षक दिवस का सयोजन

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



जिला सक्ति के प्रतिष्ठित सी.बी.एस.ई बोर्ड और पूर्णतः अंग्रेज़ी माध्यम वाले संस्कार पब्लिक स्कूल में दिनांक 5 सितंबर, 2024 को शिक्षक दिवस समारोह मनाया गया । इस अवसर पर संस्था प्राचार्य डॉ. हरेंद्र पाल सिंह चौहान, प्रधानाध्यापिका रूपल उपाध्याय और संस्था के संस्थापक द्वारिका नाथ स्वर्णकार अन्य गणमान्य शिक्षकों के साथ मंच पर उपस्थित थे । स्कूल प्रबंधन, प्राचार्य और प्रधानाध्यापिका द्वारा समस्त छात्रों, शैक्षणिक कर्मचारियों और प्रशासनिक अधिकारियों को शिक्षक दिवस कि बधाई दी गई। संस्था प्राचार्य डॉ. हरेंद्र पाल सिंह चौहान के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का आगाज़ किया गया। गणेश वंदना और गुरु ब्रह्मा, गुरू विष्णु और गुरु महेश्वरा के साथ गुरू के महिमा का बखान किया गया। संगीत शिक्षक कोटेश्वर नाथ साहू व शिक्षिका गायत्री शर्मा जी द्वारा मानवता पर आधारित गीत प्रस्तुत किया गया। स्कूल कैबिनेट के सदस्यों ने अन्य छात्रों के साथ मिलकर एक दिल को छू लेने वाले कार्यक्रम के साथ शिक्षण और गैर शिक्षण संकाय का मनोरंजन किया।छात्रों द्वारा विद्यालयी शिक्षकों को पांच समूहों में विभक्त कर अंत्याक्षरी गीत, साड़ी कौन पहनाएगा और सोशल मीडिया पर आधारित शिक्षकों को गतिविधि कराया गया। स्वागत नृत्य, नृत्य नाटक, गुरु परंपरा, शुभकामना गीत, कविता पाठ, खेल और फ्लैश मॉब का आयोजन किया गया । संस्कार पब्लिक स्कूल के नन्हें - मुन्ने बच्चों ने भी अपने शिक्षकों के समर्पण को पहचाना और इस दिन को बहुत उत्साह के साथ मनाते हुए अपने शिक्षकों को उपहार भी दिया। उन्होंने सभी शिक्षकों का पुष्पहारों से स्वागत किया, बधाई गीत और शिक्षकों के लिए प्रशंसा के शब्द छात्रों द्वारा कहा गया। स्कूल के संस्थापक द्वारिका नाथ स्वर्णकार द्वारा समस्त शैक्षणिक कर्मचारियों को उपहार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. हरेंद्र पाल सिंह चौहान के द्वारा सभा को संबोधित किया गया तथा उन्होंने अपने भाषण में कहा कि हमें डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन से प्रेरणा लेते हुए राष्ट्र के निर्माण में योगदान देना चाहिए। मंच संचालन संयुक्त रूप से स्कूल के छात्रा मिताली अग्रवाल और पूर्वी गवेल द्वारा किया गया।

**नशीली कैप्सूल के साथ आरोपी गिरफ्तार**

# सक्ती में नशे के सौदागरों पर पुलिस की बड़ी कार्यवाही

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com






पुलिस थाना सक्ती, जिला सक्ती (छ.ग.) के अप. क्र. 330 /2024 धारा 22 क NDPS, प्रतिबंधित नशीला कैप्सूल के साथ आरोपी सुर्य प्रताप सिंह निवासी वार्ड क्र 08 सक्ती गिरफ्तार हुआ है, पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा (भापुसे), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रमा पटेल (रापुसे) एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सक्ती मनीष कुंवर (रापुसे) के द्वारा क्षेत्र में हो रहे अवैध जुआ, सट्टा,शराबऔर नशीले मादक पदार्थों पर रोकथाम के लिए दिए गए कड़े निर्देश के परिपालन में थाना सक्ती प्रभारी और साइबर सेल प्रभारी के द्वारा थाना क्षेत्र में मुखबिर तैनात किया गया था। इसी तारतम्य में दिनांक को 05.09.2024 को जरिये मुखबीर से सूचना मिला कि वार्ड क्रमांक 08 सक्ती निवासी सूर्य प्रताप सिंह है एक थैला में मादक पदार्थ नशीला केप्सुल बिक्री हेतु सब्जी मंडी डोंगिया के पास ग्राहक के इंतजार में खडा है कि मुखबीर सूचना हमराह स्टाफ तथा गवाहान के मुखबिर के बताए स्थान मंडी डोंगिया गये, जहां पर एक लडका सफेद टीर्श नीला जींस पहना हाथ में लाल सफेद रंग के थैला रखा दिखा जिसको जाकर हमराह स्टाफ एवं गवाह के रेड कार्यवाही किया गया संदेही सूर्य प्रताप सिंह सब्जी मंडी डोंगिया में मिला जिसका नाम पता पुछने पर अपना नाम सूर्य प्रताप सिंह राजपूत पिता कौशल सिंह उम्र 18 साल 06 माह साकिन वार्ड क्रमांक 08 साई मंदिर के पास सक्ती थाना सक्ती का बताया जिसके कब्जे से NDPS ACT के तहत विधिवत कार्यवाही करते हुए 115 पत्ता प्रत्येक पत्ता में 08-08 नग प्रतिबंधित नशीली केप्सुल pyeevon spas plus लिखा प्रत्येक पत्ते की कीमत 72 रूपये लिखा जुमला मादक प्रदार्थ नशीली केप्सुल 920 नग जुमला कीमती 8280 रूपये आरोपी के कब्जे से बरामद किया गया। आरोपी को उक्त नशीला टेबलेट के संबंध नोटिस देने पर कोई वैध कागजात व लायसेंस नहीं होना लिखित में दिये जाने पर समक्ष गवाहान मुता. जप्ती पत्रक के जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपी का कृत्य अपराध धारा सदर का घटित करना पाये जाने पर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड लेकर जेल भेजा गया है,उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक बृजेश तिवारी, थाना प्रभारी सक्ती। साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक अमित सिंह में नेतृत्व में सउनि नजरियूस एक्का, प्रधान आर. उमेश साहू, प्रेम राठौर, आरक्षक जोगेश राठौर, गणेश साहू, यादराम चंद्रा, फारुख खान, राकेश राठौर, अलेक्स मिंज की महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# सर्वश्रेष्ठ शिक्षिका सम्मान से नवाजी गई चंद्रहासिनी विद्यापीठ की शिक्षिका

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



शिक्षक दिवस 5 सितंबर, 2024 को चंद्रहासिनी विद्यापीठ की समर्पित शिक्षिका सीता नाइक को चंद्रपुर विधानसभा के विधायक रामकुमार यादव द्वारा प्रतिष्ठित सर्वश्रेष्ठ शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पुरस्कार समारोह कृष्णा पैलेस डभरा में सम्पन्न हुआ, जहाँ सीता नाइक को शिक्षा में उनके असाधारण योगदान और छात्रों की सफलता के लिए उनकी अटूट प्रतिबद्धता के लिए सम्मानित किया गया सीता नाइक हमारे विद्यालय के संकाय का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रही हैं, जो नवीन शिक्षण विधियों, छात्र विकास के लिए एक पोषण दृष्टिकोण और स्कूल की गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए जानी जाती हैं। उनके समर्पण ने न केवल एक सकारात्मक शिक्षण वातावरण को बढ़ावा दिया है, बल्कि छात्रों और सहकर्मियों दोनों को प्रेरित भी किया है, पुरस्कार प्रस्तुति के दौरान एक भाषण में, राम कुमार यादव ने सीता नाइक की उत्कृष्ट उपलब्धियों और समुदाय पर उनके प्रभाव की सराहना की,रामकुमार यादव ने कहा सीता नाइक जैसे शिक्षक हमारे समाज की रीढ़ हैं, उनकी लगन और कड़ी मेहनत हमारे बच्चों और राष्ट्र के भविष्य को आकार देती है।

# जिला प्रशासन से जांच कराकर की जाएगी कार्यवाही : सांसद भोजराज

## किसानों को ठगने का काम रही डबल इंजन की सरकार : विधायक संगीता






पायनियर संवाददाता ➤ बालोद
www.dailypioneer.com

प्रदेश की राजनीति किसानों पर ही केंद्रित है। यहां तक कि घोषणा पत्र भी किसानों को ध्यान में रख तैयार किये जाते रहे हैं। आज भाजपा एवं कांग्रेस पार्टियों में किसानों का अच्छा ख़ासा रसूख है। किसानों को योजनाओं का लाभ पूरा पूरा मिल सके इसीलिये सरकारें भी योजनाओ का क्रियान्वयन सही तरीके से करने प्रशासन को निर्देशित करते रहते है। बावजूद प्रशासनिक महकमा अपने ढीले और सुस्त रवैय्ये योजनाओं के सही क्रियान्वयन में बाधा उत्पन्न कर किसानों की परेशानी बढ़ा रहा है। हालांकि शनिवार को अपने एकदिवसीय दौरे पर बालोद पहुचे सांसद भोजराज नाग ने मामले को गंभीरता से लेते हुए गड़बड़ी को सुधारने और जिला प्रशासन से जांच कर कार्यवाही किये जाने की बात कही है। बता दे की जिले के गुरुर ब्लॉक के फागुनदाह गांव के 400 किसानों को रबी फसल में हुए नुकसान की राशि आज तलक नही मिल पाई है, जिसकी वजह से किसान ख़ासा परेशान है। यहां के 400 किसानों ने 1200 एकड़ में चने की फसल लगाई थी, जो अतिवृष्टि से खराब हो गई। जिसकी मुआवजा राशि किसानों को अप्राप्त है। जबकि उन्होंने फसल का बीमा कर प्रीमियम भी जमा किया है।

### अन्य फसल लेने के लिए किसानों को किया गया था प्रोत्साहित

किसानों की माने तो रबी सीजन में धान के बदले अन्य लाभकारी फसलों की खेती करने के लिए प्रेरित किया गया था। ग्रीष्मकालीन धान के स्थान पर गेहूं, चना, उड़द, मक्का, तिल, रागी, मूंगफली आदि की खेती के लिए किसानों को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया गया था। जिले के जिन क्षेत्रों में ग्रीष्मकालीन धान की उपज ली गई, उन क्षेत्रों में उपयुक्त वैकल्पिक फसलों के बीज की व्यवस्था त्वरित रूप से पर्याप्त मात्रा में की गई थी। और किसानो में रबी सीजन में धान जे बदले अन्य फसलों की खेती की। गुरुर ब्लॉक के अधिकांश क्षेत्रो में चने की खेती की गई। लेकिन अतिवृष्टि की वजह से फसल चौपट हो गई। जिसकी मुआवजा राशि बीमा कराने के बाद भी आज तलक पेंडिंग है। जिसकी वजह पीड़ित किसान खुद को ठगा महसूस कर रहे है। किसानों का आरोप है कि अधिकारियो और बीमा कंपनियों की मिलीभगत से उन्हें बीमा राशि नही मिली। क्योकि राजस्व और कृषि विभाग के अधिकारियों ने मौके पर यानी कि खेतो में जाकर निरीक्षण नही किया, और रिपोर्ट निरंक भेज दी। सीधा सीधा बीमा कंपनी को फायदा पहुचाने की कोशिश की गई है।

### आरबीसी 6/4 और बीमा से भी नही हुई राशि प्राप्त

किसान अरुण साहू ने बताया कि बैठक लेकर और चूंकि गुरुर ब्लॉक रेड ज़ोन में था, तो गांव वालों ने निर्णय लिया था कि रबी सीजन में धान की फसल न लेकर चने की फसल ली जाएगी, करीबन 1200 एकड़ में फसल ली गई थी, जिसमें शत प्रतिशत किसानों ने बीमा करवाया था, जब फसल पककर तैयार हो गई तो बेमौसम बारिश में 28मिमी की वर्षा हुई, जिससे फसल ली क्षति हुई, तहसीलदार आये थे, और इन्होंने ऑफिस में बैठकर रिपोर्ट तैयार की है, एक भी किसानों के खेत मे नही गए। आज तक न आरबीसी 6/4 और न ही बीमा कंपनी से राशि प्राप्त हुई है। अधिकारी कर्मचारी बीमा कंपनी से मिलीभगत कर दलहन तिलहन की फसल को हतोत्साहित कर रहे है।

### किसानों को ठगा जा रहा : संगीता

क्षेत्रीय विधायक संगीता सिन्हा ने आरोप लगाया कि किसानों की हितैषी बताने वाली डबल इंजन की सरकार किसानों को ठगने का काम कर रही है। एक तरफ किसानों के लिए योजना लागू कर फायदा देने बात कहती है, तो दूसरी तरफ उन्ही योजनाओ का क्रियान्वयन जमीनी स्तर पर नही नज़र आ रहा। अंदाजा इससे ही लगाया जा सकता है, आज तक फागुनदाह के किसानों को पीएम फसल बीमा का लाभ नही मिला हैं। उन्होंने आगे कहा कि अगर पीएम फसल बीमा का यह हाल हकीकत है, तो अन्य योजनाओं का क्या हाल होगा..?

# जिले के 15 सौ से अधिक स्कूलों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया शिक्षक दिवस

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जिले के सभी 1561 शासकीय स्कूलों हर्षोल्लास के साथ शिक्षक दिवस मनाया गया।जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय ने बताया कि शिक्षक दिवस के मौके पर जिले के 888 प्राथमिक शालाओं, 469 उच्च प्राथमिक शालाओं, 70 हाई स्कूल एवं 134 हायर सेकेण्डरी शालाओं में शिक्षक दिवस का आयोजन छात्र-छात्राओं द्वारा हर्षोल्लास से किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं द्वारा संस्था में कार्यरत शिक्षकों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर अधिकांश शालाओं के जनभागीदारी समिति के सदस्यों द्वारा भी शिक्षकों को सम्मानित किया गया। गौरतलब है की देश के प्रख्यात शिक्षाविद् डॉ. राधाकृष्णन सर्वपल्ली जब 1962 में भारत के राष्ट्रपति बने तो उनके जन्म दिन पर कुछ छात्र उनसे मिलने आये व जन्मदिन मनाने के लिये आग्रह किये तब डॉ. राधाकृष्णन ने छात्रों से यह दिन शिक्षको को समर्पित करने को कहा। उस दिन से 05 सितम्बर को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाने लगा। यह दिन अपने शिक्षकों के समर्पण, मार्गदर्शन व योगदान के प्रति आभार प्रकट करने का दिन है। यह दिन गुरू और शिष्य के रिश्ते के लिये बेहद खास होता है। शिक्षक ही हमारे जीवन से अज्ञानता के अंधकार को दूर कर उसे ज्ञान के प्रकाश से भरते है। शिक्षक हमें सिर्फ पढ़ाते नही है वे हमारे भविष्य को आकार भी देते है।

# हमे पाप से घृणा करना चाहिए पापी से नहीः विशुद्ध सागर



पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

परम पूज्य विशुद्ध सागर जी म सा ने अपने आज के प्रवचन में फरमाया कि जिन्होंने अपनी आत्मा का कल्याण कर लिया ऐसे सभी भाव्यत्माओ को वंदन है। प्रवचन में हम प्रभु महावीर के उन नायको को जानने का प्रयास करेंगे जिनकी महान कृपा से आज ये धर्म हम तक पहुंचा हैं और पूरी दुनिया में गौरवान्वित है। आज हमे प्रभु महावीर के पाट परंपरा को जानने का प्रयास करना है। ऐसे महान आचार्यो ने सूई की तरह जिनशासन को सम्हालते और जोड़ते हुए यहां तक पहुंचाया है। आज कल्पसूत्र के दूसरे भाग स्थविरावली का श्रवण करेंगे। परमात्मा महावीर के शासन में गुरु अपने शिष्यों को इस तरह तैयार करते थे जो आगे चलकर स्वयं गुरु बन गए। भगवान महावीर के पाट पर जंबू स्वामी विराजे। 527 लोगो के साथ जंबू स्वामी ने दीक्षा ली। जंबू स्वामी के पाट पर प्रभव स्वामी विराजे। ज्ञानी कहते है हमे पाप से घृणा करना चाहिए पापी से नहीं। क्योंकि पता नही कब जीवन में परिवर्तन आ जाए और पापी पुण्यात्मा बन जाए। प्रभव स्वामी के पाट पर स्वयंभव सूरी विराजे। आपके पाट पर यशोभद्र सूरी जी विराजे। यशोभद्र सूरी जी के पाट पर भद्रबाहू स्वामी विराजे। भद्रबाहु स्वामी अंतिम श्रुत केवली चौदह पूर्व धारी हुए। भद्रबाहु स्वामी जी के पाट पर स्थूलिभद्र जी विराजे। स्थूलीभद्र जी का नाम आने वाली 84 चौबीसी तक काम विजेता के रूप में इतिहास में याद किया जाएगा। पाट परंपरा में आगे आर्य सुहस्तीगिरी पधारे। आपके शिष्य संप्रति राजा ने सवालाख जिन मंदिर बनवाया और सवा करोड़ जिन प्रतिमा भरवाई। आगे चलकर पाट में वज्र स्वामी विराजे। आपके बचपन में आपके पिता जो मुनि बन गए थे वो अपने शिष्य को कहते है आज गोचरी में सचित या अचित जो मिले ले आना। शिष्य गोचरी में चले जाते है एक गृहिणी अपने बालक से बहुत परेशान थी वो अपने पुत्र को साधु को दे देती है। शिष्य उस बालक को लेकर आ जाते है।

# भाजपा की सदस्यता अभियान में शामिल हुए विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल

पायनियर संवाददाता ➤ पिथौरा
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार भाजपा से विकसित भारत के संकल्प के साथ आज संगठन पर्व सदस्यता अभियान 2024 कार्यक्रम के अंतर्गत बसना विधानसभा के विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल पिथौरा पहुंचे। उन्होंने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल ने पिथौरा में भाजपा के सैकड़ों सदस्य अपने मोबाइल में बनाए जिसमे नरेश सिंघल, बजरंग अग्रवाल, आशीष शर्मा, अनुप अग्रवाल, पुष्पराज गजेन्द्र, सत्यनारायण अग्रवाल, स्वप्निल तिवारी, विजय पटेल, विजय नायक, सुमित अग्रवाल, बिरेंद्र तिवारी, संजय गोयल, अनुप बंसल, दिलीप निषाद, छबीलाल रात्रे, नीलम गोयल, नर्मदा अग्रवाल, सतीश ध्रुव, नानू सोनी सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण किया। मंडल अध्यक्ष व सभी कार्यकर्ताओं को पुनः सदस्यता ग्रहण करने पर शुभकामनाएं दीं। सभी को अपने अपने बूथ वाईस सदस्यता अभियान में लग जाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान उन्होंने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि बीजेपी एकमात्र दल है, जो अपनी पार्टी के संविधान के अनुसार अक्षरशः लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं का पालन करते हुए अपने कार्य का विस्तार कर रहा है और जन-सामान्य की आशा, आकांक्षाओं पर खरा उतरने के लिए अपने आप को निरंतर योग्य बनाता रहता है और भारतीय जनता पार्टी अपने कार्यकर्ताओ उसके योग्यता के हिसाब से काम प्रदान करती है और छोटे से छोटे कार्यकर्ता को महत्व देती है। उन्होंने कहा कि मुझ जैसे छोटे से कार्यकर्ता को आज पार्टी ने विधायक बनाया। आप सभी से आग्रह है की सदस्यता अभियान में जोर जोर से लग जाए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अवैध मादक पदार्थ गांजा 01 किलो 900 ग्राम के साथ आरोपी गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, गांजा, नशीली पदार्थो, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, बाउंड्री ओवर, गुंडा बदमाशों, फरार स्थायी वारंटियों, सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वालों, यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों तथा माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही लगातार की जा रही है जिसके तहत 06 सितंबर को बेमेतरा स्टाफ को जरिये मुखबीर से सुचना मिला कि संजु कश्यप निवासी घिवरी अपने गांव के नहर के पास अवैध रूप से बिक्री हेतु मादक पदार्थ गांजा रखा है कि सूचना पर सिटी कोतवाली बेमेतरा स्टाफ व गवाहो के साथ घटना स्थल पहुचकर घेराबंदी कर मौके पर रेड कार्यवाही किया गया। जहां आरोपी संजू कश्यप पिता जनक कश्यप उम्र 55गाव घिरी जिला बेमेतरा के कब्जे से मादक पदार्थ गांजा जुमला वजनी 01 किलो 900 ग्राम कीमती करीबन 19,000/- रूपये एवं एक नग मोटर सायकल क्रमांक सीजी 07 एजे 4623 कीमती करीबन 20,000/- रूपये, कुल जुमला कीमती 39,000/- रूपये को जप्त किया गया हैं। जिसमें अवैध मादक पदार्थ गांजा का 01 प्रकरण दर्ज कर 01 आरोपी के विरूद्ध 20 (ख) नारकोटिक एक्ट के तहत विधिवत अग्रिम कार्यावाही की जा रही है। उक्त कार्यवाही वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा प्रभारी उप निरीक्षक राकेश कुमार साहू, सायबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक मयंक मिश्रा, सउनि जितेन्द्र कश्यप, प्रधान आरक्षक रविन्द्र तिवारी, आरक्षक सौरभ सिंह, मोती लाल जायसवाल, जयकिशन साहू, धनेश्वर लहरे, लव यादव, मनीष मिश्रा, एवं अन्य स्टाफकी महत्वपूर्ण भुमिका रही।

# दिगम्बर जैन समाज का दशलक्षण पर्व आज से प्रारंभ



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

दिगम्बर जैन समाज का शाश्वत पर्व पर्वाधिराज पर्यूषण आज से प्रारंभ हो रहा है । समस्त श्रावकग्रण अपने कर्मो की निर्जरा करने, लगातार 10 दिवस तक साधनारत रहकर भगवान महावीर के मार्ग का अनुसरण करने का पुरूषार्थ करते हैं और इन दस दिनों में प्रभु की भक्ति में अपना अधिकांश समय व्यतीत करते हैं । श्री दिगंबर जैन खंडेलवाल पंचायत के अध्यक्ष अरविंद जैन ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी सर्वप्रथम ध्वजारोहण कर पर्व का आरंभ किया जाएगा । प्रतिदिन भगवान के समवशरण में विराजित जिन प्रतिमाओं का अभिषेक एवं शांतिधारा की जाएगी । नित्य पूजन के साथ इन दस दिनों में विशेष पर्व पूजाएं भी की जाती हैं । श्रावक अपने सामर्थ्य अनुसार एकासन, उपवास आदि कर अपने पुण्यार्जन करते हैं । प्रतिदिन संध्या श्रावक प्रतिक्रमण, तत्पश्चात श्रीजी की महाआरती की जाएगी। महाआरती के पश्चात् स्थानीय विद्वान पं. नितिन जैन 'निमित्त' अपने प्रवचन के माध्यम से क्रमशः उत्तम क्षमा, मार्दव, आर्जव, शौच, सत्य, संयम, तप, त्याग, आकिंचन, ब्रम्हचर्य आदि 10 धर्मों की व्याख्या करेंगे ।

# सेवानिवृत्त शिक्षिका पुष्पा ठाकुर ने सार्थक स्कूल के बच्चो के साथ मनाया जन्मदिवस



पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

सेवानिवृत्त शिक्षिका पुष्पा देवी ठाकुर ने अपने जन्मदिन पर एवम शिक्षक दिवस के अवसर पर सार्थक विद्यालय में सभी प्यारे बच्चों के साथ जन्मदिन मनाया और विद्यालय के सभी शिक्षकों को अवसर पर शिक्षक दिवस की बधाई दी। प्रत्येक बच्चों को उन्होंने खूब प्यार किया और उनके साथ स्वाल्पाहार भी दिया। उपरोक्त अवसर पर समाजसेवी सरिता दोशी भी उपस्थित हुई और ठाकुर परिवार को बधाई दी।पुष्पा देवी ठाकुर ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि संस्था के प्रयास से निश्चित तौर पर सारे बच्चे समाज की मुख्य धारा में शामिल होकर देश का नाम रोशन करेंगे ऐसा मेरी ईश्वर से प्रार्थना है।

# विकास एवं वेतन के लिए जल्द राशि दे सरकार : मितेश जैन

## क्या आंदोलन करने से ही मिलेता हैं वेतन और विकास

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य की महिलाए बहुत ही शौभाग्यशाली हैं जो उन्हें सरकार हर माह बीना मांगे मदद कर रही है ऐसे ही हमारे किसान भाई हैं जिन्हें धान का समर्थन मूल्य बड़ा कर एक मुस्त राशि दी जा रही है, मगर हमारे निकाय स्वायत्तसाषी संस्था है सरकार से एक निश्चित अनुदान मिलता है इसलिए निकाय स्वयं व्यवस्था बनाने प्रयास कम हुआ है अब चाहिए की ये अपने आपको भी मज़बूत बनाए यहां अनुदान राशि का भी उपभोग निज हित में हो रहा है स्थापना खर्च आय से ज्यादा है आय कैसे बड़े उसकी कोई व्यवस्था नहीं सिर्फ टेक्स पर आश्रित रहते हैं यह भी सच्चाई है। पुर्व की सरकार से राशी मिल तो रही थी मगर जैसे ही कांग्रेस शासित सरकार हटी सभी निगमों में जो कांग्रेस,



भाजपा की सत्ता है उनके ऊपर जैसे मुसीबत आन पड़ी है कारण दिखता है राजनीति मगर कर्मचारियों और जनता को यह देखना समझना होगा अब की सरकार क्या कर रही है और क्या सोच रही है विकास के लिए राशी भी नही मिलना यह दिखाता है जब स्वयं की सरकार बनेगी तभी निकायों तक विकास पहुंचाएंगे क्या ये सही है। हमारे गांव शहरो मे जो सफाई कर्मचारी, बाबु,इंजीनियर कार्य कर रहे हैं उनके वेतन की कोई गरेंटी नही है की कब मिलेगी उनके परिवार को जो तकलीफ हो रही है मानसिक या परिवार में स्वास्थ्य से जुडे हुए विषय हो वो किसे बताए कौन उसकी सुध लेगा। सरकार के पास बजट की कमी है तो क्यों 1000 प्रतिमाह दिया जा रहा है क्यों ऐसे लोक लुभावन वादे करते हैं जिसकी भरपाई हो नही सकती है हमारे शहर को रोज सुबह उठ कर सफाई करते हैं जो बीमारी से हम नागरिकों को सुरक्षित रखते हैं उनका वेतन पहली बार विगत 5 माह से नही मिला है क्यों विपक्ष भी मौन है क्यों सदन या बाहर में उनकी मांग नही कर रहे है। अब हम चौथे स्तम्भ से ही इस ओर ध्यान आकर्षित कर इस समस्या को दूर करने विकास के लिए परेशान हो रही जनता कर्मचारी अधिकारी का वेतन मिले एवं विकास भी हो। जनता आगे परेशान ना हो यह सुनिस्चित करे कर्मचारियों एवं जनता को अपनी मांगों के लिए आंदोलन ना करना पड़े सरकार इस बात की गेरेन्टी दे।

# अनुविभाग देवभोग अंतर्गत 10 शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन के लिए आवेदन 20 सितंबर तक आमंत्रित

पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली के प्रावधान के तहत उचित मूल्य दुकान के युक्तियुक्तकरण के अंतर्गत 10 शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन के किए आवेदन आमंत्रित किया गया है। अनुविभाग देवभोग अंतर्गत के उक्त शासकीय उचित मूल्य दुकानों के संचालन हेतु जिस किसी भी संबंधित ग्राम पंचायत, संस्था, समूह, समिति को आवेदन प्रस्तुत करना है वह 20 सितंबर 2024 बजे तक एसडीएम कार्यालय देवभोग में प्रस्तुत कर सकते है। एसडीएम देवभोग ने बताया कि सुकलीभाठा नवीन, पुरनापानी, कोड़कीपारा, उसरीपानी, मुंगिया, सुकलीभाठा (पुराना), बरकानी, सरगीगुड़ा, घुमरगुड़ा एवं भतराबहली में एक-एक दुकान आबंटित किया जाना है। उक्त के लिए ग्राम पंचायत, महिला स्व सहायता समूह, वन सुरक्षा समिति, अन्य सहकारी समिति एवं राज्य सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट उपक्रम से उपयुक्त क्षेत्रों में उचित मूल्य दुकान संचालन हेतु आबंटित करने के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

# सदस्यता अभियान भाजपा की शक्ति बढ़ाने का सुनहरा अवसर : बाफना

पायनियर संवाददाता ➤ उतई
www.dailypioneer.com




भारतीय जनता पार्टी भाजपा उतई मंडल स्तरीय सदस्यता अभियान का उद्?घाटन रेस्ट हाउस उतई में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व संसदीय सचिव लाभचंद बाफना शामिल हुए। उन्होंने पार्टी के सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया। उनके साथ सदस्यता अभियान मंडल प्रभारी रोहित साहू,महामंत्री पुकेश चंद्राकर,जिला किसान मोर्चा महामंत्री अजीत चंद्राकर,भाजयुमों अध्यक्ष प्रवीण यदु,रूपनारायण शर्मा मंचासीन रहे।स्वागत भाषण मंडल अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा ने दिया। मुख्य अतिथि लाभचंद बाफना ने कहा कि संगठन में शक्ति होती है और भाजपा का सदस्यता अभियान प्रत्येक कार्यकर्ता को अपनी भाजपा की शक्ति को बढ़ाने के लिए सुंदर अवसर है। उन्होंने भाजपा मर्यादा में चलने वाली पार्टी बताते हुए आप बीती घटनाओं का स्मरण करते हुए कहा कि घिनौनी मानसिकता वालों को परास्त करने संगठन की शक्ति ही काम आएगी। लेकिन ध्यान रखें, हमें शक्ति का अन्यों की तरह दुरूपयोग नहीं करना है। भाजपा सदैव संगठन की शक्ति का उपयोग जन हित में करती है। विरोधी मानसिकता वालों से बचने और सही लोगों को बचाने के काम में करती है। पंचायत से लेकर सांसद तक समवेत स्वर बनाएं सदस्यता मंडल प्रभारी रोहित साहू ने कहा कि सदस्यता अभियान ऐसा चलाएं कि पंचायत से लेकर सांसद तक समवेत स्वर में जनहित की आवाज बुलंद हो सके। आम जनता की सेवा बेरोकटोक कर सकें।मंडल अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा ने कहा कि जो भाजपा की जनहित कार्यशैली से प्रभावित हैं,वे हर आदमी भाजपा का सदस्यता ग्रहण कर सकते हैं चाहे अभी वे किसी भी पार्टी दल में है। इतना सुनहरा अवसर को नहीं खोना चाहिए, 50 सदस्य बनाने वाले सक्रिय सदस्य होंगे। जो भाजपा के विचार धारा को पसंद करते हैं, उन्हें अविलंब सदस्यता ग्रहण कर लेना चाहिए। संचालन मंडल महामंत्री सोनू राजपूत ने किया।आभार किसान मोर्चा जिला महामंत्री अजीत चंद्राकर ने किया। इस अवसर पर, पार्षद सतीश चंद्राकर, चंदू देवांगन, करण सेन, शीतला ठाकुर, शुभम वर्मा, दानेश्वर यादव, दिनेश पटेल, लक्ष्मीनारायण साहू, वैभव देवांगन, चिंटू सिन्हा, नरेंद्र साहू, भूषण वर्मा, अनिल साहू,छगान बंजारे, नीलम गढ़े, संगीत रजक, ममता चंद्राकर, दनेश्वरी देशमुख, शीतल रात्रे,तुलुराम साहू,देवेंद्र राजपूत, रूपेश पारख प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# सैमसंग 'सॉल्व फॉर टुमॉरो' 2024 ने ग्रैण्ड फिनाले के लिये 10 फाइनलिस्ट टीमों की घोषणा की




पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

सैमसंग इंडिया ने अपने प्रमुख सीएसआर प्रोग्राम 'सॉल्व फॉर टुमॉरो 2024' की टॉप 10 टीमों की घोषणा की है। ये टीमें अब ग्रैंड फिनाले में अपने अनूठे आइडियाज को सैमसंग और उद्योग के प्रमुख लीडर्स की जूरी के सामने पेश करेंगी। इन टीमों का चयन देश के दूर-दराज के इलाकों से हुआ है, जैसे असम के गोलाघाट और कामरूप, राजस्थान के झालावाड़, कर्नाटक के उडुपी और छत्तीसगढ़ के बिलासपुर। इससे इस प्रोग्राम की व्यापक क्षेत्रीय पहुँच का पता चलता है। ये फाइनलिस्ट्स एक कड़ी चयन प्रक्रिया से गुजरे, जिसमें सैमसंग जूरी के सामने कई राउंड्स में पिच प्रेजेंटेशन देना और सैमसंग फाउंडेशन फॉर इनोवेशन एण्ड टेक्नोलॉजी ट्रांसफर आईआईटी दिल्ली के विशेषज्ञों से मार्गदर्शन पाना शामिल था। इन 20 टीमों को प्रोटोटाइप बनाने के लिए हर टीम को 20,000 रुपये का अनुदान दिया गया। इसके अलावा, यूथ ट्रैक की टीमों को सैमसंग गैलेक्सी लैपटॉप्स और स्कूल ट्रैक की टीमों को गैलेक्सी टैब्स मिले। इस प्रोग्राम के तीसरे संस्करण में छात्रों ने दो अहम विषयों पर अपने आइडियाज दिए - 'कम्युनिटी और समावेशन' और 'पर्यावरण और स्थिरता।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बेमेतरा, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

रा.प्र.क्र. / अ-62 वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण ग्राम मजगांव तहसील व जिला बेमेतरा को सूचित किया जाता है कि आवेदक दौवा राम साहू पिता श्री चिमनु राम साहू ग्राम पंडरभट्ठा पोस्ट झाल तहसील व जिला बेमेतरा के निवासी हैं। उके प्रचलित आबादी जमीन पर ग्राम मजगांव तहसील व जिला बेमेतरा पटवारी हल्का नंबर 04 खसरा क्र. 61 प्रचलित आबादी का प्लॉट नं. 59 जिसका रकबा 1101 वर्गमीटर है जिस पर 30 पेड़ सागौन का पेड़ लगभग 12-15 वर्ष पूर्व लगाया गया था, उस स्थान पर भवन निर्माण कराने के कारण उक्त वृक्षों को काटने की अनुमति प्रदान करने आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव ग्राम मजगांव में स्थित 30 पेड सागौन वृक्षों को काटने हेतु अनुमति दिये जाने पर किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 18/09/2024 को न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

**आज दिनांक 04/09/2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।**

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
बेमेतरा, जिला बेमेतरा

**न्यायालय नायब तहसीलदार शिवरीनारायण, जिला जांजगीर चाम्पा (छ.ग.)**

-ईश्तहार-

आम जनता को सुचित किया जाता है कि आवेदक / आवेदिका सनत कुमार साहु पिता/पति फिरतराम ग्राम केटा के द्वारा ग्राम केटा में अपने दादा समारू राम पि. बंढुलिया के मृत्यु दिनांक 20/04/1994 को हो जाने पर जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आदेश जारी किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में पेश किया गया है।

अतः प्रस्तुत आवेदन पत्र पर किसी को कोई आपत्ति हो तो अपना आपत्ति दिनांक 10/19/24 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्तियो पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 28/08/24 को मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के सील मुहर द्वारा जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
शिवरीनारायण

# विराजे महागणपति... अगले 10 दिनों तक श्रद्धालुओं के भाव अर्पित होंगे, चहूं ओर उत्साह का वातावरण

## शहर में दर्जनों पंडाल सजे, आकर्षक साज-सज्जा से जगमगा रहा शहर

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



साज-सज्जा से निर्मित दिव्य वातावरण के बीच महागणपति विराजित हो गए हैं। शहर में तकरीबन 38 बड़े पंडाल हैं जहां बड़ी प्रतिमाएं और आकर्षक स्थल सजावट की गई है। इसके अतिरिक्त कुछ गणेशोत्सव समितियों ने स्थल झांकी तैयार की है। पूरा शहर एकादश दिवसीय पर्व के लिए जगमगा रहा है। माना जा रहा है कि इस पर्व में पंडाल, प्रतिमाओं और साज-सज्जा में ही करीब 75 से 80 लाख रुपए लगे हैं। यही नहीं विसर्जन के लिए तैयार हो रहीं तकरीबन 28 छोटी-बड़ी झांकियों का कुल बजट 1 करोड़ तक का है।

गणेशोत्सव का पर्व राजनांदगांव में काफी धूम-धाम से मनाया जाता है। यहां मूर्तिकार इस त्यौहार में 15 हजार से अधिक प्रतिमाओं की बिक्री की जानकारी देते हैं। जबकि कई बड़े पंडालों की मूर्तियां बाहर से लाई जाती है। 14 फीट तक की ऊंचाई वाली प्रतिमा शहर में स्थापित की गई है। कई गणेशोत्सव समितियां दशकों से इस परंपरा का निर्वाह कर रही हैं। पंडालों का खर्च भी लाखों में है।

शनिवार को देर शाम तक महावीर चौक में फ्लाई ओवर के नीचे लगे स्टॉल से गणेश प्रतिमाएं ले जाते श्रद्धालु गणपति बप्पा मोरया के जयकारे लगाते रहे। ढोल-नगाड़े, बैंड-धुमाल और डीजे की धुन पर बप्पा के गानों और भजनों पर थिरकते भक्त विघ्नहरण को लेकर पंडाल तक पहुंचे। इन 11 दिनों में अलग-अलग आयोजनों की तैयारी पूरे शहर भर में गणेशोत्सव समितियों ने की है। देवालयों में भी भक्त जन उमड़ रहे हैं।



बप्पा को गोद में थामे बालक की मुस्कान अतुल्य भक्ति भाव का साक्षात्कार है। विघ्नहरण के स्वागत को आतुर बालमन खिल उठा है।

## मिथिला धाम में आज महागणपति का लड्डुओं से होगा सहस्त्रार्चन

■ दिव्य अनुभूति वाला अनुष्ठान, 17 सितंबर तक नित्य 8 बजे से शुरु हो रहा

श्री मिथिला धाम गणेश मंदिर में सर्व सिद्धिदाता गणेश भगवान का आज 1100 लड्डूओं से सहस्त्रार्चन पूजन किया जाएगा। पंडित डॉक्टर निरंजन ठाकुर ने बताया कि किसी भी कार्य की सिद्धि के लिए श्रीगणेश जी का अनुष्ठान किया जाता है। देवताओं ने अमृत प्राप्त करने के लिए समुद्र मंथन के पहले श्री गणेश अनुष्ठान किया था। श्री कृष्ण के कहने से युधिष्ठिर ने महाभारत युद्ध के पहले श्री गणेश अनुष्ठान किया था। श्री रामचंद्र भगवान ने श्री सीता जी को पाने के लिए श्री गणेश अनुष्ठान किया था। इसी प्रकार इंद्र देवता ने असुरों के संहार के लिए श्रीगणेश जी का अनुष्ठान करके सफलता प्राप्त की थी। संसार के प्रत्येक मनुष्य को गणेश पर्व के अवसर पर श्रीगणेश जी का अनुष्ठान करना चाहिए। यदि अनुष्ठान नहीं कर सकते तो अनुष्ठान जहां हो रहा है वहां भक्ति भाव से उपस्थित होकर भगवान से मनोवांछित फल प्राप्त करने हेतु प्रार्थना करना चाहिए। आठ सितंबर सुबह 8 बजे से श्री गणेश मंदिर में श्री गणेश जी का अभिषेक एवं सहस्त्रार्चन पूजन संपन्न होगा। विशेष पूजा जो ऋष्ठा मुक्ति अनुष्ठान है 17 सितंबर तक नित्य आयोजित होगा। इस पूजन में शामिल होकर नागरिक पुण्य लाभ अर्जित कर सकते हैं। इस हेतु मंदिर समिति के अध्यक्ष अशोक चौधरी एवं महंत डॉ बाबा ने सभी भक्तजन से अपील की है।

## हनुमान मंदिर से आभूषणों की चोरी, आरोपी की तलाश

■ पहले भी दान पेटी से रकम पार हुई थी

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

मोहारा के बजरंग नगर स्थित हनुमान मंदिर से अज्ञात चोर ने चांदी के आभूषण और दानपेटी से रकम पार कर दी है। मामले की रिपोर्ट बसंतपुर थाने में दर्ज की गई है। बताया गया कि मामला 5-6 सितंबर की दरम्यानी रात का है। मोहल्ले वासियों ने पुलिस को सूचना दी कि बजरंग नगर के पास रोड के किनारे हनुमानजी का मंदिर मोहल्लावासी के द्वारा बनाया गया था, जिसमें हनुमानजी की मूर्ति स्थापित की गई है। हनुमानजी के सिर में चांदी का मुकुट लगभग 05 तौला कीमती लगभग 4,000 रूपया एवं दोनों आंखो में चांदी का नयन लगभग 05 ग्राम कीमती लगभग 400 रुपए को 05 सितंबर की रात्रि 11 बजे से लेकर 06 सितंबर की सुबह 05 बजे के दरम्यिानी किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा चोरी कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि इसके 01 माह पूर्व हनुमानजी के मंदिर में रखी दान पेटी का ताला को तोडकर पेटी के अंदर रखी दान की रकम लगभग 3000 रूपये को भी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले जाया गया था। मामले में पुलिस आरोपी की तलाश करने में जुटी है।

## शिक्षकों के सम्मान में हुआ रक्तदान शिविर का आयोजन



पायनियर संवाददाता < छुरिया
www.dailypioneer.com

सत्यम ब्लड ग्रुप छुरिया के संयोजन में रक्तदान शिविर का आयोजन गायत्री मंदिर में किया गया। क्षेत्र के युवाओं ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। रक्तदान के प्रति युवाओं का जोश इस कदर था कि लक्ष्य से अधिक 40 लोगों ने रक्तदान किया। कई लोग रक्त की थैली की उपलब्धता न होने के कारण रक्तदान नहीं कर पाए। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों के युवाओं ने आगे बढ़कर रक्तदान किया। मेडिकल कॉलेज पेण्ड्री अस्पताल एवं यूनुस ब्लड डोनेशन ग्रुप एवं युवा रक्तवीर एवं गायत्री परिवार छुरिया का विशेष योगदान रहा। पुराने समय के लोगों मे एक धारणा होती थी कि रक्तदान करने से शरीर में कमजोरी होती हैं जिसके दबाव में कई युवा रक्तदान करने से कतराते रहे। लेकिन जिनको रक्तदान करने के फायदें पता हैं ऐसे युवा आजकल रक्तदान करने के लिए आगे आ रहें हैं। शिक्षक दिवस के अवसर पर गायत्री मंदिर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमे अधिकतर युवाओं ने प्रथम बार रक्तदान किया।

## लगातार वॉल्व की खराबी का कारण क्या.. जांच कराएं स्पीकर

■ पूर्व पार्षद अशोक फड़नवीस ने की मांग

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

पूर्व पार्षद व सर्व जनहित समिति के अशोक फड़नवीस ने शहर में पाइप लाईन के लगातार खराब होते वाल्व की जांच की मांग स्थानीय विधायक व स्पीकर डॉ. रमन सिंह से की है। उन्होंने कहा कि, अरबों की पेयजल योजना अमृत मिशन के क्रियान्वयन में ऐसी कौन सी खामी या कमी रह गई है जिसके चलते ऐसी समस्याएं सामने आ रही है। जरुरी है कि, इस पूरी योजना के तहत हुए काम की जांच हो ताकि सुनिश्चित किया जा सके कि जिम्मेदारों ने सही काम किया है या नहीं। उन्होंने कहा कि शहर में आए दिन वाल्व में खराबी से पानी की सप्लाई बाधित हो रही है। कोई सप्ताह ऐसा नहीं की जल आपूर्ति में बाधा नहीं हो रही है। समय पर लोगों को पीने का पानी मिल रहा है। टंकी पूरी तरह से भर नहीं पा रही है। शहर के अधिकांश क्षेत्रों पर आधा घंटा भी सप्लाई नहीं हो रही है। हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं। फड़नवीस ने कहा कि जब से निजी हाथों में मोहरा प्लांट को दिया गया है जल आपूर्ति की स्थिति और खराब हो गई है। कई जगहों पर अमृत मिशन का कार्य अपूर्ण है। उसके बाद भी ठेकेदार से निगम ने बिना जनप्रतिनिधि की अनुमति से अपने आधिपत्य में कैसे और क्यूं ले लिया। यह 230 करोड़ की राशि की योजना का मामला है। उन्होंने कहा स्पीकर डॉ. रमन सिंह की सत्ता में ही यह कार्य शुरु हुआ था। उनके दल के सत्ता में लौटते हुए मिशन का काम हैंडओवर कर दिया गया। वे क्षेत्र के विधायक हैं उन्हें अतिशीघ्र संज्ञान लेते हुए निष्पक्ष जांच के लिए कमेटी गठित करनी चाहिए।

## निगम में फंड का रोना... कांग्रेसी पार्षद ने स्पीकर, सांसद को लिखा पत्र

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

निगम में बीते दिनों महापौर की मौजूदगी में कांग्रेस पार्षद और आयुक्त की बैठक हुई। बैठक में आयुक्त ने निगम में फंड नही होना बताया। साथ ही शासन द्वारा फंड दिए जाने के इंतजार की जानकारी दी। इस पर पार्षद दल प्रवक्ता ऋषि शास्त्री ने कहा की, एक ओर पूर्व सरकार द्वारा दिए गए करोड़ो के विकास कार्यो की राशि एवं योजनाओं पर रोक लगाने और बन्द कराने का काम भाजपा सरकार ने किया है। दूसरी ओर भाजपा सरकार के कार्यकाल में नगर निगम की माली हालत सार्वजनिक हो चुकी है। विभाग में फंड के लाले पड़े हुए है। सभी काम ठप होते जा रहे हैं और अब विकास कार्यो पूर्ण रूप से बाधित है। आने वाले समय में कहीं ऐसा न हो कि इन सब कारणों से जनता मूलभूत सुविधा से वंचित रह जाये। पार्षद ने विधानसभा अध्यक्ष व सासंद को पत्र सौंप शासन से जनता के हितों में भाजपा सरकार द्वारा फंड जारी किए जाने को लेकर अपनी बातें रखी है। उन्होंने कहा कि, केबिनेट मंत्री का प्रभार क्षेत्र होने के बावजूद फंड की कमी होने पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार में रह कर नेता जमीनी हकीकत से रूबरू हो कर आम जनता की समस्या दूर करें। शास्त्री ने कहा कि, प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति के लिए एक वर्षो से रोक लगी है। राशन कार्ड के आवेदन जांच के लिए महीनों रोक दिए जाते हैं। लोक कर्म विभाग के कायार्देश जारी होने के बाद भी लंबित है। बरसात पूर्व लाइट खरीदी गई पर लग नहीं पाई, सफाई व्यवस्था राम भरोसे हैं। प्रधानमंत्री श्रमिक योजना कागजो में चल रही है। नगर निगम क्षेत्र में सड़क आगे पाट और पीछे सपाट की स्थिति है। आधे अधूरे कार्यो से पार्षद तक नहीं बल्कि आम जनता भी नाराज है। पार्षद ने सम्बंधित पत्र में सम्पूर्ण बातों का उल्लेख किया है।

## ब्रीथ एनलाइजर से होगी वाहन चालकों की जांच



पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

जिला मोहला मॉनपुर अं चौकी जिले के सभी थाना क्षेत्रों में मादक पदार्थ का सेवन कर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही के लिए विशेष प्रयास किये जा रहे हैं। इस तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मयंक गुर्जर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, पीताम्बर पटेल द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला में जिले के सभी थानों एवं यातयात शाखा के अधिकारी/ कर्मचारियों को ब्रीथ एनलाइजर द्वारा नशा किये हुए व्यक्तियों की प्रमाणिक पहचान कर मोटर व्हीकल एक्ट की धाराओं के तहत कार्यवाही करने के सम्बंध में प्रशिक्षण दिया गया किया गया। प्रशिक्षण कार्यशाला में सम्मिलित अधिकारी/ कर्मचारियों को ब्रीथ एनलाइजर को ऑपरेट करना सिखाया गया, सभी थाना व यातायात शाखा को अपने कार्यक्षेत्र में मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही करने के लिए ब्रीथ एनलाइजर किट वितरित किया गया है। साथ ड्रंक एंड ड्राइव के कारण होने वाले दुर्घटनाओं तथा मोटर व्हीकल की धारा 186 (2) अंतर्गत कार्यवाही होने पर 10,000 रुपये अर्थदण्ड से दंडित किये जाने के सम्बंध ग्रामीणों/वाहन चालकों को समझाइश देकर नशा के हालत में वाहन चलाने से बचने जागरूक करने पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया।

## शिक्षक अंगद सलामे एवं नीलकंठ कोमरे राज्यपाल शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

राजधानी रायपुर के राज भवन में शिक्षक दिवस के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय शिक्षक अंलकरण समारोह में मोहला-मानपुर एवं अंबागढ़ चैकी जिले के अंतर्गत सुदूर वनांचल के शालाओं में पदस्थ शिक्षक अंगद सलामे एवं नीलकंठ कोमरे को राज्यपाल रमेन डेका द्वारा प्रशस्ति एवं 21 हजार रूपये नगद राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, स्कूली शिक्षा विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी एवं अन्य अतिथि उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि सम्मानित होने वाले शिक्षक अंगद सलामे आदिवासी बाहुल्य मानपुर विकासखण्ड के सुदूर वनांचल के शासकीय प्राथमिक



शाला मुंजाल एवं शिक्षक नीलकंठ कोमरे अंबागढ़ चैकी विकासखण्ड के शासकीय प्राथमिक शाला सिरलगढ़ में पदस्थ हैं। अंगद सलामे ग्राम मुंजाल में अपने पदस्थापन काल से ही अंचल में शिक्षा की अलख जगाने के साथ-साथ वनाचंल के गरीब एवं वंचित वर्ग के विद्यार्थियों को शिक्षा उपलब्ध कराने तथा वनांचल के लोगों को मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने तथा उन्हें मुख्य धारा में जोड़ने हेतु निरंतर कार्य कर रहे हैं। उनके इन्हीं उपलब्धि के कारण उन्हें अनेक सम्मानों से नवाजा भी गया है। इसी तरह आज राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सम्मानित होने वाले मोहला मानपुर जिले के एक और शिक्षक अत्यंत होनहार एवं सामाजिक तथा रचनात्मक कार्यों में निरंतर समर्पित हैं। वे प्राथमिक शाला सिरलगढ़ में अपने पदस्थापना काल से ही ज्ञान ज्योति जलाने के अलावा सामाजिक एवं सांस्कृतिक उत्थानों के कार्य में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। उनके प्रयासों के फलस्वरूप प्राथमिक शाला सिरलगढ़ तथा दूरस्थ अंचल के अनेक विद्यार्थियों का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय के साथ-साथ प्रयास तथा एकलव्य विद्यालयों में लगातार चयन हो रहा है।

### चार आरोपी गिरफ्तार, मेडिकल संचालक ने अवैध तरीके से बेची दवाई

## युवती को गर्भपात की दवा खिलाई, तबीयत बिगड़ी.. पुलिस ने दर्ज किया मामला

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

अवैध संबंध से गर्भवती हुई युवती का गर्भपात कराने का प्रयास के मामले में पुलिस ने 4 आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है। इनमें एक नाबालिग भी शामिल है। मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले की खड़गांव पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया है।



पुलिस ने बताया कि पीड़िता को अचानक अधिक खून बहने के चलते बालोद के जिला अस्पताल में 3 सितंबर को दाखिल किया गया था। अस्पताल से बालोद कोतवाली पुलिस को मेमो प्राप्त होने पर पीड़िता का बयान लिया गया। युवती गंभीर स्थिति को देखते हुए मरणासन्न कथन लिया गया। पीड़िता ने इस दौरान बताया कि युवक चेतनदास मारकंडे (18) से उसके शारिरिक संबंध रहे हैं। इस दौरान जब वह गर्भवती हो गई तो युवक ने उसे गर्भपात के लिए दवाईयां दी जिससे उस अत्याधिक रक्त स्त्राव होने से उसका स्वास्थ गंभीर रूप से खराब हो गया और गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती किया गया।

बयान में जानकारी मिली कि आरोपी चेतनदास ने अपने साथी जोहर लाल खैरवार से गर्भपात का टेबलेट लेकर पीड़िता को दिया था। कोतवाली बालोद ने उक्त मामले की जानकारी पुलिस थाना खड़गांव को दी। इसके बाद मामले की गंभीरता को देखेते हुए आरोपियों की पतासाजी के लिए टीम गठित कर ग्राम फुलकोड़ो बोगापारा व गर्वनाटोला मिचगांव से आरोपियों चेतनदास मारकण्डे एवं जोहर लाल खैरवार (24) को थाना लाया गया। यहां पूछताछ करने पर जोहर लाल खैरवार द्वारा न्यू भाग्यश्री मेडिकल स्टोर संचालक सदानंद सरकार एवं विधि से संघर्षरत बालक से गर्भपात का टेबलेट खरीदे जाने की जानकारी मिली। न्यू भाग्यश्री मेडिकल स्टोर संचालक सदानंद सरकार एवं विधि से संघर्षरत बालक द्वारा अवैध रूप से गर्भपात का टेबलेट बिक्री करना पाया गया।

उक्त मामले में पुलिस ने धारा धारा 88, 91 बीएनएस के तहत कार्रवाई कर आरोपी चेतनदास मारकण्डे, जोहर लाल, सदानंद सरकार (36) निवासी ग्राम भरीटोला द्वारा जुर्म करना स्वीकार करने पर 06 सितंबर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। विधि से संघर्षरत बालक को संरक्षात्मक अभिरक्षा में लेकर किशोर न्याय बोर्ड राजनांदगांव के समक्ष पेश किया गया।

## गायत्री प्रज्ञा पीठ भेड़ीकला में 18 शिक्षकों का हुआ सम्मान

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

गायत्री प्रज्ञा पीठ भेड़ीकला में भारतीय संस्कृति एवं परंपरा अनुरूप मुख्य अतिथि जिला समन्वयक राजनांदगाव जयप्रकाश सिंहा व केसीजी जिला समन्वयक प्रभात कुमार साहू के हाथों शिक्षक दिवस के पावन अवसर पर 18 शिक्षकों का तिलक लगाकार, गायत्री मंत्र पट्टिका व श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया । सम्मानित होने वालों में से.नि .प्राचार्य डी. आर . साहू, से .नि .व्याख्याता हीरा दास साहू, रूप राम साहू,से.नि. प्र. प्रा. सोनू राम साहू, से . नि .प्र .पा. गोपाल राम साहू, प्र.पा.भेष कुमार साहू, प्र.पा .माखनलाल देवांगन, प्र. पा. रामकिसुन देवांगन, से.नि. शिक्षक शोभा राम देवांगन, प्र . पा.



परदेशी राम साहू, प्र. पा.मुकेश देवांगन, प्र .पा .जितेंद्र कुमार साहू, शिक्षक शीला सोनी, भोज कुमार गंजीर,जय प्रकाश सिन्हा,ढाल सिंह साहू, गौकरण वासु, महेन्द्र देवांगन आदि शामिल है। इस अवसर पर सालिक राम साहू, भरत देवांगन,, भुराज देवांगन,प्रेमलाल साहू,डा. देवेंद्र साहू,कन्हैया दास, मंगल दास, गुंजन ,पार्वती ,प्रज्ञा, राजेश ,सेजल, दिनेश देवांगन, ताराचंद वर्मा , सूर्य प्रकाश साहू आदि उपस्थित थे।

# एसपी शशि मोहन सिंह ने पशु तस्करों को दी चेतावनी कहा, काम बदल दें नहीं तो अंजाम पूरा गांव भुगतेगा

■ ऑपरेशन शंखनाद-2 में एसपी मोहन की झारखंड सीमावर्ती गांव डड़गांव में दबिश , 15 मवेशी मुक्त

पायनियर संवाददाता ⮜ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com









एसपी शशि मोहन सिंह, एएसपी अनिल सोनी, एसडीओपी चंद्रशेखर परमा के नेतृत्व में पशु तस्करी करने की मुखबीर से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना प्रभारी आस्ता, लोदाम, मनोरा एवं रक्षित केन्द्र जशपुर के लगभग 45 अधि./कर्मचारियों की 04 अलग-अलग टीम बनाकर बलवा ड्रील, अश्रु गैस सामग्री के लैस होकर शुक्रवार की रात 9 बजे जशपुर-झारखंड प्रांत के सीमावर्ती ग्राम डड़गांव में वृहद स्तर पर "ऑपरेशन शंखनाद" चलाते हुए गौ-तस्करों के ठिकानों पर एक साथ चारों तरफसे घेराबंदी कर दबिश दिया गया, दबिश देने के दौरान पुलिस टीम को 15 गौ-वंश मिलने पर उन्हें सुरक्षार्थ रखवाया गया है, एवं आरोपी अकिल कुरैशी निवासी डड़गांव को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से तस्करी में प्रयुक्त कार टाटा नेक्सन क्र. ष्ट्ग 14 स्क्र 9868 को जप्त किया गया है। पुलिस टीम के आने के पूर्व तस्कर इसी कार से रेकी करता था।

**ठिकानों पर दबिश**-दबिश कार्यवाही के दौरान गांव की महिलायें पुलिस से उलझ गई, महिला पुलिस के सख्त तेवर से ग्रामीण महिलायें के तेवर ढीले पड़ गये। पुलिस की बड़ी कार्यवाही से अज्ञात तस्कर गांव छोड़कर भाग गये, पुलिस द्वारा उनके संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दिया जा रहा है।

**दूसरे काम लिप्त होने की समझाइश**-पुलिस अधीक्षक ने सख्त तेवर से समझाते हुए चेताया कि पशु तस्करी का अपराध छोड़कर अन्य काम-धंधे में लिप्त हो जाये, नहीं तो इसका अंजाम पूरा गांव भुगतेगा। यह ग्राम सीमावर्ती झारखंड से लगा हुआ है एवं ग्राम में समुदाय विशेष के लोगों की संख्या अधिक है। पुलिस के सख्त कार्यवाही से पशु तस्करों में व्यापक प्रभाव पड़ा है। आने वाले दिनों में पूरे जिले में और वृहद स्तर पर गौ-तस्करों के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी।

**दबिश में ये रहें उपस्थित** -उक्त कार्यवाही में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनी, एसडीओपी जशपुर चंद्रषेखर परमा, थाना प्रभारी लोदाम निरीक्षक राकेश यादव, थाना प्रभारी आस्ता उप निरीक्षक संतोष सिंह, चौकी प्रभारी मनोरा स.उ.नि. जय सिंह मिर्रे सहित अन्य अधि./कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

> जशपुर पुलिस द्वारा बीती रात्रि में ग्राम डंड़गांव में "ऑपरेशन शंखनाद" चलाते हुये 15 नग गौ-वंश को मुक्त कराया गया है, साथ ही तस्कर अकिल कुरैशी को गिरफ्तार कर उससे तस्करी में प्रयुक्त कार को जप्त किया गया है। तस्करी के अन्य आरोपी फरार है, पतासाजी जारी है। आने वाले दिनों में वृहद स्तर पर इस तरह की कार्यवाही की जायेगी एवं जिले को पशु तस्करों से पूर्णतः मुक्त कराया जायेगा।
>
> **-शशि मोहन सिंह, एसपी जशपुर**

# सीएम विष्णु की पहल पर पहली बार अपने घर को बिजली से रोशन देखेंगे महुवापानी के पहाड़ी कोरवा

■ आजादी के बाद विशेष पिछड़ी जनजाति कोरवा बाहुल्य गांव में पहुंचेगी बिजली

पायनियर संवाददाता ⮜ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



आजादी के लंबे इंतजार के बाद विशेष पिछड़ी जनजाति कोरवा बाहुल्य बगीचा ब्लॉक ग्राम पंचायत सूलेसा के महुआपनी में आखिरकार वह दिन आने वाला है, जब अंधेरे को चीरते हुए बिजली की रोशनी पहुंचेगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के संवेदनशील पहल की वजह से पीएम जनमन योजना के तहत इस गांव में बिजली पहुंचाने कार्य की स्वीकृति मिल चुकी है। बिजली पहुंचने वाली है यह खबर मिलते ही गांव में उत्सव का माहौल है। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया है।

## 100 से अधिक परिवारों की बसाहट

जशपुर जिला मुख्यालय से लगभग 85 किलोमीटर दूर बगीचा ब्लॉक के ग्रामपंचायत सूलेसा के महुआपनी में 100 से अधिक विशेष पिछड़ी जनजाति कोरवा समुदाय के परिवार निवासरत हैं। यह इलाका पहाड़ी क्षेत्र और जंगलों के बीच बसा है। ग्रामीणों ने गांव में बिजली नहीं होने की समस्या के बारे में मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में आवेदन दिया था। कैंप कार्यालय ने उनके मर्म को समझते हुए त्वरित कार्यवाही की। आखिरकार यहां पीएम जनमन योजना से बिजली पहुंचने वाली है।

## खबर मिलते ही झूमे लोग

पीढ़ियों से जंगलों के घने साये में जीवन गुजारने वाले कोरवा जनजाति के गांव में पहली बार बिजली की चमक दस्तक देगी जो कि यहां पर शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के नए रास्ते भी खुलेंगे। यहां के लोग दुनिया से बेहतर तरीके से रूबरू हो पाएंगे। तकनीक की समझ बढ़ेगी जो इनके जीवन में आसानी लाएगी। खबर मिलते ही उत्साहित गांव के आलु राम,भदई राम, खुलु पैकरा, और रामबिसाल यादव ने बताया की बिजली पहुंचने वाली है यह खबर हमारे लिए एक बड़ा उत्सव की तरह है। उन्होंने मुख्यमंत्री साय के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# शिवरीनारायण मे छत्तीसगढ़ी फिल्म इंडस्ट्री के कलाकारों ने दर्शन पूजन कर श्री शिवरीनारायण भगवान जी का आशीर्वाद प्राप्त किया

पायनियर संवाददाता ⮜ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com



नगर के मुख्य मंदिर श्री शिवरीनारायण भगवान भगवान मंदिर में नई छत्तीसगढ़ी फिल्म तेही मोर आशिकी के कलाकारों ने श्री शिवरी नारायण भगवान का दर्शन पूजन पर पुण्य लाभ उठाया तथा अपने आने वाली फिल्म तेहि मोर आशिकी की सफलता के लिए भगवान से प्रार्थना भी किया श्री शिवरीनारायण भगवान मंदिर के पुजारी पं. हरीश तिवारी भोगहा, पं. अभिनव तिवारी भोगहा ने श्री शिवरीनारायण भगवान की महत्ता और मंदिर के बारे में विस्तार से बताया तथा तेहि मोर आशिकी फिल्म की नायिका एल्सा घोस और चरित्र अभिनेत्री उपासना वैष्णव, रजनीश झांझी का श्री फल शाल ओढ़ाकर मंदिर के पुजारी पं.हरीश तिवारी भोगहा, पं.अभिनव तिवारी भोगहा ने सम्मानित किया तथा श्री शिवरीनारायण भगवान जी का छायाचित्र प्रदान किया। तेहि मोर आशिकी फिल्म के हीरो के अलावा अन्य कलाकारों का भी फूल माला से स्वागत कर प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर श्री शिवरीनारायण भगवान मंदिर के पुजारी पं. हरीश तिवारी भोगहा, पं. हर्षवर्धन तिवारी भोगहा अभिनव तिवारी भोगहा, हिमांशु तिवारी, दिनेश शर्मा, प्रतीक शुक्ला, आनंद केशरवानी, गोतम शर्मा, संतोष आदित्य, राजू गुप्ता, आयु केशरवानी, पिंटू भट्ट के साथ झूला झांकी झूलन महोत्सव के सदस्यगण मंदिर प्रबंधन समिति से जुड़े हुए लोग महिलाएं तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तजन बड़ी संख्या में मौजूद थे।

# जुआ खेलने वाले सात आरोपियों को पकड़ने में नवागढ़ पुलिस को मिली सफलता

पायनियर संवाददाता ⮜ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com






जुआ खेलने वाले सात आरोपियों को पकड़ने में नवागढ़ पुलिस को मिली सफ्लता। आरोपियों के कब्जे से बरामद नगदी रकम 14,000/ रुपए, 06 नग मोबाइल, 04 नग मोटर सायकल जुमला किमती लगभग 02 लाख रुपए। नवागढ़ पुलिस द्वारा मुखबिर सूचना पर घर अंदर रुपए पैसे का दाव लगाकर जुआ खेलने वालो के विरूद्ध रेड कार्यवाही किया गया जिसमे आरोपी (01) रामसिंह पिता संत राम साहू उम्र 49 साल (02) रामसरकार पिता गुडालू उम्र 40 साल (03) जनीराम साहू पिता खोलबहरा उम्र 32 साल (04) जय कुमार साहू पिता खिखराम साहू उम्र 38 साल (05) हेमंत साहू पिता सहदेव साहू उम्र 22 साल (06) रामधन दिवाकर पिता सालिक राम दिवाकर उम्र 35 साल (07) धरमराज साहू पिता पतिराम साहू उम्र 32 साल सभी निवासी कटौद थाना नवागढ़ जिला जांजगीर चांपा को पकड़ा जिसके कब्जे से जुमला नगदी रकम 14,000/ रुपए, 06 नग मोबाइल, 04 नग मोटर सायकल जुमला किमती लगभग 02 लाख रूपये को बरामद कर आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमाक 335/24 धारा 4,5 छ. ग. जुआ अधिनियम 2022 के विधिवत कार्यवाही कर न्यायालय पेश किया गया है।

# घर धर विराजित हुए विघ्नहर्ता,कोटा प्रेस क्लब में हुई गणेश प्रतिमा की स्थापना




पायनियर संवाददाता ⮜ कोटा
www.dailypioneer.com

पूरे देश में गणेश चतुर्थी का पर्व हर्षोल्लास से मनाया जाता है। हरितालिका तीज के दूसरे दिन लंबोदर श्री गणेश जी स्थापना की जाती है। बच्चे हो या बड़े हर कोई विघ्नहर्ता बप्पा को अपने घर में स्वागत करने आतुर है। इस वर्ष कोटा प्रेस क्लब भवन में भी में गणेश जी की प्रतिमा की स्थापना की गई। इस अवसर पर कोटा प्रेस क्लब में विशेष साज सज्जा की गई। शुभ मुहूर्त में मूर्ति स्थापना आचार्य हरीश चौबे द्वारा कराई गई। मूर्ति स्थापना केप्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर कोटा अंकित सोनी राजा गुप्ता, रामनारायण यादव, आर डी गुप्ता, सूरज गुप्ता, संजीव शुक्ला, विकास तिवारी, एवम प्रेस क्लब सभी सदस्य मौजूद रहे।



# गणेश उत्सव एवं पर्युषण पर्व विशेषांक



























श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री




# मोर सपना, मोर विकसित छत्तीसगढ़

# अमृत काल

# छत्तीसगढ़ विजन 2047

## विकसित राज्य की ओर एक पहल

Samvad- 41327/1



श्री विष्णु देव साय
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ के विकास के लिए अपने सुझाव एवं विचार
राज्य नीति आयोग के **नागरिक पोर्टल**
पर **QR** कोड स्कैन कर साझा करें

**हमने बनाया है, हम ही सँवारेंगे**

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in छत्तीसगढ़ जनसंपर्क


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403